RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

9644811407, 81020205990
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

Black Bichhoo

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्ष 4 अंक : 180 | ग्वालियर मंगलवार 11 फरवरी 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए

राष्ट्रपति ने बड़े हनुमान के दरबार में टेका मत्था, अक्षयवट और सरस्वती कूप का किया दर्शन

राष्ट्रपति ने देशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना के साथ मांगा बजरंगबली का आशीर्वाद

सरस्वती कूप पहुंचकर राष्ट्रपति ने किए पौराणिक सरस्वती नदी के जल के दर्शन

डिजिटल महाकुम्भ अनुभूति केंद्र का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया अवलोकन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान प्रयागराज शनि कुमार यादव

महाकुम्भ नगर। प्रयागराज की पावन धरा पर सोमवार को देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पहुंचकर पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान किया। राष्ट्रपति यहां महाकुम्भ की भव्यता व दिव्यता की साक्षी बनीं। इसके उपरांत उन्होंने अक्षयवट और सरस्वती कूप के दर्शन किये, साथ ही बड़े हनुमान मंदिर पहुंचकर श्रद्धाभाव से पूजन-अर्चन किया। इस दौरान प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे।

देशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संगम में पवित्र स्नान के उपरांत धार्मिक आस्था को और अधिक मजबूती देने के लिए अक्षयवट का दर्शन-पूजन किया। सनातन संस्कृति में अक्षयवट को अमरता का प्रतीक माना जाता है। यह हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण स्थल है, जिसकी महत्ता पुराणों में भी वर्णित है। इसके अलावा वे यहां सरस्वती कूप के दर्शन को भी पहुंचीं। उन्होंने बड़े हनुमान मंदिर में भी दर्शन-पूजन किया और देशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर के महंत और बाघंबरी पीठ के पीठाधीश्वर बलबीर गिरि ने पूरे विधि विधान से पूजन संपन्न कराया और राष्ट्रपति को मंदिर की प्रतिकृति भेंट की।

डिजिटल महाकुम्भ अनुभूति केंद्र का किया अवलोकन : आधुनिक भारत और डिजिटल युग के साथ धार्मिक आयोजनों को जोड़ने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी समर्थन दिया। वे डिजिटल महाकुम्भ अनुभूति केंद्र का अवलोकन करने पहुंचीं, जिसमें महाकुम्भ मेले की विस्तृत जानकारी तकनीकी माध्यमों से उपलब्ध कराई जा रही है। देश-विदेश के श्रद्धालुओं को महाकुम्भ के अद्भुत आयोजन को और अधिक निकटता से अनुभव करने के लिए इसे स्थापित किया गया है। राष्ट्रपति ने स्वयं इसका अनुभव किया। वहीं, मुख्यमंत्री ने उन्हें केंद्र की विशेषताओं से अवगत कराया।

माँ भुवनेश्वरी देवी के दरबार मे आयोजित हुआ विशाल भंडारा

ओमप्रकाश परमार,

देवास। हरणगांव क्षेत्र के ग्राम गनोरा में पहाड़ी पर विराजित माँ भुवनेश्वरी के दरबार में जनसहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें आसपास के गांवों से हजारो की संख्या में श्रद्धालु भोजन प्रसादी ग्रहण करने पहुचे। रामगोविन्द मोरछले ने बताया यहाँ पर शिव शक्ति यज्ञ का कार्यक्रम व विशाल भंडारे का आयोजन मां भुवनेश्वरी के धाम में इक्कीस वर्षो से निर्विध्न आयोजित होता आ रहा है। भंडारे के एक दिन पूर्व रात्रि जागरण के साथ ही भजन मंडलियों द्वारा भजन कीर्तन भी किया जाता है।

21 वर्षों से लगातार हो रहा भंडारा : ग्राम गनोरा स्थित पहाड़ी पर मां भुनेश्वरी व भोलेनाथ का भव्य मंदिर प्रांगण में 21 वर्षों से यहां भंडारे का सफल आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्र का प्रख्यात मंदिर होने से आसपास से करीब आसपास के गांव से हजारो श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए आते है ओर भंडारे में भोजन प्रसादी ग्रहण करते है।

दूर दूर से आते श्रद्धालू : भंडारे के आलावा प्रतिदिन यह दूर दूर से श्रद्धालु यहाँ पहुंचते है, ओर अपनी मन्नत के अनुसार यहाँ दान दक्षिणा, तुलादान आदि करवाते है।

ग्राम मेंगरा कला के दर्जनों श्रद्धालुओं ने पदयात्रा कर प्रयागराज महाकुंभ पहुंच कर चढ़ाई धर्म ध्वजा,, किया अमृत स्नान

क्षेत्रीय जिला पंचायत के सदस्य विनय मेहर ने पुष्प वर्षा कर और भगवा गमछा पहनाकर किया स्वागत,,

केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा.9425727854

बैरसिया क्षेत्र के ग्राम मेंगराकला के दर्जनों श्रद्धालुओं ने लगभग 21 दिनों की पदयात्रा कर धर्म ध्वजा हाथ में लेकर प्रयागराज के महाकुंभ में पहुंचकर धर्म ध्वजा चढ़ाई और गंगा मैया में अमृत स्नान किया सभी श्रद्धालुओं के वापस अपने ग्राम में प्रवेश के दौरान सभी ग्राम वासियों ने घर-घर उनका पुष्प वर्षा कर एवं ढोल नगाड़ों से स्वागत सम्मान किया

और धर्म की जय हो के नारे लगे वहीं दूसरी ओर क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य विनय मेहर ने ने भी अपने साथियों के साथ ग्राम के श्री हनुमान मंदिर पहुंचकर पुष्प वर्षा एवंफूलों की माला पहनाकर भगवा वस्त्र पहनाकर सभी का स्वागत अभिनंदन किया 21 दिनों की पदयात्रा करने वालों में चंदर सिंह सिसोदिया मनफूल सिंह सिसोदिया जसवंतसिंह सिसोदिया शंकर सिंह राजपूत जगपाल सिंह राजपूत रघुवीर सिंह परमार साहू आकाश राजपूत शेर सिंह राजपूत तारण सिंह राजपूत दीपक ठाकुर जगदीश साहू कैलाश साहू थे

जीवन में आना चाहते है किसी के काम तो करे रक्तदान

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

ग्वालियर- वी केयर एनजीओ ने केशर टॉवर्स ने लगाया रक्तदान शिवर जिसमें शॉपर स्टॉप, रिलायंस, डी.आई. वाई , पी.वी.आर, जैसी संस्थाओं ने हिस्सा लिया यह कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर की गई संस्था के अध्यक्ष श्री एस एन शुक्ला जी ने सभी को प्रेरणा दी जे एच ब्लड बैंक के डॉक्टर ने भी रक्तदान के लाभ समझाए और माताओं द्वारा रक्त न देने से रोके जाने पर समझाइश भी दी की रक्त देने से कम नहीं होता अपितु नया रक्त बनता जिससे बीमारियों का नाश होता है इस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष संदीप रावत,सचिव भास्कर शर्मा, मीडिया प्रभारी सागर नाती,जुगल किशोर,योगेश पचौरी, हरीबाबू करोठिया, संतोष झा, बंटी वर्मा, नंदकिशोर शर्मा भूपेंद्र मीणा आदि लोग उपस्थित रहे

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देवास में जल कलश यात्रा में की सहभागिता

ओमप्रकाश परमार

देवास। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोनकच्छ विधानसभा में निकली जा रही जल कलश यात्रा में सहभागिता की। भव्य कलश यात्रा का नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने चंबल नदी के जल, कालीसिंध नदी के जल और पार्वती नदी के जल से युक्त कलश के जल को बड़े कलश में प्रवाहित कर जल कलश यात्रा का समापन किया। कलश यात्रा में 300 से अधिक महिलाएं शामिल थी। इस अवसर पर विधायक राजेश सोनकर, खातेगांव विधायक आशीष शर्मा, मनोज चौधरी, मुरली भंवरा, रायसिंह सेंधव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कलेक्टर ऋतुराज सिंह, एसपी पुनीत गेहलोद सहित अधिकारीगण उपस्थित थे।

उल्लेखनीय हैं कि मध्यप्रदेश और राजस्थान को समृद्ध और किसानों को खुशहाल बनाने वाली पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना के लिये त्रि-स्तरीय अनुबंध प्रधानमंत्री श्री मोदी की मौजूदगी में जयपुर में हुआ था। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नदी जोड़ो अभियान के स्वप्न को साकार करने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश और राजस्थान के बीच समझौता कराते हुए पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना को मूर्त रूप दिया। यह परियोजना मध्यप्रदेश के देवास, गुना, शिवपुरी, सीहोर, राजगढ़, उज्जैन, आगर-मालवा, इंदौर,

शाजापुर, मंदसौर एवं मुरैना के किसानों को सिंचाई के लिये भरपूर पानी और पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी। इससे किसानों के जीवन में खुशहाली आने के साथ उनकी फसलें भी लहलहा उठेंगी। संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना से सोनकच?छ विधानसभा में किसानों के जीवन का सपना पूरा करने का कार्य किया गया है।

रणजीत सागर कॉम्पलेक्स सिंचाई परियोजना से 36 हजार 500 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हो सकेगी । पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना अंतर्गत रणजीत सागर कॉम्पलेक्स सिंचाई परियोजना अनुमानित लागत 02 हजार 182 करोड़ है। रणजीत सागर कॉम्पलेक्स सिंचाई परियोजना से 36 हजार 500 हेक्टेयर में सिंचाई हो सकेगी। इससे 74 ग्राम लाभान्वित होंगे, जिसमें देवास जिले के 68 गांव और उज्?जैन जिले के 06 गांव शामिल है। इस परियोजना से मुख्य रूप से देवास जिले में सिंचाई, पेयजल, मत्स्य पालन एवं औद्योगिक प्रयोजन के लिए पानी की आपूर्ति की जाएगी। राज्य शासन की यह एक बड़ी उपलब्धियों में शामिल है।

श्रीमहाकालेश्वर मंदिर में रजत मुकुट दान में प्राप्त

डॉ संजय जोशी, केसरिया हिंदुस्तान

उज्जैन। श्री महाकालेश्वर मंदिर में दान की श्रृंखला में सोमवार शुक्ल पक्ष प्रदोष के दिन कोल्हापुर के भक्त परिवार गौरी कैलाश द्वारा मंदिर के पुजारी पं. डॉ दिनेश गुरुजी की प्रेरणा से श्री महाकालेश्वर भगवान को एक नग रजत (चांदी) मुकुट भेंट किया गया। दिनेश गुरुजी ने भक्त परिवार की मनोकामना पूर्ण होने पर आशीर्वाद दिया। वहीं श्रीमहाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से वीरेन्द्र शर्मा द्वारा प्राप्त कर दानदाता का सम्मान कर विधिवत रसीद प्रदान की गई।

19 फरवरी को शिवाजी की भव्य शोभा यात्रा को लेकर सर्व समाज की हुई बैठक जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश प्रताप सिंह लाला रहे मुख्य रूप से उपस्थित

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

कुर्मी क्षत्रिय समाज की 19 फरवरी को शिवाजी की भव्य शोभायात्रा को लेकर सर्व समाज की बैठक प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश प्रताप सिंह लाला भैया के मुख्य अतिथि एवं डा दुर्योधन सिंह अध्यक्ष कुर्मी क्षत्रिय समाज की

अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में शोभायात्रा को लेकर रणनीति तैयार की गई बैठक में संगठन के सभी पदाधिकारियों से अनुरोध किया गया है कि 19 फरवरी को दोपहर 12 बजे टाऊन हॉल के मैदान में ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को लेकर पहुंचे ताकि कार्यक्रम भव्य रूप सफल हो सके

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्रावासों मेंमिलने वाले भोजन की गुणवत्ता से संबंधित शिकायत दमोह हेल्पलाइन नंबर 07812-350300 पर दर्ज कराई जा सकती है

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

दमोह - कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा है जिले में संचालित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्रावासों में छात्रों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता से संबंधित शिकायतों को दमोह हेल्पलाइन नंबर 07812-350300 पर दर्ज कराया जा सकता है। शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

धूमधाम से मनाया गया माँ रणकौशला देवी का जन्मोत्सव, हज़ारो की संख्या में उमड़ा भक्तो का जनसैलाब

दबोह। भिंड जिले के उत्तरप्रदेश की अंतिम सीमा सिरसागण के वीर मलखान की तपोभूमि ग्राम अमाहा क्षेत्र दबोह जिला भिंड में शक्तिपीठ माँ रणकोशला देवी का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया।आज के दिन देवी माँ की नवीन प्रतिमा की प्राणप्रतिष्ठा की गई थी तभी से सभी धर्मप्रेमी शुल्क पक्ष की तेरस को माँ रणकौशला माता का जन्मोत्सव मनाते हैं।वहीँ सोमबार को सुबह से ही भक्तो का मन्दिर पर जाने का सिलसिला शुरू हुआ और देर रात्रि तक चलता रहा।माँ जगतजननी के जन्मोत्सव पर विधिविधान से माता का अभिषेक गया तदोपरांत हवन,पूर्णाहुति,माँ का विशेष मनमोहक श्रृंगार उसके बाद

दिव्य महाआरती की गई व 56 भोग भी लगाया गया।जिसके बाद विशाल भण्डारा भी आयोजित हुआ।जिसमें हजारों की संख्या में सन्त,महात्माओं समेत क्षेत्रवासियों व ग्रामवासियों ने प्रसादी ग्रहण की।आपको बता दें कि मां के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में कथा प्रवचन का आयोजन मन्दिर प्रांगण में आयोजित किया गया..!

मां की महिमा है अपरम्पार :-

यहाँ बता दे कि प्राचीन आल्हा उदल के समय से प्रसिद्ध स्थापित देवी माँ की प्रतिमा सिद्ध मन्दिर रेहकोला देवी के नाम से दूर दराच क्षेत्र में चर्चित हैं यहाँ आज भी भक्तो की मनोकामनाये पूरी होती हैं बृहम महूरत में आज भी नित्य बीर मलखान माँ की आराधना व् पूजा अर्चना करने सुरंग के मुख्य द्वार से आते हैं।इस सुरंग का द्वार सिरसागण से माँ के दरवार तक धरती के अंदर बताया जाता है।मन्दिर के पुजारियो की माने तो यहाँ नित्य मन्दिर में सुबह के समय पूजा की सामग्री पुष्प आदि मन्दिर में अर्पित मिलता है।

दिन में तीन रूपो में होते हैं माँ के दर्शन :-

यहाँ भक्तो को माता दिन में तीन रूपो में भक्तो को दर्शन देती हैं माँ का सुबह के समय अलग रूप होता है।मध्याबकाश के बाद अलग और सन्ध्या के अलग रूप में भक्तो को दर्शन होते हैं।जो लोग सच्चे मन से माँ से अर्जी लगातें हैं संकटहरनी माँ उनकी मनोकामनाये निश्चय ही पूरी करती हैं।साथ ही बता दें कि मन्दिर पर सत्चण्डी महायज्ञ का आयोजन भी कई बार हो चुका है यहाँ उत्तरप्रदेश-मध्यप्रदेश व राजस्थान के बिभिन्न जिलो से दर्शनार्थी आते हैं।बर्ष में तीन बार नबमी के दिन बिशाल मेला का आयोजन किया जाता है।जिसमे कई हजारो की संख्या में भक्तगण आते हैं।

भारतीय सैना के पूर्व कैप्टन रामवाहदुर सिंह वने भूतपूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान

लहार नगर के अग्रसेन गार्डन में आयोजित पूर्व सैनिक संघ की मिटीगं में सर्वसहमति से भारतीय सैना के पूर्व कैप्टन ग्राम केशवगण के निवासी रामवाहदुर सिंह राजावत को भूतपूर्व सैनिक संघ लहार ब्लाक का अध्यक्ष नियुक्त किया गया पूर्व अध्यक्ष द्वारा नव निर्वाचित अध्यक्ष के नाम की घोषणा की गई मिटीगं में उपस्थित सभी भूतपूर्व सैनिकों ने अपने नव निर्वाचित अध्यक्ष का फुलमालायें पहना कर जोरदार स्वागत किया इस अवसर पर सभी सैनिक साथियों का आभार व्यक्त करते हुए रामवाहदुर सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा की संगठन द्वारा मुझे जो जिम्मेदारी सौपी गई है में उसका सत्य निष्ठा से निर्वाहन करुंगा और मैं हर वक्त हर सुख-दुख में अपने साथियों के साथ खड़ा रहुगा फौजी साथियों का

हर संभव सहयोग करने के साथ साथ भूतपूर्व सैनिक संघ की सहभागिता से समाज हित एवं जरुरतमंदो की साहायता के सेवा कार्यों में भी अहम भूमिका निभाई जायेगी दलगत राजनीति और जातिवाद के भेदभाव से उपर उठकर आपसी सद्भावना भाईचारे के साथ भूतपूर्व सैनिक संघ पूर्व सैनीको के हित में अपनी कार्ययोजना को क्रियान्वित करने के लिए द्रण संकल्पित रहेगा।

रोटरी क्लब द्वारा मिशन राहत 2 के तहत अम्बाह, दिमनी, खड़ियाहार में लगेंगे स्वास्थ्य शिविर

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से पवन किरार ग्रामीण ब्यूरो मुरैना

अम्बाह। रोटरी क्लब द्वारा मिशन राहत-2 के तहत जिले में 19 स्थानों पर 28 फरवरी तक स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। जिसके तहत 13 एवं 14 फरवरी को अम्बाह में, 18 फरवरी को दिमनी और खड़ियाहार मे शिविर लगाए जाएंगे। इन स्वास्थ्य शिविरों में विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का विषय विशेषज्ञों द्वारा बीमारियों का इलाज किया जाएगा। जिससे अधिक से अधिक लोग शिविर का लाभ उठा सकें। स्वास्थ्य शिविर में आने वाले लोगों की जानकारी गूगल सीट पर प्रति दिवस फीड की जाएगी, जो किसी न किसी बीमारी

शास्त्रों का ज्ञान बच्चों के जीवन में अध्यात्मिक चेतना जागृत करता है : घनश्याम शास्त्री

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

गव्वालियर। माधव वाल निकेतन वृद्ध आश्रम में आयोजित चंबल संभाग की पहली श्री खाटू श्याम कथा में सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित घनश्याम शास्त्री महाराज ने कहा कि हमारे जीवन में माता-पिता और बुजुर्गों का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके आशीर्वाद से ही हमारी राह रोशन होती है और जीवन में सच्ची सुख-शांति का अनुभव होता है। यदि आप बैठें हों और माता-पिता का आगमन हो, तो तुरंत खड़े हो जाइए, माता-पिता के चरणों में बैठकर उनके आशीर्वाद का लाभ उठाना चाहिए। यह छोटी सी बात, आपके जीवन में विनम्रता और

आदर्श की नींव रखती है। हमारे बच्चों को शास्त्रों का गहन अध्ययन करना बेहद जरूरी है। वेद, उपनिषद, भागवद गीता और अन्य शास्त्रों के दर्शन न केवल जीवन के सही मार्ग को समझने में मदद करते हैं, बल्कि यह उन्हें नैतिकता, धर्म और आदर्शों से भी जोड़ते हैं। शास्त्रों का ज्ञान बच्चों के जीवन में अध्यात्मिक चेतना जागृत करता है और उन्हें सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। प्रयागराज, जहाँ तीन पवित्र नदियाँ ङ्क गंगा, यमुना और सरस्वती ङ्क मिलकर संगम करती हैं, यह स्थान भारत के सबसे पवित्र तीर्थ स्थलों में से एक है। यहां चलने, रहने और संगम में स्नान करने का अपार पुण्य है। संगम में डुबकी लगाना केवल शारीरिक शुद्धि का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि और ईश्वर की कृपा का आह्वान भी है। यह पवित्र स्थल जीवन के हर पथिक को सत्य, शांति और मोक्ष की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करता है इस अवसर पर नूतन श्रीवास्तव,पवन भटनागर ,प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ,नवनियुक्ति जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया,पूर्व जिला अध्यक्ष कमल माखीजानी, जितेंद्र राजावत,राहुल भदोरिया,हरिओम शर्मा ने आरती की

गौमाता के प्रति अपार श्रद्धा का भाव रखते राघवेंद्र सोलंकी

पूरे देश में जगह-जगह जाकर गौशालाओं को देते दान

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान

लहार विधानसभा के ग्राम चिरुली के निवासी सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रतिष्ठित व्यवसाई राघवेन्द्र सौलकीं गौमाता के प्रति अपार श्रद्धा का भाव रखते हैं और समय-समय पर देशभर में जगह जगह जाकर गौशालाओं में दिल खोलकर दान देते हैं सामान्य किसान परिवार से निकलकर राजस्थान प्रदेश में

लिफ्ट मशीन का बड़ा करोवार स्थापित करने वाले गौभक्त राघवेन्द्र सिंह बताते हैं की गौमाता की सेवा करने का सौभाग्य हमे बचपन से प्राप्त हुआ गौमाता की कृपा से ही हमारे जीवन में सुख समृद्धि आईं और हमारा व्यवसाय दिन दूना रात चौगना बड़ता गया गौसेवा कार्य के लिए दान देकर मन को अत्यंत प्रसन्नता होती है हर व्यक्ति को यथासंभव देव स्वरूप गौमाता की सेवा करके परब्रह्म परमात्मा का आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए।

पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन विभाग ने पूर्व छात्र सम्मेलन का किया आयोजन

ग्वालियर। जीवाजी विश्वविद्यालय के पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन विभाग ने पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया।इस कार्यक्रम से पूर्व छात्रों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को सार्थक संबंधों, प्रेरणा और उत्सव से भरे एक दिन के लिए एक साथ उपस्थित होने का मौका मिला। इस भव्य पुनर्मिलन समारोह में डॉ.पीके जैन,डॉ.कृष्णा नरवरिया, शिखा धाकड़,डॉ.शिप्रा चौहान, डॉ.वंदना शुक्ला, डॉ.नेहा शर्मा सहित संकाय सदस्यों की उपस्थिति ने चार चांद लगा दिए।पूर्व छात्रों ने वर्तमान में अध्ययरत छात्रों को भविष्य में टूरिज्म में स्कोप के बारे में बताया और अपने यहां जॉब ऑफर की।पूर्व छात्रों को पुराने दोस्तों से फिर से जुड़ने,पुरानी यादों को ताजा करने और विभाग की विरासत का जश्न मनाने का मौका मिला। पुरानी यादों को ताजा करने वाली फोटो प्रदर्शनी और यादगार वस्तुओं ने विभाग की यात्रा को दर्शाया, जिससे उपस्थित लोगों में गर्व और पुरानी यादें ताजा हो गईं।प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों ने प्रेरक वार्ता की, अपनी पेशेवर यात्रा और उपलब्धियों को साझा किया, जबकि सांस्कृतिक प्रदर्शन और मनोरंजन ने समारोह में जीवंतता ला दी। इस कार्यक्रम में नेटवर्किंग के अवसरों पर भी जोर दिया गया, जिससे पूर्व छात्र पर्यटन और संबंधित उद्योगों के भीतर नए कनेक्शन और सहयोग को बढ़ावा दे सकें। पर्यटन, स्टार्टअप, सोशल मीडिया प्रभावितों और युवा नेतृत्व सहित विविध क्षेत्रों के पूर्व छात्रों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

जयश्वर महादेव मेला अम्बाह का शुभारंभ 20 फरवरी से होगा शुरू

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से पवन किरार ग्रामीण ब्यूरो मुरैना

अम्बाह। नगर पालिका द्वारा इस वर्ष 20 फरवरी से जयेश्वर महादेव मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेला लगने की अवधि 23 दिन की रहेगी। जिसके लिए टेंडर प्रक्रिया 12 फरवरी तक पूर्ण कर ली जाएगी। यहां बता दें कि लगातार तीसरी वर्ष मेला ठेका पद्धति से लगाया जा रहा

है। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। नपाध्यक्ष अंजलि जिनेश जैन ने बताया कि 20 फरवरी से शुरू हो रहे मेले के दौरान नेहरू पार्क के पीछे बने रंगमंच पर 13 मार्च तक रासलीला। इसके अलावा होली गायन, रामलीला सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। नपा अध्यक्ष ने बताया कि मेले के आयोजन के लिए समितियां गठित कर जिम्मेदारियां दी जाएंगी। 18 फरवरी तक दुकान आवंटित करने की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। वर्तमान में नगर पालिका के स्तर पर मेला लगाने के टेंडर आमंत्रित किए गए हैं। लेकिन अभी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का कैलेंडर नहीं बन पाया है। 10 फरवरी के बाद टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने पर 20 फरवरी को मेला का शुभारंभ हो जाएगा। इसके बाद यह मेला 13 मार्च तक अनवरत चलेगा।

करन इन्टरनेशनल स्कूल अंबाह में रेनबो एनुअल फंक्शन हुआ संपन्न

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन

अम्बाह। करन इन्टरनेशनल स्कूल अंबाह में वार्षिक उत्सव मनाया गया जिसमें बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। प्रस्तुतियों में राजस्थानी नृत्य सहित कई मनमोहक झांकियां देखने के लिए मिली जिसमें बच्चों पर होने वाले मोबाइल के दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला साथ ही बच्चों ने दर्शकों को save girl child का संदेश भी दिया। कार्य क्रम की मुख्य अतिथि स्त्रह. राजेश्वरी सावंत (प्रिंसिपल ग्वालियर ग्लोरी

हाई स्कूल) रही। स्कूल डायरेक्टर कपिल सिंह तोमर ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। व्यवस्थाएं देखने में रमाकांत शर्मा ,शिवकुमार सिकरवार एवं स्कूल स्टाफ सक्रिय रहा।

रोटरी क्लब द्वारा मिशन राहत 2 के तहत अम्बाह, सिविल अस्पताल में 13 एवं 14 लगेंगे स्वास्थ्य शिविर

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन

अम्बाह।रोटरी क्लब द्वारा मिशन राहत-2 के तहत जिले में 19 स्थानों पर 28 फरवरी तक स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। जिसके तहत 13 एवं 14 फरवरी को अम्बाह में, 18 फरवरी को दिमनी और खड़ियाहार मे शिविर लगाए जाएंगे। इन स्वास्थ्य शिविरों में विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का विषय विशेषज्ञों द्वारा बीमारियों का इलाज किया जाएगा। जिससे अधिक से अधिक लोग शिविर का लाभ उठा सकें। स्वास्थ्य शिविर में आने वाले लोगों की जानकारी गूगल सीट पर प्रति दिवस फीड की जाएगी, जो किसी न किसी बीमारी से ग्रसित है। उनको इलाज के लिए सचिव, जीआरएस, वार्ड प्रभारी आवश्यक रूप से शिविर में पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे।

यूथ हॉस्टल्स ने छात्राओं को कराई तपोवन जंगल ट्रेकिंग

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान, 9009601101

ग्वालियर। तपोवन जंगल के सुरम्य में वातावरण में पक्षियों की कलरव और पेड़ पौधों की सुगंध के बीच सिंधिया कन्या विधालय की छात्राओं के लिए यूथ हॉस्टल ग्वालियर द्वारा जंगल ट्रैकिंग का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 180 छात्राओं व टीचर सहित 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया।एसोसिएशन के सचिव रामनारायण मिश्रा ने बताया कि यूथ हॉस्टल एसोसिएशन अंतरराष्ट्रीय संस्था है, यह एडवेंचर कार्यक्रम सम्पूर्ण भारत में वर्ष भर अलग अलग हिल स्टेशन व दुर्लभ स्थानों पर आयोजित करती है। इसी कड़ी में नेचर तपोवन जंगल ट्रैकिंग आयोजित की गई। जंगल की कंटीली झाड़ियां के बीच सभी प्रतिभगी पक्तिबद्ध होकर पशु पक्षियों को निहारते हुए ऊंचे नीचे पथरीले रास्तों पर चलते हुए ट्रैकिंग का आनंद लेते रहे। पक्षियों के लिए नियत स्थान पर दाना डाला गया और सकौरो में पानी भी

भरा गया। जंगल ट्रैक हनुमान मंदिर कैंसर पहाड़ी से प्रारंभ होकर वन विभाग द्वारा तैयार नेचर ट्रैक से होते हुए फॉरेस्ट ऑफिस तक पहुँचे और वहां से वापस हनुमान मंदिर पर ही समाप्त हुआ, इस अवसर पर सिंधिया कन्या विद्यालय की स्पोर्ट टीचर सुमन चौधरी, संस्था सचिव एवं प्रदेश उपाध्यक्ष रामनारायण मिश्रा एवं गौरव सिंघल द्वारा सभी को संस्था की गतिविधियों की जानकारी प्रदान की गई। ट्रेकिंग कार्यक्रम में सतीश अग्रवाल, भूपेंद्र शर्मा,गौरव सिंहल, सुनील राय, का विशेष योगदान रहा।

देश की विशेषता धर्म एवं अध्यात्म - श्री शुक्ल त्याग एवं समर्पण हमारे समाज के आधारभूत स्तंभ प्राचीन प्राकृत भाषा के संरक्षण के लिये उठाये जायेंगे महत्वपूर्ण कदम

उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल मुरैना जिले के सिहोनिया में श्री मज्जिनेंद्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्वशांति महायज्ञ समारोह में हुए शामिल

मुरैना। हमारे देश की विशेषता धर्म एवं अध्यात्म है। भारत की इस ताक़त के आगे सभी देश नतमस्तक है। यह बात उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मुरैना जिले के सिहोनिया जैन मंदिर के पंचकल्याण प्रतिष्ठा में सम्मिलित हो कर कही। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंदिर में दर्शन कर प्रांगण का भ्रमण किया एवं जैन मुनिश्रीयों का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि चौबीसों तीर्थंकरों भगवान आदिनाथ स्वामी से लेकर महावीर स्वामी तक की परंपराओं एवं संस्कृति को आगे ले जाने का कार्य श्री वसुनंदी जी महाराज ने किया है। उनके दर्शन पा कर मैं कृतार्थ एवं गौरवान्वित हूँ। उन्होंने कहा हमारे देश का आर्थिक

विकास काफ़ी तेज़ी से हो रहा है। विकास के इस दौर में वसुनंदी महाराज जैसे महापुरुषों का आशीर्वाद लेकर हमें आगे बढ़ना होगा तभी यह विकास हमारे लिए अभिशाप ना बनकर हमें संपन्न बनायेगा। वसुनंदी जी महाराज के कहे अनुसार गौमाता की रक्षा एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा मिले यह सोच बहुत जमीनी स्तर की है, हमारी सरकार गौवंश के संरक्षण एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये तत्पर है। ये सभी लक्ष्य नि:स्वार्थ भाव से प्राप्त करना तभी संभव है जब हम अध्यात्म के रास्ते चलकर अहिंसा के मार्ग पर चलेंगे। उन्होंने कहा कि जैन दर्शन नीचे देखकर चलना सिखाता है एवं इंसान को झुके रहने की सीख देता है। इस दर्शन में एक चींटी का जीवन भी अमूल्य है। महापुरूषों का समर्पण त्याग की पराकाष्ठा का एक अंश भी यदि हम अपने जीवन में उतार लें तो हमारा मानव जीवन सफल हो जाएगा एवं नि: स्वार्थ भाव से हम प्रकृति की सेवा कर सकेंगे व जीवन को सफल बना सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्राकृत भाषा के विकास के लिये महत्वपूर्ण कदम सरकार द्वारा उठाये जायेंगे। उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सिहोनिया मंदिर स्थान एक मात्र तीर्थ स्थान है जिसे वहीं बनाया गया है जहाँ पर पवित्र मूर्तियाँ प्राप्त हुई है। ऐसे स्थानों में भगवान का वास होता है। इन स्थानों के विकास से समाज भी विकसित होता है। महामारी एवं प्राकृतिक आपदायें तभी आती हैं, जब हम अध्यात्म के रास्ते पर चलना छोड़ देते है। उन्होंने कहा कि इस बड़े समारोह में 187 से ज्यादा प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा के संपन्न होने एवं प्रतिमायों की स्थापना होने से समाज का कल्याण होगा। मैं खुद को बहुत सौभाग्यशाली समझता हूँ, जो मुझे यहाँ आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन के पात्र हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित की

सीधी जिले की 2 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में 25 करोड़ 89 लाख से अधिक की राशि डाली गई

सीधी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के देवास में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को रूपये 1553 करोड़ की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से उनके बैंक खातों में अंतरित की गई। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजनान्तर्गत प्रदेश के 81 लाख से अधिक किसानो को 1624 करोड़ की राशि का अंतरण किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से 56 लाख से अधिक सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को 337.42 करोड़ रुपए की राशि भी जारी की। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अन्तर्गत सीधी जिले की 02 लाख 10 हजार 966 पात्र महिलाओं के खाते में प्रति महिला एक हजार 250 रूपये के मान से 25 करोड़ 89 लाख 03 हजार 300 रूपये की राशि अंतरित की गई। कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष से प्रभारी परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास सीधी क्रमांक 1 आशा तिवारी, मुख्यमंत्री किसान कल्याण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राही तथा लाड़ली बहनों द्वारा सहभागिता की गई।

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत जिले में 02 लाख 10 हजार 966 पात्र हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित की गई है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अन्तर्गत जनपद पंचायत कुसमी में 17 हजार 528 महिलाओं, जनपद पंचायत मझौली में 29 हजार 390, जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में 44 हजार 395, जनपद पंचायत सीधी में 54 हजार 883 तथा जनपद पंचायत सिहावल में

51 हजार 838 महिलाओं के खाते में 1250 रूपये के मान से राशि अंतरित की गई। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के साथ ही नगरीय क्षेत्र की महिलाओं को भी लाभांवित किया गया। इसमें नगर पालिक सीधी में 06 हजार 220, नगर परिषद चुरहट में 02 हजार 447, नगर परिषद मझौली में 02 हजार 106 तथा नगर परिषद रामपुर नैकिन में 02 हजार 159 महिलाओं के खाते में 1250 रूपये प्रत्येक महिला के मान से राशि अंतरित की गई। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना अंतर्गत जिले के 1 लाख 21 हजार 827 पात्र हितग्राहियों के खातें में 24 करोड़ 36 लाख 54 हजार रूपये की राशि अंतरित की गई। तहसील रामपुर नैकिन के 24519, मझौली के 22554, गोपद बनास के 21994, सिहावल के 16736, बहरी के 13876, चुरहट में 11705 एवं कुसमी के 10443 पात्र हितग्राहियों के खाते मे राशि अंतरित की गई।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत जिले के 107162 पात्र हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित की गई :-

राज्यस्तरीय कार्यक्रम में सीधी जिले के 01 लाख 07 हजार 162 पात्र हितग्राहियों के खाते में 06 करोड़ 42 लाख 97 हजार 200 रूपये की राशि अंतरित की गई। जनपद पंचायत कुसमी के 7260, मझौली के 13622, रामपुर नैकिन के 22435, सीधी के 28514 एवं सिहावल के 29278 पात्र हितग्राहियों को 600 प्रति हितग्राही के मान से राशि अंतरित की गई। इसी प्रकार नगरीय निकाय अंतर्गत सीधी के 2523, मझौली के 1178, चुरहट के 1274 एवं रामपुर नैकिन के 1078 पात्र हितग्राहियों के खाते मे राशि अंतरित की गई। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना के 55957, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 12123, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तजन योजना के 2278, मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना के 711, मंदबुद्धि/वहुविकलांग को आर्थिक सहायता योजना के 1657, सामाजिक सुरक्षा पेंशन वृद्धा योजना के 9066, सामाजिक सुरक्षा पेंशन परित्यक्ता पेंशन योजना के 291, सामाजिक सुरक्षा पेंशन निःशक्त पेंशन योजना के 7439, दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन सहायता राशि के 2383, सामाजिक सुरक्षा पेंशन कल्याणी पेंशन योजना के 15244 एवं मुख्यमंत्री अविवाहिता पेंशन योजना के 13 हितग्राहियों के खाते में 600 रूपये के मान से राशि अंतरित की गई।

शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें : सीईओ जिला पंचायत

सीधी। समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज द्वारा सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि सभी विभाग प्रमुख अपने विभाग से संबंधित शिकायतों की नियमित समीक्षा करेंगे। स्वयं भी शिकायतकर्ताओं से संपर्क करेंगे तथा अधिक से अधिक शिकायतों का संतुष्टि के साथ निराकरण सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने आगामी एक सप्ताह में अभियान चलाकर अधिक से अधिक शिकायतों को संतुष्टि के साथ निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। सीईओ जिला पंचायत ने सीएम मोनिट में चिन्हित प्रकरणों को तत्परता से निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। सीईओ जिला पंचायत द्वारा समस्त

उपखण्ड अधिकारियों तथा पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सर्वे का कार्य किया जा रहा है। सर्वे कार्य की सतत निगरानी रखते हुए यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित नहीं रहे। इस कार्य में उदासीनता या लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरूद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

बोर्ड परीक्षाओं में रखें कड़ी निगरानी :-

अपर कलेक्टर ने कहा कि आगामी समय में जिले में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के साथ-साथ कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षाएं सम्पन्न होनी है। सभी बोर्ड परीक्षाओं की सुचिता बनी रहे तथा शांतिपूर्ण ढंग से निर्विघ्न परीक्षाएं सम्पन्न हों। जिले में पेपर लीक या सामूहिक नकल जैसी घटनाएं नहीं हों अपर कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को बोर्ड परीक्षाओं के दौरान कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान प्रायवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ अजय मिश्रा भी उपस्थित रहें। अपर कलेक्टर ने कहा कि आगामी रविवार 16 फरवरी को म.प्र. लोक सेवा आयोग की परीक्षा का आयोजन जिला मुख्यालय के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में किया जायेगा। परीक्षा केन्द्रों के निगरानी के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सभी अधिकारी इस आशय का प्रमाण पत्र अवश्य देंगे कि उनके परिवार का कोई भी सदस्य परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो रहा है। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल एसपी मिश्रा सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते वाहनों को जब्त कर प्रकरण पंजीबद्ध करने की कार्यवाही की गई

सीधी। अवैध उत्खनन एवं परिवहन की प्राप्त शिकायत पर कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार उपखण्ड अधिकारी गोपदबनास नीलेश शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में राजस्व-खनिज संयुक्त दल द्वारा रविवार दिनांक 09.02.2025 ग्राम पडरा तहसील गोपद बनास का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उक्त ग्राम में महान नगर के किनारे जेसीबी क्रमांक न्ब्3म्ज्8420, टाटा 407 क्रमांक डब्3ळ।1841, टाटा 407 क्रमांक डब्3ळ।2462 व बिना नंबर का ट्रैक्टर इंजन क्रमांक ब्श्र 1354ध्ैठळ05184 चेसिस क्रमांक डठछ।झ48।ब्स्ज्ळ41329 खनिज पत्थर का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पाए गए। जांच दल को देखकर मौके से जेसीबी मशीन, ट्रैक्टर व वाहन टाटा 407 क्रमांक डब्3ळ।1841 के ऑपरेटर व वाहन चालक मौके पर वाहनों में लोड खनिज को अनलोड कर मशीन व वाहनों को छोड़कर भाग गए तथा टाटा 407 क्रमांक डब्3ळ।2462 मय खनिज पत्थर मौके से फरार हो गया। अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त समस्त वाहनों व मशीन के स्वामियों के विरुद्ध म. प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। मौके पर लावारिस खड़े जेसीबी क्रमांक न्ब्3म्ज्8420, टाटा 407 क्रमांक डब्3ळ।1841, बिना नंबर का ट्रैक्टर इंजन क्रमांक ब्श्र 1354ध्ैठळ05184 चेसिस क्रमांक डठछ।झ48।ब्स्ज्ळ41329 को मेकैनिक, ऑपरेटर तथा वाहन चालकों की व्यवस्था कर सुरक्षार्थ थाना जमोड़ी में खड़ा कराया गया है।

एमपी ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर 14 फरवरी तक समस्त सेवाएं बाधित रहेगी

सीधी। जिला प्रबंधक लोक सेवा ने जानकारी देकर बताया है कि एमपी ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल का नए सर्वर इन्फ्रा (एसडीसी 2.0) पर माइग्रेशन की प्रक्रिया किये जाने के लिए दिनांक 07.02.2025 की रात्रि 08 बजे से दिनांक 14.02.2025 की रात्रि 08 बजे तक की अवधि के लिए पूर्णतः बंद रहेगी। इस अवधि में एमपी ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर समस्त सेवाएं बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि दिनांक 04.02.2025 की रात्रि से दिनांक 10.02.2025 तक पूर्णतः बंद करने का लेख किया गया था। उक्त संबंध में संशोधित कार्यक्रम के अनुसार पोर्टल बंद

लोक सेवा प्रबंधन
मध्य प्रदेश शासन

करने की तारीखों में संशोधन किया गया है। अब पोर्टल की सेवाएं 04.02.2025 की रात्रि से दिनांक 10.02.2025 के बजाए दिनांक 07.02.2025 की रात्रि 08 बजे से दिनांक 14.02.2025 की रात्रि 08 बजे तक की अवधि के लिए पूर्णतः बंद रहेगी।

लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड तथा जिला स्तरीय निवेश संवर्धन एवं समन्वय समिति की बैठक आयोजित

सीधी। लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड तथा जिला स्तरीय निवेश संवर्धन एवं समन्वय समिति की बैठक का आयोजन अपर कलेक्टर अंशुमन राज की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में जिला स्तर पर उद्योगों को आने वाली विभिन्न कठिनाइयों के निराकरण हेतु चर्चा की गई। साथ ही उद्योगों के सुगम संचालन हेतु परामर्श भी आमंत्रित किए गए। लघु उद्योग भारती के जिला अध्यक्ष नितेश गुप्ता द्वारा जिले में औद्योगिक क्षेत्र स्थापना हेतु निवेदन किया गया जिस संबंध में अपर कलेक्टर द्वारा अवगत कराया गया कि जिले में गोपद बनास तहसील में ग्राम बाड़ी टोला में 9.4 हेक्टेयर क्षेत्रफल की भूमि का चयन औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना हेतु किया गया है जिसे जल्द ही उद्योग विभाग को आवंटित कर औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना की जाएगी। साथ ही उद्योगों को विभिन्न विभागों जैसे प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, विद्युत विभाग इत्यादि से प्राप्त की जाने वाली विभिन्न अनुमतियों के संबंध में होने वाली देरी के संबंध में अपर कलेक्टर ने बताया कि जिले में कलेक्टर कार्यालय में निवेश प्रोत्साहन केंद्र की स्थापना की गई है जिसमें निवेशक आवश्यक अनुमतियों के संबंध में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। अपर कलेक्टर द्वारा जिले के समस्त उद्योगपतियों से दिनांक 24 एवं 25 फरवरी 2025 को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय भोपाल में आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2025 में भाग लेने के लिए अधिक से अधिक संख्या में रजिस्ट्रेशन कराने हेतु आग्रह किया गया।

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में रोजगार मेला 11 फरवरी को

सीधी। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत स्वामी विवेकानंन्द कैरियर मार्गदर्शन योजना के तहत प्रदेश स्तरीय विशेष भर्ती अभियान में शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन दिनांक 11 फरवरी 2025 को प्रातः 10.30 बजे से होना है। विशेष भर्ती अभियान में सहभागी नियोक्ताओं द्वारा महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को योग्यतानुसार प्लेसमेंट दिया जाएगा। प्राचार्य द्वारा जानकारी दी गई कि महाविद्यालय में होने वाले रोजगार मेले में सीधी जिले के ज्यादा से ज्यादा छात्र/छात्राएं उपस्थित हो कर सुअवसर का

सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कार्यशाला 11 फरवरी को

सीधी। प्रत्येक वर्ष सुरक्षित इंटरनेट दिवस जागरूकता बढ़ाने और इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देने के लिए, विशेष रूप से बच्चों, महिलाओं और युवाओं के बीच, फरवरी के दूसरे मंगलवार को विश्व स्तर पर मनाया जाता है। इस वर्ष सुरक्षित इंटरनेट दिवस 11 फरवरी 2025 को एक साथ बेहतर इंटरनेट के लिए थीम के तहत मनाया जाएगा। भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रोद्योगिकी मंत्रालय के निर्देशानुसार प्रत्येक जिले में 11 फरवरी को कार्यशाला का आयोजन किया जाना है। इस कार्यशाला का उद्देश्य जमीनी स्तर

SAFER INTERNET DAY

पर लोगों में साइबर सुरक्षा और इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग की प्रासंगिकता के बारे में जागरूकता पैदा करना है। उक्त विषय से संबंधित कार्यशाला का आयोजन सीधी जिले में दिनांक 11.02.2025 समय 03 बजे से सभागार कार्यालय कलेक्टर सीधी में आयोजित किया गया है। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने समस्त विभाग प्रमुख एवं अधीनस्थ अधिकारियों तथा कर्मचारियों को उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया है। जमीनी स्तर पर कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं पंचायत विभाग स्टाफ को भी इस कार्यशाला में उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया है।

शाश्वत इंटरनेशनल एकेडमी में पुलिस ने साइबर सुरक्षा अभियान के बारे में विस्तार से बच्चों को दी जानकारी

घट्टिया पुलिस द्वारा लगातार क्षेत्र में साइबर सुरक्षा अभियान जारी

केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा

घट्टिया। मध्यप्रदेश पुलिस का सायबर अपराधों के प्रति जन जागरूकता अभियान 1 फरवरी से 11 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है इसी क्रम में पुलिस थाना घट्टिया द्वारा पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरुप्रसाद पाराशर के मार्गदर्शन में आमजनों एवं विद्यार्थियों के लिए सायबर सुरक्षा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शाश्वत इंटरनेशनल एकेडमी में शनिवार को अभियान का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक भारतसिंह यादव,थाना प्रभारी डी.एल दसोरिया,उपनिरीक्षक शैलेंद्रसिंह अलावा ने विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टॉफ को सायबर क्राइम से जुड़े अपराधों के संबंध में पुलिस पाठशाला का आयोजन किया। पुलिस अधिकारियों ने बच्चों एवं विद्यालय स्टॉप को सायबर ठगों से किस प्रकार बचा जा सकता है,क्या क्या सावधानियां रखना चाहिए इस बारे में विस्तार से जानकारी भी दी। डीएसपी भारतसिंह यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस आपकी सेवा में तत्पर है इस अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग दें सेफ क्लिक,सुरक्षित क्लिक, सुरक्षित जीवन ही हमारा उद्देश्य है इस डिजिटल युग में हमें कृषि मंडी, शासकीय योजनों, के.बी.सी, भुगतान ऐप, के.वाय.सी, टेलीग्राम ऐप, वीडियो कॉलिंग,खरीदी बिक्री वेबसाइट सहित अन्य कई साइडों के माध्यम से सायबर अपराधी हमें ओर हमारे परिवारजनों,मित्रगणों को जाल में फंसा लेते है हमें इससे बचने की आवश्यकता है जागरूक होने को आवश्यकता है। डिजिटल युग में साइबर अपराधियों से सतर्क रहना बेहद जरूरी है विशेष रूप से अंजान नंबरों से आने वाली वीडियो कॉल्स को रिसीव न करें और वन टाइम पासवर्ड किसी से भी साझा ना करें। पुलिस थाना प्रभारी डी एल दसोरिया ने उपस्थित छात्र छात्रों एवं शिक्षकगणों को बताया कि आज की दुनिया पूरी तहत इंटरनेट पर निर्भर है ऐसे में टेक्नोलॉजी के साथ कदम से करम मिलाकर चलना और सतर्क भी रहना बेहद आवश्यक है भारत की कोई भी जांच एजेंसी किसी भी डिजिटल अरेस्ट नहीं करती है इसीलिए ठगी करने वालों से पूरी तरह सावधान रहे। वहीं उपनिरीक्षक शैलेंद्रसिंह अलावा ने विस्तार से सायबर सुरक्षा अभियान के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में डीएसपी भारतसिंह यादव,थाना प्रभारी डी.एल दसोरिया, उपनिरीक्षक शैलेंद्रसिंह अलावा, पत्रकार गोविन्द शर्मा,स्कूल डायरेक्टर नवीन पंड्या सहित वरिष्ठ शिक्षकगण,छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

आम आदमी पार्टी प्रदेश संयुक्त सचिव अजय सोनी ने परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह के नाम रेत परिवहन में अवैध रूप से कृषि उपयोग वाले ट्रैक्टर ट्रॉलियों के बढ़ते कारोबार पर अंकुश लगाने थाना सारनी में सौंपा ज्ञापन

बैतूल। सारणी।आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य प्रदेश संयुक्त सचिव अजय सोनी ने परिवहन मंत्री के नाम ज्ञापन में सारनी नगर पालिका एवं आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में रेत और अन्य खनिज परिवहन में कृषि उपयोग वाले कर मुक्त परिवहन विभाग में बिना पंजीयन वाले ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर अंकुश लगाने कार्यवाही किए जाने एवं सड़क मार्गों पर बेखौफ धड़ल्ले से ओवरलोड सामग्रियों को कम उम्र के युवाओं द्वारा इसका परिवहन करने पर कार्यवाही किए जाने और इन ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॉलियों से आम जनों की जानलेवा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु मांग सारनी थाना में ज्ञापन के माध्यम से परिवहन मंत्री से की गई हैं अगर जमीनी स्तर पर इन मांगों पर परिवहन मंत्री द्वारा कार्यवाही नहीं की जाती हैं तो जिला स्तर पर इसका विरोध प्रदर्शन किया जाएगा इस ज्ञापन के दौरान पार्टी के नेता गण सिराज खान, शिबू विश्वकर्मा, रमेश भूमरकर, राकेश सिंह, अजय सरनकर, मनोहर पचौरिया, प्रीतम भूमरकर, संजय खातरकर, दीपक प्रजापति, थब्बीराम डोंगरे, अनिल पवार, सुनील साहू, अधिवक्ता धनराज नागले, शिव कुमार तुमडाम, संतोष मुजमुले, जीनत आलम एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

जिला जुजित्सु संघ का हुआ गठन, अध्यक्ष राजकुमार यादव महासचिव जयराज चौधरी चुने गए

राजेंद्र खरे कटनी

जबलपुर। जिला जुजित्सु संघ की कार्यकारिणी का हुआ गठन,4 उपाध्यक्ष, अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष एवं दो सदस्यों का हुआ चयन,मदन महल स्थित रॉक फोर्ड सोफ्टसोल कम्प्यूटर एकेडमी स्थित जुजित्सु मार्शल आर्ट एकेडमी में दिनांक 09 फरवरी 2025 को जबलपुर जिला जुजित्सु संघ का हुआ चुनावी प्रक्रिया सम्पन्न जिसमें सभी सदस्यों ने सर्वसहमति से अध्यक्ष पद पर श्री राजकुमार यादव, उपाध्यक्ष पद पर श्री प्रकाश यादव,विजय पांडे, मुकेश सोनी,पवन कुमार कनौजिया के साथ महासचिव पद पर जयराज चौधरी कोषाध्यक्ष पद पर श्रीमती बीना यादव, संयुक्त सचिव मोहित यादव, सहसचिव शशांक सिंह ठाकुर व तकनीकी निदेशक रविराज चौधरी मीडिया प्रभारी आकाश पांडे को सभी सदस्यों ने सर्वसहमति से चुना। चुनावी प्रक्रिया के दौरान चयनित अध्यक्ष राजकुमार यादव उपाध्यक्ष प्रकाश यादव ने बताया कि इस खेल विधा को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के हर ब्लॉक स्तर पर इसका प्रशिक्षण शिविर लगाकर इस खेल को ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को जोड़कर मध्यप्रदेश शासन की खेल योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य किया जाएगा । खिलाड़ी एवं सदस्यों ने पदाधिकारियों का मुख मीठा कर शुभकामनाएं व्यक्त की ।

संघ का जगोटी में निकला पथ संचलन

केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा

खेड़ा खजुरिया - रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन निकला, जिसमें जगोटी मंडल के अंतर्गत आने वाले गांवों से आए स्वयं सेवकों ने भागीदारी की। पथ संचलन में बाल स्वयं सेवक भी अनुशासन के साथ निकले। गांव में भ्रमण के बाद सत्य वीर तेजाजी मंदिर के सामने परिसर में बौद्धिक जिला सह कार्यवाहक विक्रमसिंह आंजना ने दिया। इस अवसर पर विभाग ग्राम विकास सह संयोजक रामनारायण सोनी, खंड व्यवस्थापक उमेश गेहलोत, घौंसला उपखंड सह कार्यवाहक राहुल परमार,पवन आंजना महूडी, मंडल कार्यवाहक जीवन सिंह ठाकुर भी उपस्थित थे।

सागर भोपाल स्टेट हाईवे पर जाम में वाहनों के फसने से जनता को परेशानी

दैनिक केसरिया श्रीराम सेन

रायसेन। शहर का चाहे सागर भोपाल स्टेट हाइवे हो या फिर सांची विदिशा हाइवे रायसेन भोपाल मार्ग पर इन दिनों ट्रैफ़िक पुलिस परिवहन विभाग की मनमानी एवं लापरवाही के चलते यातायात व्यवस्था बेलगाम हो चुकी है।

पाटनदेव एरिया में 16 बैंक, किसी के पास नहीं पार्किंग व्यवस्था :-

सड़कों पर वाहन पार्क होने से हर समय आवागमन बाधित हो रहा है। यह समस्या सबसे अधिक बैंकों एलआईसी के सामने देखने को मिल रही है।पाटनदेव एरिया के लगभग 600 मीटर के एरिया में आधा दर्जन से अधिक बैंक होने से यहां पर सबसे अधिक यह परेशानी देखने को मिलती है। सांची विदिशा मार्ग पर जिला अस्पताल इंडियन चौराहे से कच्ची पुलिया तक एक साइड की पूरी सड़क वाहनों की पार्किंग से भरी रहती है। ऐसे में यहां पर दिन में भी आवागमन बाधित होता दिखाई देता है। यहां पर एसबीआई, केनरा बैंक सेंट्रल बैंक एलआईसी के साथ ही अन्य प्राइवेट बैंक संचालित हो रहे हैं। ऐसे में बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ ही यहां पर आने वाले बैंक ग्राहकों द्वारा भी अपने वाहन सड़कों पर पार्क किए जा रहे हैं।शहर में पार्किंग के लिए एक भी जगह चिंहित न होने से बाजार जाने पर वाहन रखने की सबसे बड़ी परेशानी जहां आम लोगों को उठानी पड़ रही है तो इससे यातायात भी बाधित हो रहा है। शहर में मुख्य मार्गों पर स्थित विभिन्न बैंकों में भी पार्किंग के लिए कोई सुविधा न होने से सभी के वाहन सड़कों पर ही पार्क किए जा रहे हैं। इसके साथ ही इसी सड़क पर अनेक प्रकार की मेडिकल लाइन से जुड़ी दुकानें एवं लैब होने से यहां पर दिन भर लोगों का आना जाना लगा रहता है। ऐसे में हर समय यहां पर सड़क बाधित होती दिखाई देती है।

विदित हो कि बैंकों द्वारा किराए पर लिए जाने वाले भवनों के लिए स्पष्ट नियम हैं कि उनके पास वाहन पार्किंग की व्यवस्था होनी चाहिए।लेकिन इसके बाद भी इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

क्या कहते हैं शहरवासी :-

शहर की बिगड़ैल यातायात व्यवस्था को नगर पालिका परिषद ट्रैफिक पुलिस को मिलजुलकर प्रयास करना चाहिए।हर्षवर्धन सोलंकी युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष नगर की यातायात सिस्टम बिगड़ चुका है।अधिकांशत बैंकों एलआईसी के सामने दिनभर लगते वाहनों के जाम से अवाम परेशान हो जाती हैं।

2025 के साल में साइबर ठगी बढ़ेगी, होशियार रहना : बाबा उमाकान्त जी महाराज

सुरक्षित इंटरनेट दिवस के सन्दर्भ में बाबा उमाकान्त जी महाराज का विशेष संदेश

मोरेना। मध्य प्रदेश परम सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज ने कहा कि जब से ये ऑनलाइन सिस्टम चालू हुआ, तब से फायदा भी हुआ लेकिन नुकसान ज्यादा हो रहा है। जब तक लोग ठगी (ऑनलाइन) नहीं सीख पाए थे तब तक तो इससे फायदा हो रहा था लेकिन अब नुकसान हो रहा है। पता ही नहीं चलता और बैंक से रुपया निकल जाता है। बूढ़े-बुजुर्ग जो भजन, भाव-भक्ति नहीं करते हैं, चाहे सतसंगी ही क्यों न हों, वे जब मोबाईल देखते रहते हैं तो जैसे ही संदेश आता है उस पर दबा देते हैं और जैसे ही दबा देते हैं तो कॉल आने लग जाता है।

अगर जयगुरुदेव नाम का ऑनलाइन ठगी जैसे गलत काम में इस्तेमाल किया तो वह असफल रहेगा :-

दिल्ली में एक सतसंगी के यहां फोन आया और उसने सतसंगी बन कर के, जयगुरुदेव बोल कर के उनको ठगने की कोशिश कि। लेकिन आपको यह समझाया जाता रहा है कि होशियार रहना नहीं तो एक की गलती से कई लोग ठग जाएंगे। तो उनको इस बात की जानकारी रही और इसीलिए बच गए बेचारे। यह भी बताया गया कि ये जयगुरुदेव नाम जान का रक्षक है। यह नाम तकलीफ में आराम देने वाला, सुख और शांति देने वाला एवं बिगड़े काम को बनाने वाला नाम है। लेकिन गलत काम में अगर कोई इस्तेमाल करेगा तो वह फेल रहेगा। चोरी-चकारी, गलत काम करने के लिए जयगुरुदेव नाम कोई बोलेगा तो पकड़ा जाएगा, मार पड़ेगी। तो ऐसे ही वह सतसंगी भी बच गए। किसकी दया से बच गए? कहा गया है - 卐हम तो बच गए साहब दया से, शब्द डोर गए उतरे पार卐 वह प्रभु को याद करते रहे होंगे। पता चला कि वह गुलाबी टोपी लगाए हुए थे। तो गुलाबी कपड़े ने ही बचत कर दिया होगा।

साँच को आंच नहीं इसलिए ठगों से सावधान रहने की जरूरत है :-

जिनको भी बिजनेस-व्यापार करना है, वे कोई भी काम करें तो सीख करके करें। पार्टनरशिप में मत करना और लोभ-लालच में मत आना। आजकल ठगी बहुत बढ़ गई है। आजकल केवल एक बटन दबाने से लाखों-करोड़ों रुपए बैंक से निकल जाते हैं इसलिए लालच मत करना। यह अभी तो बहुत बढ़ेगा। सरकारें रोकने की कोशिश तो बहुत कर रहीं हैं लेकिन 'तू डाल-डाल तो हम पात-पात'। जैसे ही सरकारें रोकने का तरीका खोजती हैं तो ठग लोग अपनी ठगी का दूसरा तरीका निकाल लेते हैं। जिस तरीके से ये इसको रोकने की कोशिश करते हैं, वही विद्या वो भी पढ़े हैं। वो उसी तरीके से खोज लेते हैं। 2025 के साल में साइबर ठगी बढ़ेगी। तो उसके चक्कर में आप लोग न आ जाओ इसलिए होशियार रहना, ज्यादा लालच में मत आना। यदि कोई फोन पर डराए कि मैं ये बोल रहा हूं, वो बोल रहा हूं तो आप डरना मत। कहते हैं कि सांच को आंच नहीं रहती है, कोई चाहे कितना भी कुछ कहे। *卐गुरु राजी तो कर्ता राजी और काल कर्म की चले न बाजी। जब गुरु पर से विश्वास हटा देते हो, गुरु की बातों को भूल जाते हो कि अपने प्रारब्ध पर विश्वास करो, जब ज्यादा पाने की कोशिश करने लगते हो तो लालच बढ़ता है। तब ठग जाते हैं। इसलिए आप लोग ज्यादा लोभ-लालच मत करना।

विशेष अभियान अंतर्गत अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही

आबकारी दल द्वारा 04 प्रकरण दर्ज कर 4,30,000 की अवैध मदिरा व मदिरा बनाने की सामग्री जप्त

दीपक सिंह तोमर केसरिया हिंदुस्तान खरगोन जिला ब्योरो चीफ

खरगोन। जिले में सहायक आबकारी आयुक्त श्री अभिषेक तिवारी के निर्देश पर अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत सोमवार को प्रभारी अधिकारी आबकारी नियंत्रण कक्ष, सजेन्द्र मोरी के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त महेश्व में अवैध मदिरा विनिर्माण के चिन्हित स्थलों पर ग्राम काछीकुआ,होलिमाल,बंडापुरा व करोली में कार्रवाई कर वृत्त प्रभारी देवराज नगीना आबकारी उपनिरीक्षक द्वारा म.प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क,च के तहत 04 प्रकरण दर्ज किए गये। कार्यवाही में कुल 120 लीटर हाथभट्टी मदिरा तथा 4100 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया गया। महुआ लहान के सेम्पल लेकर शेष लहान मौके पर नष्ट किया गया। कार्रवाई में जब्त अवैध मदिरा तथा सामग्री का कुल अनुमानित मूल्य रु.4,30,000/-(चार लाख तीस हजार रुपए) है। उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक अजयपाल सिंह भदौरिया, ओमप्रकाश मालवीय एवं वृत महेश्वर,कसरावद, सनावद के आबकारी आरक्षक मुख्य आरक्षक का योगदान रहा।सहायक आबकारी आयुक्त श्री अभिषेक तिवारी ने बताया कि अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

एक साल से बंद पड़ा काम, छ माह से जली पड़ी विद्युत मोटरें

संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा

गांव में पेयजल आपूर्ति की बनी समस्या

तेंदूखेड़ा। शासन के द्वारा करोड़ों अरबों रुपए खर्च करके जल जीवन मिशन के माध्यम से नल जल योजनाओं के माध्यम से हर घर में पानी पहुंचाने की दिशा में कहीं कोई कसर नहीं छोड़ी है लेकिन इन योजनाओं पर बट्टा लगा रहे ठेकेदारों की कारगुजारियों को लेकर योजनाये अपने मुकाम तक नहीं पहुंच पा रही है।आज ग्रामीण क्षेत्रों में यह स्थिति बनीं हुई है कि पेटी पर काम देकर ठेकेदार अपनी जवाबदेही भूल बैठे हैं। लाखों रुपए की लागत से बनने वाली पानीं की टंकियों के निर्माण कार्य सालों से बंद पड़े हुए हैं। इतना नहीं गांवों में जहां तहां से सड़कें खोदकर निर्धारित मापदंडों को छोड़कर पाइप लाइनें तो डाल दी गई है लेकिन उनकी पाइप लाइन की घटिया गुणवत्ता ऊपरी सतह पर पड़े रहने के कारण जहां तहां से टूट फूट गांव की गलियों में पानी का रिसाव परेशानी का कारण बना हुआ है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार समीपी ग्राम सर्रा बंधी के सरपंच ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्रा और बंधी गांव में पानी की टंकियों का निर्माण होना है लेकिन विगत एक साल से काम बंद पड़ा होने से पेयजल आपूर्ति सीधी ट्यूबवेल के गड्ढों से ही हो रही थी लेकिन पिछले छ माह से दोनों विद्युत मोटरें जली पड़ी होने के कारण गांव में पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। आने वाली गर्मी के समय में यह समस्या और भी विकराल रूप धारण करेगी लोगों को पेयजल आपूर्ति को लेकर परेशानी होगी।

ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्व से ही बनीं है समस्या :-

चूंकि चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत लगभग सभी ग्राम पंचायतों में पानी की टंकियों का निर्माण कराया जा रहा लेकिन इनमें बहुत सी पंचायतों में निर्माण कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है। कहीं कहीं तो एक दो साल से काम बंद पड़े हुए हैं। यहां पर सबसे विसंगति पूर्ण स्तिथि यह बनीं हुई है कि यहां पर पी एच ई अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया जाता है।जो विकासखण्ड का केवल कागजी आंकड़ा ही रखें हुए हैं उन्हें गांवों की धरातलीय स्थिति का वास्तविक ज्ञान नहीं है। जिसका फायदा ठेकेदार उठा रहे हैं। विसंगति पूर्ण स्तिथि को लेकर स्थानीय विधायक द्वारा विगत वर्ष वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत दर्ज कराते हुए शीघ्र सुधार हेतु जोरदार पहल की थी।

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में छात्रों ने प्रसारण देखा

केसरिया हिन्दुस्तान से रघुनाथ सेन

बाग। परीक्षाओं मे तनाव दूर करने के लिए परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विगत वर्षो से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम 10 फरवरी 2025 को 11 बजे लाईव दिखाया गया ।जिसका परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम माननीय के निर्देशानुसार नगर की सीएम राइज स्कूल सहीत समस्त शासकीय स्कूलों में विधार्थियों को दिखाया गया । इस दौरान माननीय प्रधानमंत्री ने विधार्थियों से संवाद करते हुए कहा की जिंदगी में आगे बढ़ने और जिंदगी जीने के की टीप्स शेयर किए । साथ ही माननीय प्रधानमंत्री ने कहा की पहले वही विषयों को पढ़ें डरे नही रहे हैं । अपनी विफलताओं को दुर करने केलिए अनेक उदाहरण दिये। । इस तरह माननीय मोदी जी ने विधार्थियों के प्रश्न के जवाब भी दिये ओर । इस दौरान सीएम राइज स्कूल के प्राचार्य डी एस बघेल ने बताया की शासन के निर्देश अनुसार 10 फरवरी 2025 को सभी स्कूलो के बच्चों ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का 8 वा संस्करण का लाईव प्रसारण दिखाया गया जिसमें स्कुली बच्चों के साथ संस्था का समस्त स्टाफ उपस्थित था ।

गांव के हर घर तक पहुंचे गुणवत्तायुक्त, शुद्ध और पर्याप्त पेयजल, कोई भी घर छूटे न ग्रामीण नल जल योजनाओं के समुचित

संचारण-संधारण के लिए शीघ्र लाई जाएगी पॉलिसी तय किए जाएंगे सभी के दायित्व

मारुति लाल विश्वकर्मा

छिन्दवाड़ा। मध्यप्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख सचिव श्री पी.नरहरि शनिवार को छिंदवाड़ा पहुंचे और कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सख्त रुख अपनाते हुए जिले में जल जीवन मिशन की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त की और सभी एकल योजनाओं में सभी घरों में हर घर जल पहुंचाने का कार्य 31 मार्च 2025 के पूर्व पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्धारित डेड लाइन के बाद भी कार्य पूरा नहीं होने पर कार्यवाही की चेतावनी दी है। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि प्रत्येक गांव के हर घर तक गुणवत्तायुक्त शुद्ध पेयजल पर्याप्त मात्रा में पहुंचे, कोई भी घर छूटने न पाए। जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन के बाद दूषित जल अथवा डायरिया से मृत्यु के एक भी प्रकरण बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्य डेड लाइन तक पूरा कराने के लिए सभी जनपद सीईओ व पंचायत के अमले और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के इंजीनियर्स को भी पी.एच.ई. विभाग के इंजीनियर्स के साथ बेहतर समन्वय में कार्य करने एवं निगरानी के निर्देश दिए हैं। उन्होंने माचागोरा समूह जल प्रदाय योजना का कार्य भी गति और गुणवत्ता के साथ पूरा कराने तथा रोड रेस्टोरेशन का शेष कार्य भी शीघ्र पूरा कराने के लिए निर्देशित किया। नल जल योजनाओं के समुचित संधारण के लिए लाई जाएगी पॉलिसी- पी.एस. श्री नरहरि ने जानकारी दी कि गांव में पेयजल योजनाओं के संधारण में पंचायतों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिसका हल खोजा गया है। इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल योजनाओं के संचारण-संधारण के लिए पॉलिसी तैयार कर रही है, जो शीघ्र ही लाई जाएगी। इस पॉलिसी में पेयजल योजनाओं के समुचित संचारण-संधारण के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ग्राम पंचायत सहित सभी की भूमिका स्पष्ट निर्धारित की जाएगी।

पगड़ी रस्म में रक्तदान शिविर का आयोजन, 37 यूनिट रक्त संकलित

हरीश सोनी केसरिया हिंदुस्तान

जोबट। विगत दिनों नगर की वरिष्ठ मातृशक्ति धापू बाई परमार का निधन हुआ। निधन के दिन परिवार ने धापू बाई के नेत्र दान करवाए साथ ही पगड़ी के आयोजन के दिन रक्तदान शिविर लगाने का निर्णय भी लिया गया। सोमवार को जिला अस्पताल ब्लड बैंक आलीराजपुर और ब्लड डोनेशन ग्रुप जोबट के सहयोग से शासन के नियमों का पालन करते हुए रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में परिवार जनों सहित कुल 37 लोगों ने अपने अमूल्य रक्त का दान किया जिसमें 14 मातृशक्ति व 23 पुरुषों ने रक्तदान किया वहीं परिवार के वरिष्ठ गोपाल परमार ने 67 वर्ष की आयु में रक्तदान कर अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया। परिवारजनों ने सभी रक्त दाताओं का आभार व्यक्त किया एवं प्रशस्ति पत्र व उपहार से सम्मानित किया। रक्तदुत समिति सदस्य अश्विन नागर एवं कपिल राठौड़ ने बताया कि जिला अस्पताल आलीराजपुर में प्रतिदिन विभिन्न बीमारियों से ग्रसित मरीजों को रक्त की आवश्यकता रहती है। रक्त की कमी के कारण मरीजों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिसके मद्देनजर परिवार द्वारा स्वप्रेरित होकर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। बता दे आलीराजपुर जिले में पगड़ी रस्म में 71वां और जोबट में 27वां रक्तदान शिविर आयोजित हुआ।

नरसिंहगढ़ में रेप पीड़िता बच्ची की मौत आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर ग्रामीणों ने थाने पर प्रदर्शन किया

बृजमोहन कारपेंटर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

राजगढ़। नरसिंहगढ़ नगर में 11 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी मौत हो जाने से लोगों में आक्रोश है। सोमवार को आसपास के गांवों के सैकड़ों लोग हाथों में बैनर लेकर सड़कों पर उतर आए और प्रदर्शन किया आमजन नेशनल हाईवे-46 पर एकत्रित हुए। प्रदर्शनकारियों में महिलाएं, पुरुष और स्कूली बच्चे शामिल थे। सभी ने आरोपी को फांसी दो के नारे लगाते हुए संजय नगर, स्टेडियम, चंपी मोहल्ला और छतरी चौराहा होते हुए नरसिंहगढ़ थाने के सामने धरने पर बैठे लोगों ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने क्षेत्र में बढ़ते अपराधों के लिए अवैध शराब को भी जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने इस पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित करने और अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

पिकअप और बाइक की टक्कर में युवक की मौत

दिनेश शुक्ला, दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी

आलोट आगर। जावरा रोड पर रविवार रात 8 बजे एक सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पहचान राहुल पांचाल के रूप में हुई जो भूतिया गांव का निवासी था। घटना उस समय हुई जब राहुल ताल से अपने गांव भूतिया लौट रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही एक पिकअप से उसकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि राहुल की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद पिकअप ड्राइवर वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने एसएमई के लिए वित्तीय सशक्तिकरण को प्रदर्शित करने वाली नई ब्रांड फिल्म का किया अनावरण

राजीव जोशी, केसरिया हिंदुस्तान

बीकानेर। एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने अपनी नई ब्रांड फिल्म लॉन्च की है जो उम्मीद, बदलाव और असीम संभावनाओं की आकर्षक कहानी पेश करती है। यह फिल्म छोटे और मध्यम आकार के व्यवसाय मालिकों को अपने ऋण प्रस्ताव के ज़रिये सशक्त बनाने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालती है, जिससे उन्हें बड़े सपने देखने, बढ़ने और फलने-फूलने में मदद मिलती है। हास्य से भरपूर म्यूज़िकल फॉर्मैट में प्रस्तुत की गई यह फिल्म एक छोटे खुदरा विक्रेता की कहानी बयां करती है जो अपना कारोबार बढ़ाना चाहता है। यह फिल्म दिखाती है कि कैसे एक एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट बिज़नेस लोन उसका जीवन बदल देता है, उसे एक नई पहचान बनाने और वित्तीय प्रगति हासिल करने में मदद करता है। फिल्म मूल रूप से नई शुरुआत के लिए लचीलापन, महत्वाकांक्षा और वित्तीय सशक्तिकरण की ताकत पेश करती है। एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट के मुख्य व्यवसाय अधिकारी, श्री अजय पारीक ने फिल्म पर टिप्पणी करते हुए कहा, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एसएमई) का भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 30त्न योगदान है और रोज़गार सृजन में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। हालांकि, उन्हें अक्सर औपचारिक ऋण प्राप्त करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। यह ब्रांड फिल्म इस बात पर ज़ोर देती है कि कैसे एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट बिज़नेस लोन (व्यवसाय ऋण) छोटे खुदरा विक्रेताओं को वित्तीय सहायता प्रदान करता है और आकर्षक ब्याज दरें, न्यूनतम दस्तावेज तथा आसान पुनर्भुगतान की सुविधा प्रदान करता है। हमारे पास कहानी कहने की एक अनूठी शैली है यानी हास्य मिश्रित संगीतमय कविता क्योंकि यह हमारे लक्षित दर्शकों तक संदेश पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट सुलभ और लचीले व्यावसायिक ऋण समाधान प्रदान करने, उद्यमशीलता के विकास का समर्थन करने और भारत के आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्य पेशकश के रूप में व्यावसायिक ऋणों पर ध्यान केंद्रित कर, कंपनी विकास और परिवर्तन चाहने वाले व्यवसायों के लिए एक पसंदीदा वित्तीय भागीदार के रूप में अपनी स्थिति को मज़बूत करना जारी रखती है।

नोहलेश्वर महोत्सव को संस्कृति विभाग के कलेण्डर में शामिल किया गया है, महोत्सव को

दिव्य और भव्य बनाने का प्रयास किया जायेगा - राज्यमंत्री श्री लोधी

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

दमोह। प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने नोहटा में मेला स्थल का भूमिपूजन कर नोहलेश्वर महोत्सव से संबंधित पोस्टर का विमोचन किया गया। राज्य शासन के संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से एक पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। राज्यमंत्री श्री लोधी ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा पिछले वर्ष से नोहलेश्वर महोत्सव का कार्यक्रम शुरू किया था, पिछले वर्ष यह कार्यक्रम 03 दिन का था। नोहटा बहुत ही ऐतिहासिक स्थान है, भगवान भोलेनाथ की नगरी है, यहां पर मंदिर है नोहलेश्वर महोत्सव के नाम से यह महोत्सव शुरू किया है और इस महोत्सव को संस्कृति विभाग के कैलेंडर में भी शामिल किया है, यह महोत्सव लगातार चलता रहे, इस महोत्सव को और दिव्य और भव्य बनाने के प्रयास इस बार किए गए हैं। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा संस्कृति विभाग के इस 03 दिवसीय कार्यक्रम को 05 दिवसीय किया है। इसके साथ-साथ 18 से 28 फरवरी तक दिव्य और भव्य मेला भी लगाया जाएगा। महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम 18 से 28 फरवरी तक चलेंगे, जिसमें स्थानीय कलाकारों, बुंदेलखंड के कलाकारों को अवसर दिया जाएगा, इसके साथ-साथ 22 से 26 फरवरी तक संस्कृति विभाग के द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिसमें गायिका शहनाज अख्तर भी आयेंगी, आदिवासी नृत्य गुदुंब बाज।

यातायात पुलिस द्वारा स्कूली वाहनों पर की गई प्रभावी कार्रवाई

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा स्कूली वाहनों में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा यातायात संबंधी विभिन्न नियमों का पालन कराए जाने के संबंध में समय-समय पर जारी दिशा निर्देशों के तारतम में आज दिनांक 10.02.25 को श्री वीरेंद्र जैन पुलिस अधीक्षक महोदय जिला श्योपुर के निर्देशन में एवं श्री सतेंद्र सिंह तोमर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्शन में निरीक्षक संजय सिंह राजपूत तथा प्रभारी थाना यातायात द्वारा यातायात टीम के साथ यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूली एवं अन्य वाहनों पर कार्रवाई हेतु सुबह विशेष अभियान चलाया गया! चेकिंग के दौरान नियम विरुद्ध संचालित स्कूली वाहनों पर वैधानिक चालानी कार्रवाई की गई, चेकिंग के दौरान बिना परमिट संचालित तीन स्कूली बसों पर चालानी कार्रवाई कर 15000 रुपये समन शुल्क वसूला गया तथा बिना वर्दी 01, बिना नंबर प्लेट 02, बिना अग्निशमन यंत्र 03, क्षमता से अधिक बच्चे बैठना 04, बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र 02, बिना फर्स्ट एंड बॉक्स 01, एवं बिना हेलमेट 05, आदि कुल 21 वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर 24800 रुपये जुर्माना किया गया! यातायात पुलिस द्वारा सभी स्कूली वैन संचालकों को चेकिंग के दौरान वहां के परमिट फिटनेस लाइसेंस बीमा आदि समस्त दस्तावेज पूर्ण रखना क्षमता से अधिक बच्चे न बैठने तेज गति एवं खतरनाक ढंग से वहां न चलने स्कूली वाहनों में मेडिकल किट बॉक्स अग्निशमन यंत्र रखने तथा अन्य समस्त यातायात नियमों को पूर्ण रूप से पालन करने की हिदायत दी!

थाना अमहिया पुलिस ने आदतन अपराधी जिला बदर के आरोपी अशफाक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

पुलिस अधीक्षक रीवा श्री विवेक सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रीवा श्री अनिल सोनकर के निर्देशन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक- 1 रीवा श्रीमती डा. रितु उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमहिया उनि शिवा अग्रवाल ने थाना स्टाफ के साथ मिलकर जिला बदर के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल । घटना का विवरण: । दिनांक 09/02/25 को थाना अमहिया के आदतन अपराधी असफाक मंसूरी पिता इस्माईल मंसूरी उर्फ राजा मंसूरी उम्र 24 वर्ष निवासी अर्जुन नगर थाना अमहिया जिला रीवा को माननीय जिला दण्डाधिकारी महोदय जिला रीवा के जिला बदर आदेश प्र0क्र0/105/ जिला बदर/2024 दिनांक 30.04.2024 में जिला रीवा एवं उससे लगी सीमाओं से एक वर्ष कि अवधि हेतु निस्कासित किया गया था। जिसकी काफी दिनों से तलास की जा रही थी जिसे दिनांक 09/02/25 को गिरफ्तार किया गया उक्त आरोपी के व्दारा माननीय जिला दण्डाधिकारी महोदय जिला रीवा के आदेश का उल्लघन करना पाया गया। जिस पर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 35/2025 धारा 14 म.प्र. राज्य सुरक्षा अधि 1990 का कायम किया गया है गिरफ्तारसुदा आरोपी को जेआर पर माननीय न्यायालय पेश किया गया तो माननीय न्यायालय व्दारा न्यायिक अभिरक्षा में केन्द्रीय जेल रीवा भेजा गया है। पकड़े गये आरोपी का नाम- 1. असफाक मंसूरी पिता इस्माईल मंसूरी उर्फ राजा मंसूरी उम्र 24 वर्ष निवासी अर्जुन नगर थाना अमहिया जिला रीवा

महत्वपूर्ण भूमिका:-

उनि शिवा अग्रवाल, सउनि धनेश पांडे, आर 577 पीयूष मिश्रा, आर0 विक्रम वर्मा आर.204 विकास तिवारी आर 1128 विवेक सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

प्रयागराज महाकुंभ पदयात्रा कर घर लौटे श्रद्धालुओं का बैरसिया में किया गया भाव्य स्वागत

केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा.9425727854

बैरसिया। ग्राम मेगरा कला गांव से एक दर्जन श्रद्धालु पदयात्रा करते हुए कुंभ नगरी प्रयागराज पहुंचें थे। करीब 17 दिन की पदयात्रा कर पहुंचे श्रद्धालु ने संगम घाट पर आस्था की डुबकी लगाई। तत्पश्चात वहां से भगवान श्री राम जन्मभूमि अयोध्या धाम पहुंचकर रामलाल के दर्शन किए और फिर अपने गांव लौटे। गांव लौटे श्रद्धालुओं के गांव पहुंचने से पहले बैरसिया रेस्टहाउस में भारतीय किसान संघ के जिला मीडिया प्रभारी विनय सिंह पटेल द्वारा सभी श्रद्धालुओं का पुष्प मालाएं पहनाकर साल उड़ाकर स्वागत किया गया। साथ ही सभी को चाय नाश्ता कराया गया। इस मौके पर पंडित कैलाश नारायण बैरागी देव महाराज मंडल के अध्यक्ष गोरेलाल सिसोदिया, पत्रकार प्रेम सिंह दांगी ,सचिव संगठन के अध्यक्ष बृजेश सिंह भदोरिया सचिव कैलाश नारायण साहू, रामबाबू भार्गव सुंदरलाल गुर्जर, राकेश मकवाना ,उदय राजपूत बलराम सिसोदिया, विश्राम सिंह सिसोदिया जगदीश राजपूत रोजगार सहायक दशरथ सिंह राजपूत आदि उपस्थित थे।

नशा कोई भी हो, मनुष्य जीवन के लिए अभिशाप है : पूर्व वनमंत्री श्री रावत

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में सामाजिक न्याय विभाग द्वारा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय विजयपुर के सहयोग से विजयपुर क्षेत्र में गत दिनों से नशा मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज तीसरे दिन तहसील चौराहा सुनवई रोड से नशामुक्ति अभियान जागरूकता रैली को पूर्व वन मंत्री श्री रामनिवास रावत द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर उन्होने अपने उद्बोधन में कहा कि किसी भी प्रकार का नशा हो, हमारे जीवन को खराब करता है कई प्रकार की बीमारियां होती है परिवार टूटते हैं धन व तन की बर्बादी होती है, इसलिए हमें नशे से बचना चाहिए। पूर्व मंत्री श्री रावत ने जिला प्रशासन एवं ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय विजयपुर के सहयोग से आयोजित इस अभियान की सराहना की तथा अभियान में शामिल लोगों को भी धन्यवाद दिया तथा कहा कि इस तरह का संगठित प्रयास का परिणाम भी सकारात्मक आएगा। नशामुक्ति अभियान के तहत ग्राम लक्ष्मणपुरा एवं भैसाई में जागरूकता रैली का आयोजन कर नशामुक्ति का संदेश दिया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी की मेडिकल विंग द्वारा नशा मुक्ति प्रदर्शनी का आयोजन करते हुए ग्रामीणों को नशे से दूर रहने की समझाइश दी गई, तथा नशा मुक्ति के दुष्परिणाम परिणामों को प्रदर्शित करने के लिए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नशा मुक्ति रैली में अभियान प्रभारी बीके शशि बहन विजयपुर, एडवोकेट श्री चंद्र प्रकाश शर्मा, बीके विजय कुमार शर्मा संतोष बहन, राधा बहन, मीना बहन, राजलक्ष्मी बहन आदि मौजूद रही।

शाश्वत इंटरनेशनल एकेडमी में पुलिस ने साइबर सुरक्षा अभियान के बारे में विस्तार से बच्चों को दी जानकारी

घट्टिया पुलिस द्वारा लगातार क्षेत्र में साइबर सुरक्षा अभियान जारी

केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा

घट्टिया – मध्यप्रदेश पुलिस का सायबर अपराधों के प्रति जन जागरूकता अभियान 1 फरवरी से 11 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है इसी क्रम में पुलिस थाना घट्टिया द्वारा पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरुप्रसाद पाराशर के मार्गदर्शन में आमजनों एवं विद्यार्थियों के लिए सायबर सुरक्षा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शाश्वत इंटरनेशनल एकेडमी में शनिवार को अभियान का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक भारतसिंह यादव,थाना प्रभारी डी.एल दसोरिया,उपनिरीक्षक शैलेंद्रसिंह अलावा ने विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टॉफ को सायबर क्राइम से जुड़े अपराधों के संबंध में पुलिस पाठशाला का आयोजन किया।

पुलिस अधिकारियों ने बच्चों एवं विद्यालय स्टॉप को सायबर ठगों से किस प्रकार बचा जा सकता है,क्या क्या सावधानियां रखना चाहिए इस बारे में विस्तार से जानकारी भी दी।

डीएसपी भारतसिंह यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस आपकी सेवा में तत्पर है इस अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग दें सेफ क्लिक,सुरक्षित क्लिक, सुरक्षित जीवन ही हमारा उद्देश्य है इस डिजिटल युग में हमें कृषि मंडी, शासकीय योजनों,के. बी.सी,भुगतान ऐप, के.वाय. सी,टेलीग्राम ऐप,वीडियो कॉलिंग,खरीदी बिक्री वेबसाइट सहित अन्य कई साइडों के माध्यम से सायबर अपराधी हमें ओर हमारे परिवारजनों,मित्रगणों को जाल में फंसा लेते है हमें इससे बचने की आवश्यकता है जागरूक होने को आवश्यकता है।

डिजिटल युग में साइबर अपराधियों से सतर्क रहना बेहद जरूरी है विशेष रूप से अंजान नंबरों से आने वाली वीडियो कॉल्स को रिसीव न करें और वन टाइम पासवर्ड किसी से भी साझा ना करें।

पुलिस थाना प्रभारी डी एल दसोरिया ने उपस्थित छात्र छात्रों एवं शिक्षकगणों को बताया कि आज की दुनिया पूरी तहत इंटरनेट पर निर्भर है ऐसे में टेक्नोलॉजी के साथ कदम से करम मिलाकर चलना और सतर्क भी रहना बेहद आवश्यक है भारत की कोई भी जांच एजेंसी किसी भी डिजिटल अरेस्ट नहीं करती है इसीलिए ठगी करने वालों से पूरी तरह सावधान रहे। वहीं उपनिरीक्षक शैलेंद्रसिंह अलावा ने विस्तार से सायबर सुरक्षा अभियान के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम में डीएसपी भारतसिंह यादव,थाना प्रभारी डी.एल दसोरिया,उपनिरीक्षक शैलेंद्रसिंह अलावा,पत्रकार गोविन्द शर्मा,स्कूल डायरेक्टर नवीन पंड्या सहित वरिष्ठ शिक्षकगण,छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

गांव में पेयजल आपूर्ति की बनी समस्या

एक साल से बंद पड़ा काम

छ माह से जली पड़ी विद्युत मोटरें

संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा

तेंदूखेड़ा शासन के द्वारा करोड़ों अरबों रुपए खर्च करके जल जीवन मिशन के माध्यम से नल जल योजनाओं के माध्यम से हर घर में पानी पहुंचाने की दिशा में कहीं कोई कसर नहीं छोड़ी है लेकिन इन योजनाओं पर बट्टा लगा रहे ठेकेदारों की कारगुजारियों को लेकर योजनाये अपने मुकाम तक नहीं पहुंच पा रही है।आज ग्रामीण क्षेत्रों में यह स्थिति बनीं हुई है कि पेटी पर काम देकर ठेकेदार अपनी जवाबदेही भूल बैठे हैं। लाखों रुपए की लागत से बनने वाली पानीं की टंकियों के निर्माण कार्य सालों से बंद पड़े हुए हैं। इतना नहीं गांवों में जहां तहां से सड़कें खोदकर निर्धारित मापदंडों को छोड़कर पाइप लाइनें तो डाल दी गई है लेकिन उनकी पाइप लाइन की घटिया गुणवत्ता ऊपरी सतह पर पड़े रहने के कारण जहां तहां से टूट फूट गांव की गलियों में पानी का रिसाव परेशानी का कारण बना हुआ है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार समीपी ग्राम सर्रा बंधी के सरपंच ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्रा और बंधी गांव में पानी की टंकियों का निर्माण होना है लेकिन विगत एक साल से काम बंद पड़ा होने से पेयजल आपूर्ति सीधी ट्यूबवेल के गड्ढों से ही हो रही थी लेकिन पिछले छ माह से दोनों विद्युत मोटरें जली पड़ी होने के कारण गांव में पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। आने वाली गर्मी के समय में यह समस्या और भी विकराल रूप धारण करेगी लोगों को पेयजल आपूर्ति को लेकर परेशानी होगी।

ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्व से ही बनीं है समस्या : चूंकि चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत लगभग सभी ग्राम पंचायतों में पानी की टंकियों का निर्माण कराया जा रहा लेकिन इनमें बहुत सी पंचायतों में निर्माण कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है। कहीं कहीं तो एक दो साल से काम बंद पड़े हुए हैं। यहां पर सबसे विसंगति पूर्ण स्तिथि यह बनीं हुई है कि यहां पर पी एच ई अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया जाता है।जो विकासखण्ड का केवल कागजी आंकड़ा ही रखें हुए हैं उन्हें गांवों की धरातलीय स्थिति का वास्तविक ज्ञान नहीं है। जिसका फायदा ठेकेदार उठा रहे हैं। विसंगति पूर्ण स्तिथि को लेकर स्थानीय विधायक द्वारा विगत वर्ष वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत दर्ज कराते हुए शीघ्र सुधार हेतु जोरदार पहल की थी।

सागर भोपाल स्टेट हाईवे पर जाम में वाहनों के फसने से जनता को परेशानी

दैनिक केसरिया श्रीराम सेन

रायसेन।शहर का चाहे सागर भोपाल स्टेट हाइवे हो या फिर सांची विदिशा हाइवे रायसेन भोपाल मार्ग पर इन दिनों ट्रैफ़िक पुलिस परिवहन विभाग की मनमानी एवं लापरवाही के चलते यातायात व्यवस्था बेलगाम हो चुकी है।

पाटनदेव एरिया में 16 बैंक, किसी के पास नहीं पार्किंग व्यवस्था : सड़कों पर वाहन पार्क होने से हर समय आवागमन बाधित हो रहा है। यह समस्या सबसे अधिक बैंकों एलआईसी के सामने देखने को मिल रही है।पाटनदेव एरिया के लगभग 600 मीटर के एरिया में आधा दर्जन से अधिक बैंक होने से यहां पर सबसे अधिक यह परेशानी देखने को मिलती है। सांची विदिशा मार्ग पर जिला अस्पताल इंडियन चौराहे से कच्ची पुलिया तक एक साइड की पूरी सड़क वाहनों की पार्किंग से भरी रहती है। ऐसे में यहां पर दिन में भी आवागमन बाधित होता दिखाई देता है। यहां पर एसबीआई, केनरा बैंक सेंट्रल बैंक एलआईसी के साथ ही अन्य प्राइवेट बैंक संचालित हो रहे हैं। ऐसे में बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ ही यहां पर आने वाले बैंक ग्राहकों द्वारा भी अपने वाहन सड़कों पर पार्क किए जा रहे हैं।शहर में पार्किंग के लिए एक भी जगह चिंहित न होने से बाजार जाने पर वाहन रखने की सबसे बड़ी परेशानी जहां आम लोगों को उठानी पड़ रही है तो इससे यातायात भी बाधित हो रहा है। शहर में मुख्य मार्गों पर स्थित विभिन्न बैंकों में भी पार्किंग के लिए कोई सुविधा न होने से सभी के वाहन सड़कों पर ही पार्क किए जा रहे हैं। इसके साथ ही इसी सड़क पर अनेक प्रकार की मेडिकल लाइन से जुड़ी दुकानें एवं लैब होने से यहां पर दिन भर लोगों का आना जाना लगा रहता है। ऐसे में हर समय यहां पर सड़क बाधित होती दिखाई देती है। विदित हो कि बैंकों द्वारा किराए पर लिए जाने वाले भवनों के लिए स्पष्ट नियम हैं कि उनके पास वाहन पार्किंग की व्यवस्था होनी चाहिए।लेकिन इसके बाद भी इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

क्या कहते हैं शहरवासी....

शहर की बिगड़ैल यातायात व्यवस्था को नगर पालिका परिषद ट्रैफिक पुलिस को मिलजुलकर प्रयास करना चाहिए।हर्षवर्धन सोलंकी युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष

नगर की यातायात सिस्टम बिगड़ चुका है।अधिकांशत बैंकों एलआईसी के सामने दिनभर लगते वाहनों के जाम से अवाम परेशान हो जाती हैं।

आबकारी दल द्वारा 04 प्रकरण दर्ज कर 4,30,000 की अवैध मदिरा व मदिरा बनाने की सामग्री जप्त

दीपक सिंह तोमर केसरिया हिंदुस्तान खरगोन जिला ब्योरो चीफ

खरगोन। जिले में सहायक आबकारी आयुक्त श्री अभिषेक तिवारी के निर्देश पर अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत सोमवार को प्रभारी अधिकारी आबकारी नियंत्रण कक्ष, सजेन्द्र मोरी के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त महेश्व में अवैध मदिरा विनिर्माण के चिन्हित स्थलों पर ग्राम काछीकुआ,होलिमाल,बंडापुरा व करोली में कार्रवाई कर वृत्त प्रभारी देवराज नगीना आबकारी उपनिरीक्षक द्वारा म.प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क,च के तहत 04 प्रकरण दर्ज किए गये। कार्यवाही में कुल 120 लीटर हाथभट्टी मदिरा तथा 4100 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया गया। महुआ लहान के सेम्पल लेकर शेष लहान मौके पर नष्ट किया गया। कार्रवाई में जब्त अवैध मदिरा तथा सामग्री का कुल अनुमानित मूल्य रु.4,30,000/- (चार लाख तीस हजार रुपए) है।

उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक अजयपाल सिंह भदौरिया, ओमप्रकाश मालवीय एवं वृत महेश्वर,कसरावद, सनावद के आबकारी आरक्षक मुख्य आरक्षक का योगदान रहा।सहायक आबकारी आयुक्त श्री अभिषेक तिवारी ने बताया कि अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

जिला जुजित्सु संघ का हुआ गठन, अध्यक्ष राजकुमार यादव महासचिव जयराज चौधरी चुने गए

राजेंद्र खरे कटनी

जबलपुर- जिला जुजित्सु संघ की कार्यकारिणी का हुआ गठन,4 उपाध्यक्ष, अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष एवं दो सदस्यों का हुआ चयन,मदन महल स्थित रॉक फोर्ड सोफ्टसोल कम्प्यूटर एकेडमी स्थित जुजित्सु मार्शल आर्ट एकेडमी में दिनांक 09 फरवरी 2025 को जबलपुर जिला जुजित्सु संघ का हुआ चुनावी प्रक्रिया सम्पन्न जिसमें सभी सदस्यों ने सर्वसहमति से अध्यक्ष पद पर श्री राजकुमार यादव, उपाध्यक्ष पद पर श्री प्रकाश यादव,विजय पांडे, मुकेश सोनी,पवन कुमार कनौजिया के साथ महासचिव पद पर जयराज चौधरी कोषाध्यक्ष पद पर श्रीमती बीना यादव, संयुक्त सचिव मोहित यादव, सहसचिव शशांक सिंह ठाकुर व तकनीकी निदेशक रविराज चौधरी मीडिया प्रभारी आकाश पांडे को सभी सदस्यों ने सर्वसहमति से चुना। चुनावी प्रक्रिया के दौरान चयनित अध्यक्ष राजकुमार यादव उपाध्यक्ष प्रकाश यादव ने बताया कि इस खेल विधा को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के हर ब्लॉक स्तर पर इसका प्रशिक्षण शिविर लगाकर इस खेल को ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को जोड़कर मध्यप्रदेश शासन की खेल योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य किया जाएगा । खिलाड़ी एवं सदस्यों ने पदाधिकारियों का मुख मीठा कर शुभकामनाएं व्यक्त की ।

घनश्याम घोषी का दुखद निधन

संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा

तेंदूखेड़ा नगर के प्रतिष्ठित घोषी परिवार के घनश्याम घोषी चौराडोंगरी वालों की अचानक हृदयगति रुक जाने से असमय दुखद निधन हो गया। जिन्हें नगर के सभी वर्गों के लोगों ने पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी।घनश्याम कन्छेदी लाल घोषी के छोटे भाई तथा हर्ष घोषी के पूज्य पिता थे। तथा दीपक कुमार प्रशांत घोषी के चाचा थे।

आम आदमी पार्टी प्रदेश संयुक्त सचिव अजय सोनी ने परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह के नाम

रेत परिवहन में अवैध रूप से कृषि उपयोग वाले ट्रैक्टर ट्रॉलियों के बढ़ते कारोबार पर अंकुश लगाने थाना सारनी में सौंपा ज्ञापन

बैतूल। सारणी।आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य प्रदेश संयुक्त सचिव अजय सोनी ने परिवहन मंत्री के नाम ज्ञापन में सारनी नगर पालिका एवं आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में रेत और अन्य खनिज परिवहन में कृषि उपयोग वाले कर मुक्त परिवहन विभाग में बिना पंजीयन वाले ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर अंकुश लगाने कार्यवाही किए जाने एवं सड़क मार्गों पर बेखौफ धड़ल्ले से ओवरलोड सामग्रियों को कम उम्र के युवाओं द्वारा इसका परिवहन करने पर कार्यवाही किए जाने और इन ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॉलियों से आम जनों की जानलेवा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु मांग सारनी थाना में ज्ञापन के माध्यम से परिवहन मंत्री से की गई हैं अगर जमीनी स्तर पर इन मांगों पर परिवहन मंत्री द्वारा कार्यवाही नहीं की जाती हैं तो जिला स्तर पर इसका विरोध प्रदर्शन किया जाएगा इस ज्ञापन के दौरान पार्टी के नेता गण सिराज खान,शिबू विश्वकर्मा, रमेश भूमरकर, राकेश सिंह,अजय सरनकर, मनोहर पचौरिया,प्रीतम भूमरकर, संजय खातरकर, दीपक प्रजापति,थब्बीराम डोंगरे,अनिल पवार, सुनील साहू,अधिवक्ता धनराज नागले, शिव कुमार तुमडाम, संतोष मुजमुले,जीनत आलम एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

पगड़ी रस्म में रक्तदान शिविर का आयोजन, 37 यूनिट रक्त संकलित

हरीश सोनी केसरिया हिंदुस्तान

जोबट। विगत दिनों नगर की वरिष्ठ मातृशक्ति धापू बाई परमार का निधन हुआ। निधन के दिन परिवार ने धापू बाई के नेत्र दान करवाए साथ ही पगड़ी के आयोजन के दिन रक्तदान शिविर लगाने का निर्णय भी लिया गया। सोमवार को जिला अस्पताल ब्लड बैंक आलीराजपुर और ब्लड डोनेशन ग्रुप जोबट के सहयोग से शासन के नियमों का पालन करते हुए रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में परिवार जनों सहित कुल 37 लोगों ने अपने अमूल्य रक्त का दान किया जिसमें 14 मातृशक्ति व 23 पुरुषों ने रक्तदान किया वहीं परिवार के वरिष्ठ गोपाल परमार ने 67 वर्ष की आयु में रक्तदान कर अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया। परिवारजनों ने सभी रक्त दाताओं का आभार व्यक्त किया एवं प्रशस्ति पत्र व उपहार से सम्मानित किया। रक्तदुत समिति सदस्य अश्विन नागर एवं कपिल राठौड़ ने बताया कि जिला अस्पताल आलीराजपुर में प्रतिदिन विभिन्न बीमारियों से ग्रसित मरीजों को रक्त की आवश्यकता रहती है। रक्त की कमी के कारण मरीजों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिसके मद्देनजर परिवार द्वारा स्वप्रेरित होकर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। बता दे आलीराजपुर जिले में पगड़ी रस्म में 71वां और जोबट में 27वां रक्तदान शिविर आयोजित हुआ।

संघ का जगोटी में निकला पथ संचलन

केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा

खेड़ा खजुरिया – रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन निकला, जिसमें जगोटी मंडल के अंतर्गत आने वाले गांवों से आए स्वयं सेवकों ने भागीदारी की। पथ संचलन में बाल स्वयं सेवक भी अनुशासन के साथ निकले। गांव में भ्रमण के बाद सत्य वीर तेजाजी मंदिर के सामने परिसर में बौद्धिक जिला सह कार्यवाहक विक्रमसिंह आंजना ने दिया। इस अवसर पर विभाग ग्राम विकास सह संयोजक रामनारायण सोनी, खंड व्यवस्थापक उमेश गेहलोत, घौंसला उपखंड सह कार्यवाहक राहुल परमार,पवन आंजना महूडी, मंडल कार्यवाहक जीवन सिंह ठाकुर भी उपस्थित थे।

2025 के साल में साइबर ठगी बढ़ेगी, होशियार रहना - बाबा उमाकान्त जी

सुरक्षित इंटरनेट दिवस के सन्दर्भ में बाबा उमाकान्त जी महाराज का विशेष संदेश

मोरेना, मध्य प्रदेश परम सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज ने कहा कि जब से ये ऑनलाइन सिस्टम चालू हुआ, तब से फायदा भी हुआ लेकिन नुकसान ज्यादा हो रहा है। जब तक लोग ठगी (ऑनलाइन) नहीं सीख पाए थे तब तक तो इससे फायदा हो रहा था लेकिन अब नुकसान हो रहा है। पता ही नहीं चलता और बैंक से रुपया निकल जाता है। बूढ़े-बुजुर्ग जो भजन, भाव-भक्ति नहीं करते हैं, चाहे सतसंगी ही क्यों न हों, वे जब मोबाईल देखते रहते हैं तो जैसे ही संदेश आता है उस पर दबा देते हैं और जैसे ही दबा देते हैं तो कॉल आने लग जाता है।



अगर जयगुरुदेव नाम का ऑनलाइन ठगी जैसे गलत काम में इस्तेमाल किया तो वह असफल रहेगा : दिल्ली में एक सतसंगी के यहां फोन आया और उसने सतसंगी बन कर के, जयगुरुदेव बोल कर के उनको ठगने की कोशिश कि। लेकिन आपको यह समझाया जाता रहा है कि होशियार रहना नहीं तो एक की गलती से कई लोग ठग जाएंगे। तो उनको इस बात की जानकारी रही और इसीलिए बच गए बेचारे। यह भी बताया गया कि ये जयगुरुदेव नाम जान का रक्षक है। यह नाम तकलीफ में आराम देने वाला, सुख और शांति देने वाला एवं बिगड़े काम को बनाने वाला नाम है। लेकिन गलत काम में अगर कोई इस्तेमाल करेगा तो वह फेल रहेगा। चोरी-चकारी, गलत काम करने के लिए जयगुरुदेव नाम कोई बोलेगा तो पकड़ा जाएगा, मार पड़ेगी। तो ऐसे ही वह सतसंगी भी बच गए। किसकी दया से बच गए? कहा गया है - हम तो बच गए साहब दया से, शब्द डोर गए उतरे पार卐 वह प्रभु को याद करते रहे होंगे। पता चला कि वह गुलाबी टोपी लगाए हुए थे। तो गुलाबी कपड़े ने ही बचत कर दिया होगा।

साँच को आंच नहीं इसलिए ठगों से सावधान रहने की जरूरत है: जिनको भी बिजनेस-व्यापार करना है, वे कोई भी काम करें तो सीख करके करें। पार्टनरशिप में मत करना और लोभ-लालच में मत आना। आजकल ठगी बहुत बढ़ गई है। आजकल केवल एक बटन दबाने से लाखों-करोड़ों रुपए बैंक से निकल जाते हैं इसलिए लालच मत करना। यह अभी तो बहुत बढ़ेगा। सरकारें रोकने की कोशिश तो बहुत कर रहीं हैं लेकिन 'तू डाल-डाल तो हम पात-पात'। जैसे ही सरकारें रोकने का तरीका खोजती हैं तो ठग लोग अपनी ठगी का दूसरा तरीका निकाल लेते हैं। जिस तरीके से ये इसको रोकने की कोशिश करते हैं, वही विद्या वो भी पढ़े हैं। वो उसी तरीके से खोज लेते हैं। 2025 के साल में साइबर ठगी बढ़ेगी। तो उसके चक्कर में आप लोग न आ जाओ इसलिए होशियार रहना, ज्यादा लालच में मत आना। यदि कोई फोन पर डराए कि मैं ये बोल रहा हूं, वो बोल रहा हूं तो आप डरना मत। कहते हैं कि सांच को आंच नहीं रहती है, कोई चाहे कितना भी कुछ कहे। *卐गुरु राजी तो कर्ता राजी और काल कर्म की चले न बाजी卐* जब गुरु पर से विश्वास हटा देते हो, गुरु की बातों को भूल जाते हो कि अपने प्रारब्ध पर विश्वास करो, जब ज्यादा पाने की कोशिश करने लगते हो तो लालच बढ़ता है। तब ठग जाते हैं। इसलिए आप लोग ज्यादा लोभ-लालच मत करना।

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में छात्रों ने प्रसारण देखा

सी एम राईज स्कूल ने विधार्थियों को दिखाया गया

केसरिया हिन्दुस्तान से रघुनाथ सेन

बाग - परीक्षाओं मे तनाव दूर करने के लिए परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विगत वर्षो से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम 10 फरवरी 2025 को 11ः बजे लाईव दिखाया गया ।जिसका परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम माननीय के निर्देशानुसार नगर की सीएम राइज स्कूल सहीत समस्त शासकीय स्कूलों में विधार्थियों को दिखाया गया । इस दौरान माननीय प्रधानमंत्री ने विधार्थियों से संवाद करते हुए कहा की जिंदगी में आगे बढ़ने और जिंदगी जीने के की टीप्स शेयर किए । साथ ही माननीय प्रधानमंत्री ने कहा की पहले वही विषयों को पढ़ें डरे नही रहे हैं । अपनी विफलताओं को दुर करने केलिए अनेक उदाहरण दिये। । इस तरह माननीय मोदी जी ने विधार्थियों के प्रश्न के जवाब भी दिये ओर । इस दौरान सीएम राइज स्कूल के प्राचार्य डी एस बघेल ने बताया की शासन के निर्देश अनुसार 10 फरवरी 2025 को सभी स्कूलो के बच्चों ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का 8 वा संस्करण का लाईव प्रसारण दिखाया गया जिसमें स्कुली बच्चों के साथ संस्था का समस्त स्टाफ उपस्थित था ।

पिकअप और बाइक की टक्कर में युवक की मौत

दिनेश शुक्ला दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी

आलोट आगर-जावरा रोड पर रविवार रात 8 बजे एक सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पहचान राहुल पांचाल के रूप में हुई जो भूतिया गांव का निवासी था। घटना उस समय हुई जब राहुल ताल से अपने गांव भूतिया लौट रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही एक पिकअप से उसकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि राहुल की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद पिकअप ड्राइवर वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

केजेएस सीमेंट प्लांट के खिलाफ श्रमिक संघ ने सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

मैहर के केजेएस सीमेंट प्लांट के द्वारा बिना किसी कारण के श्रमिक नेता को गेट बंद किए जाने और श्रमिकों का इंक्रीमेंट ना बढ़ाए जाने के विरोध पर आज मैहर पहुंचकर श्रमिक संघ के द्वारा मैहर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपा गया है वही श्रमिक नेता के द्वारा बताया गया कि केजेएस सीमेंट प्लांट के द्वारा पिछले कई वर्षों से श्रमिकों का एग्रीमेंट नहीं बढ़ाया जा रहा है और इसके साथ-साथ एक श्रमिक नेता को बिना किसी कारणवश गेट बंद कर दिया गया इसके विरोध पर भारतीय सीमेंट एवं माइंस श्रमिक संघ मैहर के द्वारा आज मैहर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपा गया है और आगामी दिनों पर निराकरण नहीं होने पर बृहद प्रदर्शन किए जाने की चेतावनी दी गई है

प्रयागराज महाकुंभ पदयात्रा कर घर लौटे श्रद्धालुओं का बैरसिया में किया गया भव्य स्वागत

केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा.9425727854

बैरसिया।। ग्राम मेगरा कला गांव से एक दर्जन श्रद्धालु पदयात्रा करते हुए कुंभ नगरी प्रयागराज पहुंचें थे। करीब 17 दिन की पदयात्रा कर पहुंचे श्रद्धालु ने संगम घाट पर आस्था की डुबकी लगाई। तत्पश्चात वहां से भगवान श्री राम जन्मभूमि अयोध्या धाम पहुंचकर रामलाल के दर्शन किए और फिर अपने गांव लौटे। गांव लौटे श्रद्धालुओं के गांव पहुंचने से पहले बैरसिया रेस्टहाउस में भारतीय किसान संघ के जिला मीडिया प्रभारी विनय सिंह पटेल द्वारा सभी श्रद्धालुओं का पुष्प मालाएं पहनाकर साल उड़ाकर स्वागत किया गया। साथ ही सभी को चाय नाश्ता कराया गया। इस मौके पर पंडित कैलाश नारायण बैरागी देव महाराज मंडल के अध्यक्ष गोरेलाल सिसोदिया, पत्रकार प्रेम सिंह दांगी ,सचिव संगठन के अध्यक्ष बृजेश सिंह भदोरिया सचिव कैलाश नारायण साहू, रामबाबू भार्गव सुंदरलाल गुर्जर, राकेश मकवाना ,उदय राजपूत बलराम सिसोदिया, विश्राम सिंह सिसोदिया जगदीश राजपूत रोजगार सहायक दशरथ सिंह राजपूत आदि उपस्थित थे।

कृत्रिम उपकरण एवं सहायक उपकरण के लिए परीक्षण एवं चिन्?हांकन शिविरों का आयोजन

बृजमोहन कारपेंटर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो राजगढ़

राजगढ - भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (भारत सरकार का उपक्रम) एलिम्को सहायक उत्पादन केंद्र उज्जैन के सहयोग से सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग विभाग एवं कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार जिले की समस्?त विकासखंडों जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ में 17 फरवरी को, जनपद पंचायत ब्यावरा में 18 फरवरी को, जनपद पंचायत सारंगपुर में 19 फरवरी को, जनपद पंचायत खिलचीपुर में 20 फरवरी को, जनपद पंचायत राजगढ़ में 21 फरवरी को एवं जनपद पंचायत जीरापुर में 22 फरवरी, को दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों हेतु कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों के लिए परीक्षण एवं चिन्?हांकन शिविर का आयोजन किया जाएगा।

गांव के हर घर तक पहुंचे गुणवत्तायुक्त, शुद्ध और पर्याप्त पेयजल, कोई भी घर छूटे न

ग्रामीण नल जल योजनाओं के समुचित* संचारण-संधारण के लिए*शीघ्र लाई जाएगी पॉलिसी, तय किए जाएंगे सभी के दायित्व

मारुति लाल विश्वकर्मा

(प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री पी.नरहरि)

छिन्दवाड़ा/ 10 फरवरी 2025/ मध्यप्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख सचिव श्री पी.नरहरि शनिवार को छिंदवाड़ा पहुंचे और कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सख्त रुख अपनाते हुए जिले में जल जीवन मिशन की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त की और सभी एकल योजनाओं में सभी घरों में हर घर जल पहुंचाने का कार्य 31 मार्च 2025 के पूर्व पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्धारित डेड लाइन के बाद भी कार्य पूरा नहीं होने पर कार्यवाही की चेतावनी दी है। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि प्रत्येक गांव के हर घर तक गुणवत्तायुक्त शुद्ध पेयजल पर्याप्त मात्रा में पहुंचे, कोई भी घर छूटने न पाए। जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन के बाद दूषित जल अथवा डायरिया से मृत्यु के एक भी प्रकरण बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्य डेड लाइन तक पूरा कराने के लिए सभी जनपद सीईओ व पंचायत के अमले और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के इंजीनियर्स को भी पी.एच.ई. विभाग के इंजीनियर्स के साथ बेहतर समन्वय में कार्य करने एवं निगरानी के निर्देश दिए हैं। उन्होंने माचागोरा समूह जल प्रदाय योजना का कार्य भी गति और गुणवत्ता के साथ पूरा कराने तथा रोड रेस्टोरेशन का शेष कार्य भी शीघ्र पूरा कराने के लिए निर्देशित किया।

नल जल योजनाओं के समुचित संधारण के लिए लाई जाएगी पॉलिसी- पी.एस. श्री नरहरि ने जानकारी दी कि गांव में पेयजल योजनाओं के संधारण में पंचायतों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिसका हल खोजा गया है। इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल योजनाओं के संचारण-संधारण के लिए पॉलिसी तैयार कर रही है, जो शीघ्र ही लाई जाएगी। इस पॉलिसी में पेयजल योजनाओं के समुचित संचारण-संधारण के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ग्राम पंचायत सहित सभी की भूमिका स्पष्ट निर्धारित की जाएगी

यातायात पुलिस द्वारा स्कूली वाहनों पर की गई प्रभावी कार्रवाई

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा स्कूली वाहनों में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा यातायात संबंधी विभिन्न नियमों का पालन कराए जाने के संबंध में समय-समय पर जारी दिशा निर्देशों के तारतम में आज दिनांक 10.02.25 को श्री वीरेंद्र जैन पुलिस अधीक्षक महोदय जिला श्योपुर के निर्देशन में एवं श्री सतेंद्र सिंह तोमर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्शन में निरीक्षक संजय सिंह राजपूत तथा प्रभारी थाना यातायात द्वारा यातायात टीम के साथ यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूली एवं अन्य वाहनों पर कार्रवाई हेतु सुबह विशेष अभियान चलाया गया!

चेकिंग के दौरान नियम विरुद्ध संचालित स्कूली वाहनों पर वैधानिक चालानी कार्रवाई की गई, चेकिंग के दौरान बिना परमिट संचालित तीन स्कूली बसों पर चालानी कार्रवाई कर 15000 रुपये समन शुल्क वसूला गया तथा बिना वर्दी 01, बिना नंबर प्लेट 02, बिना अग्निशमन यंत्र 03, क्षमता से अधिक बच्चे बैठना 04, बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र 02, बिना फर्स्ट एंड बॉक्स 01, एवं बिना हेलमेट 05, आदि कुल 21 वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर 24800 रुपये जुर्माना किया गया!

यातायात पुलिस द्वारा सभी स्कूली वैन संचालकों को चेकिंग के दौरान वहां के परमिट फिटनेस लाइसेंस बीमा आदि समस्त दस्तावेज पूर्ण रखना क्षमता से अधिक बच्चे न बैठने तेज गति एवं खतरनाक ढंग से वहां न चलने स्कूली वाहनों में मेडिकल किट बॉक्स अग्निशमन यंत्र रखने तथा अन्य समस्त यातायात नियमों को पूर्ण रूप से पालन करने की हिदायत दी!

नशा कोई भी हो, मनुष्य जीवन के लिए अभिशाप है- पूर्व वनमंत्री श्री रावत

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में सामाजिक न्याय विभाग द्वारा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय विजयपुर के सहयोग से विजयपुर क्षेत्र में गत दिनों से नशा मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में आज तीसरे दिन तहसील चौराहा सुनवई रोड से नशामुक्ति अभियान जागरूकता रैली को पूर्व वन मंत्री श्री रामनिवास रावत द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर उन्होने अपने उद्बोधन में कहा कि किसी भी प्रकार का नशा हो, हमारे जीवन को खराब करता है कई प्रकार की बीमारियां होती है परिवार टूटते हैं धन व तन की बर्बादी होती है, इसलिए हमें नशे से बचना चाहिए। पूर्व मंत्री श्री रावत ने जिला प्रशासन एवं ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय विजयपुर के सहयोग से आयोजित इस अभियान की सराहना की तथा अभियान में शामिल लोगों को भी धन्यवाद दिया तथा कहा कि इस तरह का संगठित प्रयास का परिणाम भी सकारात्मक आएगा।

नशामुक्ति अभियान के तहत ग्राम लक्ष्मणपुरा एवं भैसाई में जागरूकता रैली का आयोजन कर नशामुक्ति का संदेश दिया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी की मेडिकल विंग द्वारा नशा मुक्ति प्रदर्शनी का आयोजन करते हुए ग्रामीणों को नशे से दूर रहने की समझाइश दी गई, तथा नशा मुक्ति के दुष्परिणाम परिणामों को प्रदर्शित करने के लिए नुक्ड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नशा मुक्ति रैली में अभियान प्रभारी बीके शशि बहन विजयपुर, एडवोकेट श्री चंद्र प्रकाश शर्मा, बीके विजय कुमार शर्मा संतोष बहन, राधा बहन, मीना बहन, राजलक्ष्मी बहन आदि मौजूद रही।

नरसिंहगढ़ में रेप पीड़िता बच्ची की मौत आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर ग्रामीणों ने थाने पर प्रदर्शन किया

बृजमोहन कारपेंटर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

राजगढ़ - नरसिंहगढ़ नगर में 11 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी मौत हो जाने से लोगों में आक्रोश है। सोमवार को आसपास के गांवों के सैकड़ों लोग हाथों में बैनर लेकर सड़कों पर उतर आए और प्रदर्शन किया

आमजन नेशनल हाईवे-46 पर एकत्रित हुए। प्रदर्शनकारियों में महिलाएं, पुरुष और स्कूली बच्चे शामिल थे। सभी ने %आरोपी को फांसी दो% के नारे लगाते हुए संजय नगर, स्टेडियम, चंपी मोहल्ला और छतरी चौराहा होते हुए नरसिंहगढ़ थाने के सामने धरने पर बैठे लोगों ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की मांग

अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की मांग: प्रदर्शनकारियों ने क्षेत्र में बढ़ते अपराधों के लिए अवैध शराब को भी जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने इस पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित करने और अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

प्रधानमंत्री जी की सोच विद्यार्थियों के लिए एक नई दिशा देने का उद्देश्य है - राज्यमंत्री श्री पटैल

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

दमोह - प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सोच की तारीफ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी की सोच विद्यार्थियों के लिए एक नई दिशा देने का काम है, परीक्षा पर चर्चा का यह आठवां एपिसोड है। उन्होंने कहा जैसे हम जानते हैं कि कई विद्यार्थी इस समय जब उनके परिणाम खराब हो जाते है, तो बहुत गलत कदम उठा लेते है, कई बार आत्महत्या तक कर लेते हैं। उन्होंने कहा जैसी मुझे जानकारी हुई है कि लगभग करोड़ छात्रों से प्रधानमंत्री जी जुड़ेंगे सही दिशा उद्बोधन, कार्यक्रम हर जिले में रखा गया है, परीक्षा पर चर्चा कर विद्यार्थियों का उत्साह बढाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा सभी बच्चे फर्स्ट क्लास नहीं आ सकते है, सारे बच्चे मेरिट में नहीं आ सकते लेकिन उनको और भी काम है, जरूरी नहीं कि कोई टॉप करें तभी वह आगे पड़ेगा। यह बहुत अच्छा काम है इसके लिए देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का बहुत-बहुत धन्यवाद।

धान खरीद केंद्रों पर खुलेआम हो रहा भ्रष्टाचार जिम्मेदार अधिकारी मौन

लूट सको तो लूट समिति के सचिवों की मनमानी पैसों का बंदरबांट

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता रामप्रकाश गुप्ता बाराबंकी

क्रम सं०	तिथि	किसान की संख्या	कुल खरीद(क्वि०टल०)	कुल भुगतान हेतु धनराशि(रु०)
1	2	3	4	5
1	08/02/2025	5	29.840000	₹6,92,288.00
2	07/02/2025	4	29.920000	₹6,94,144.00
3	06/02/2025	3	29.560000	₹6,85,792.00
4	05/02/2025	3	29.960000	₹6,95,072.00
5	04/02/2025	3	29.960000	₹6,95,072.00
6	03/02/2025	4	29.920000	₹6,94,144.00
7	01/02/2025	4	29.960000	₹6,95,072.00
8	31/01/2025	4	29.960000	₹6,95,072.00
9	30/01/2025	5	29.960000	₹6,95,072.00
10	29/01/2025	4	29.920000	₹6,94,144.00
11	28/01/2025	4	29.960000	₹6,95,072.00
12	27/01/2025	5	29.960000	₹6,95,072.00
13	25/01/2025	4	29.920000	₹6,94,144.00
14	24/01/2025	3	29.960000	₹6,95,072.00

रामसनेहीघाट बाराबंकी। धान खरीद को लेकर समितियों द्वारा धूल झोंका जा रहा है।केंद्रों पर सन्नाटा पसरा हुआ है लेकिन खरीद का कांटा तेजी से भाग रहा है। धरातल पर तौल नहीं हो रही है। लेकिन कागजी खरीद का ग्राफ भाग रहा है। बनीकोडर के पीसीएफ केंद्र पर तौल कई दिनों से ठप है। लेकिन खरीद 300 क्विंटल प्रतिदिन दर्शाई जा रही है। किसी अफसर को यह नजर नहीं आ रहा है। धरातल पर तौल न होने से केंद्र भी समय से नहीं खुलता है। लेकिन तौल रोज होती है। यह अकेले बनीकोडर पीसीएफ का हाल नहीं है। अमूमन अधिकांश केंद्रों का यही दृश्य हैं। यहां 300 क्विंटल तक तौल दर्शाई जा रही है,कहीं 600 क्विंटल। यह हाल तब है जहां जिलें में सख्त डीएम शशांक त्रिपाठी की तैनाती हैं।

ये तो बहुत ही अच्छी बात है। किसान से न खरीदकर कोटा पूरा कर सरकारी कर्मचारी लाभान्वित हो रहे है। मीलर का धान भी सिरजा जा रहे है। सरकार को चूना लगाया जा रहा है। पूरे जगह यही चल रहा है। कागजों पर खरीद कर कोरम पूरा किया जा रहा है। जबकि डीएम शशांक त्रिपाठी जी बेहद अनुशासन वाले अधिकारी जाने जाते है। बताओ उनकी आंखों में भी धूल झोकी जा रही है। रामसनेहीघाट के थोरथिया में विपणन के दो केंद्र हैं। यहां पर विभाग की माने तो दोनों केंद्र पर खरीद पूरी क्षमता से दौड़ रही है। प्रतिदिन 600 क्विंटल के करीब खरीद होती है। यानी 2400 बोरी। हालांकि सोमवार को साढ़े 12 बजे तक तौल शुरू नहीं हो सकी थी। अभी देखना साढ़े 4 घंटे में दोनों केंद्र 600 क्विंटल की तौल कर देंगे। यह लोग कह रहे हैं। हालांकि यहां पर तौल पूरी पारदर्शिता से होती है। ऐसे में डीएम शशांक त्रिपाठी क्या इन सचिव और अधिकारी को दण्ड देंगे। लोगों का कहना है कि किसान क्रय केंद्रों के सचिव ऐसे नहीं करोड़पति बने हैं। किसानों के धान की तौल कैसे और कब होती है यह केवल किसान ही जानता है।

अमृतसर कमिश्नरेट ने विदेशी गैंगस्टर/ आतंकवादी हैप्पी पाशिया द्वारा संचालित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया

गिरफ्तार आरोपी ने हिरासत से भागने की कोशिश की और संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद उसे पकड़ लिया गया

पंजाब पुलिस ने पंजाब को अपराध मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्धता जताई है

पुलिस ने मॉड्यूल के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान कुलदीप कुमार, सुशील पदम अमृतसर पंजाब

अमृतसर पुलिस की सीआईए टीमों ने थाना सदर की पुलिस टीमों के साथ मिलकर खुफिया जानकारी के आधार पर अजनाला और राजासांसी इलाकों से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान इस प्रकार हुई है- 1. लवप्रीत सिंह उर्फ लाभा पुत्र मनजीत सिंह निवासी जगदेव कलां 2. करणदीप सिंह उर्फ करण पुत्र हरजिंदर सिंह निवासी जगदेव कलां 3. बूटा सिंह पुत्र सतनाम सिंह निवासी मुकाम अमृतसर ।

जांच के दौरान पता चला कि अमृतसर निवासी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पाशियान ,जो वर्तमान में विदेश में रह रहा है, पंजाब के सीमावर्ती जिलों में आतंकी मॉड्यूल चला रहा था। उसने अपने निर्देशों पर अपराध करने के लिए आरोपियों को भर्ती किया और बहकाया। यह भी पता चला कि गिरफ्तार आरोपी बूटा सिंह का एक भाई दुबई में रहता है, जहां उस समय हैप्पी पाशियान रह रहा था। इस संबंध के कारण बूटा सिंह मोबाइल फोन के जरिए हैप्पी पाशियान संपर्क में था। इसके बाद बूटा सिंह के जरिए आरोपी लवप्रीत सिंह उर्फ लब्बा और करनदीप सिंह उर्फ करन, दोनों जगदेव कलां निवासी, ने सोशल मीडिया के जरिए हैप्पी पाशियान संपर्क स्थापित किया।

हैप्पी पाशियान ने अपने स्थानीय संपर्कों के माध्यम से उन्हें विभिन्न परिष्कृत और स्वचालित हथियारों और धन की व्यवस्था की और उन्हें प्रदान किया। बूटा सिंह और लवप्रीत सिंह उर्फ लब्बा के खुलासे के बयानों के आधार पर, पुलिस ने अजनाला और राजा सांसी क्षेत्रों से 04 राउंड के साथ एक्च-47 राइफल और 05 राउंड के साथ एक पिस्तौल बरामद की। बाद में, जब पुलिस पिस्तौल की आगे की बरामदगी के लिए आरोपी करणदीप सिंह उर्फ करण को ले गई, तो राजा सांसी क्षेत्र में भागने का प्रयास हुआ, आरोपी लवप्रीत सिंह ने अचानक एएसआई गुरजीत सिंह से सर्विस पिस्तौल छीन ली और पुलिस पार्टी पर गोलीबारी की और भागने की कोशिश की। इस बीच आरोपी बूटा सिंह ने भी पुलिस हिरासत से भागने का प्रयास किया। उनके भागने को रोकने और आत्मरक्षा में कार्य करते हुए, इंस्पेक्टर हरिंदर सिंह (एसएचओ, पीएस सदर) और इंस्पेक्टर बिंदरजीत सिंह (इंचार्ज, सीआईए स्टाफ - 3) ने अपने सर्विस हथियारों से जवाबी फायरिंग की और लवप्रीत सिंह और बूटा सिंह घायल हो गए। घायल आरोपियों को तुरंत इलाज के लिए सिविल अस्पताल, अमृतसर ले जाया गया। थाना एयरपोर्ट पर धारा 109,188,189 बीएनएस 25/27 /54/59 के तहत एक अलग एफआईआर नंबर 4 दिनांक 9/2/25 दर्ज है।

आरोपियों ने अपनी प्रारंभिक पूछताछ में 3/2/2024 को फतेहगढ़ चूड़ियां बाईपास के पास हुई घटना में अपनी संलिप्तता भी कबूल की है। आरोपियों के पास एक लपेटा हुआ पदार्थ था, जो किसी भी सतह पर टकराने पर बहुत तेज आवाज करता था, जिससे सनसनी फैल जाती थी। इस मॉड्यूल में तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ एक एके-47 राइफल, 04 जिंदा कारतूस, 02 पिस्तौल (एक .30 और एक .32 बोर) के साथ 09 कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। आगे की जांच जारी है

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में प्रत्याशियो की प्रचार प्रसार ने पकड़ा जोर

सुबह से लेकर शाम तक मतदाताओं को रिझाने में लगे है प्रत्याशी

कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

बलौदाबाजार। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत पंच सरपंच जनपद एवं जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशियो को चुनाव चिन्ह मिलने के बाद समर्थकों के साथ घर-घर जाकर प्रचार प्रसार में पूरी ताकत झोंक दे रहे है। गांव गांव में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई है। गांव के पान ठेला होटल हुआ चौक चौराहों में चुनावी चर्चा और हार जीत के दांव लग रहे है। प्रत्याशी अपने-अपने इष्ट देवों की पूजा अर्चना करने के बाद समर्थकों के साथ देर रात तक जनसंपर्क करते हुए मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान करवाने के लिए भाग दौड़ कर रहे हैं। प्रत्याशियों के द्वारा अपने-अपने समर्थकों के साथ डीजे एवं लाउडस्पीकर के माध्यम से गांव-गांव पहुंच कर जनसंपर्क कर रहे हैं जिसके चलते गांवो की गली मोहल्ला चौक चौराहा चुनावी माहौल में रंगे हुए हैं।

जनपद पंचायत बलौदाबाजार के अंतर्गत जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 अनारक्षित महिला मुक्त सीट से इस बार 06 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। जिसमें पहले नंबर पर ग्राम कोलिहा के गजेंद्री वर्मा को ब्लैक बोर्ड छाप दूसरे नंबर पर इसी गांव के गेस बाई वर्मा को बरगद का पेड़ तीसरे नंबर पर ग्राम बगबुडा के हेमलता देवराम साहू को झोपड़ी छाप और इसी गांव के ही लक्ष्मी जितेंद्र घृतलहरे को चौथे नंबर पर ट्रैक्टर चलाता किसान पांचवें नंबर पर ग्राम पंचायत मुंडा के संगीता दिनेश वर्मा को तराजू एवं छठवें नंबर पर ग्राम बगबुडा के सविता वर्मा को फसल काटता किसान चुनाव चिन्ह मिला है। इस जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बगबुडा कोलिहा आश्रित गांव सर्वाडीह एवं ग्राम पंचायत मुंडा एवं उनके आश्रित गांव ढनढनी आते हैं। जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 की बात करें तो अनारक्षित महिला मुक्त के लिए आरक्षित होते ही गजेंद्री वर्मा का प्रचार प्रसार शुरू हो चुका था। जनपद क्षेत्र के पांचो गांवो के चौक चौराहो में उनके बैनर पहले से ही लग गए हैं। चुनाव चिन्ह मिलते ही गजेंद्री वर्मा अपने समर्थकों के साथ जनपद क्षेत्र के गांवो का दौरा कर मतदाताओं से मिलकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रही हैं। जिसके चलते गजेंद्री वर्मा के पक्ष में माहौल बनता दिखाई दे रहे है। मृदुभाषी और शिक्षित गजेंद्री वर्मा को लेकर जनता के बीच खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। वही ग्राम पंचायत मुंडा से एक ही प्रत्याशी खड़ी होने से पढ़ी-लिखी शिक्षित संगीता दिनेश वर्मा को गांव का समर्थन मिलता दिखाई दे रहे हैं। जिसके चलते जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 में इन दोनों प्रत्याशियों के बीच ही टक्कर होने की संभावना व्यक्त मतदाताओं के द्वारा की जारी है।

योगी सरकार मे सफाई कर्मी बना बाबू जमकर की हाउस टैक्स में धांधलेबाजी

सफाई कर्मी के हाथो मे सरकारी कागज़ो की बागडोर मननानी पर ऊतारू

पीलीभीत- बरखेड़ा। कस्बे की नगर पंचायत मे इस समय सफाई कर्मी बाबू बनकर हाउस टैक्स व वाटर टैक्स का सारा लेखा-जोखा देख रहा है। और जमकर भ्रष्टाचार कर रहा है। वही कस्बे के वार्ड नंबर 7 भीमसेन भगत जी ने बताया है। की नगर पंचायत का सफाई कर्मी महेश कुमार नगर पंचायत मे बैठकर हाउस टैक्स व वाटर टैक्स जमा कर रहा है। सफाई कर्मी महेश कुमार ने 2 हज़ार रूपए पीड़ित युवक से बसूले और रसीद केवल 15 सौ रूपए की दी। जब पीड़ित ने कहा की रसीद कम की क्यो दी जिस पर सफाई कर्मी पीड़ित को धमकाने लगा वही पीड़ित ने बताया की अगर मेरे साथ सफाई कर्मी धांधले बाजी कर सकता है। तो ना जाने कस्बे के कितने लोगो के साथ ऐसा किया होगा सफाई कर्मी हाउस टैक्स के नाम पर कस्बे के कई लोगो के साथ धांधले बाजी कर चुका है। सरकारी कागजो मे गोलमाल करने का सफाई कर्मी को महारथ हासिल उसी के दम पर सरकारी धन को ठिकाने लगाकर बंदरबांट कर लेता है। हाउस टैक्स के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार कर रहा है। जब से महेश कुमार सफाई कर्मी बना आज तक किसी वार्ड मे सफाई करने नही पहुचा है। और नगर पंचायत मे बाबू बनकर बैठा रहता है। जबकि योगी सरकार का आदेश है। इस पोस्ट पर जो लगा है। उसी पोस्ट पर नौकरी करेगा उसके बावजूद भी सफाई कर्मी सरकारी अभिलेखो का लेखा-जोखा संभाले हुए है। और सरकार के आदेशो को सफाई कर्मी पलीता लगा रहा है। किसी वार्ड मे सफाई करने नही जाता है। जिसके चलते कस्बे मे गंदी के अंबार लगे रहते है। डियूटी सफाई करने की है। लेकिन नगर पंचायत की विडवंना के चलते सफाई कर्मी बाबू बन बैठा है। और कस्बे की गरीब जनता का हाउस व वाटर टैक्स के नाम पर शोषण कर रहा है। जिसके चलते कस्बे के लोगो मे सफाई कर्मी के प्रति आक्रोश दिखाई दिया है। बताया की ममला संज्ञान मे आया है। इस मामले मे नगर पंचायत मे मीटिंग करके जानकारी ली जायेगी जो भी तथ्य सामने आयेगे उस पर कार्रवाही की जायेगी नागेन्द्र पाण्डेय एसडीएम बीसलपुर पीलीभीत।

144 बीएन, बीएसएफ द्वारा नागरिक कार्रवाई कार्यक्रम

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान कुलदीप कुमार अमृतसर पंजाब

आज 144 बीएन, बीएसएफ ने 144 बीएन बीएसएफ के अपने संपूर्ण जिम्मेदारी वाले क्षेत्र के लिए *नागरिक कार्रवाई कार्यक्रम* आयोजित किया। इस कार्यक्रम में एओआर के सभी सीमावर्ती गांवों के सरपंचों और सीमावर्ती गांवों के स्कूलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान, 144 बीएन, बीएसएफ ने सीमावर्ती गांव और स्कूलों में मधुमक्खी के छत्ते और खेल के सामान वितरित करने के अलावा क्षेत्र के विकलांग नागरिकों को 10 ट्राइसाइकिल वितरित कीं। श्री अजय कुमार मिश्रा, कमांडेंट, 144 बीएन ने इस अवसर पर उपस्थित सभी स्थानीय ग्रामीणों से बातचीत की और उन्हें युवाओं को नशे से बचाने के लिए क्षेत्र में मादक पदार्थों के खतरे से लड़ने के लिए बीएसएफ के साथ समन्वय करने के लिए प्रेरित किया। सभी सीमावर्ती ग्रामीणों ने सीमावर्ती ग्रामीणों के जीवन को आसान बनाने के लिए 144 बटालियन, बीएसएफ के प्रयासों की सराहना की।

राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस में जिलाधिकारी जे. रीभा ने बच्चों को एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाई

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता

बांदा*-राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर विद्यावती निगम मेमोरियल पब्लिक स्कूल, नरैनी रोड, बांदा में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी जे. रीभा के कर-कमलों द्वारा किया गया। उनकी उपस्थिति में बच्चों को पेट के कीड़ों से बचाव के लिए एल्बेंडाजोल 400 एमजी की टैबलेट खिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. श्रीवास्तव, एसीएमओ डॉ. अजय, डीपीएम कुशल यादव, डीईआईसी मैनेजर वीरेंद्र प्रताप, तथा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम के सदस्य डॉ. अर्चना भारती, डॉ. एस.पी. सिंह, एमडी शरीफ, और जियाउद्दीन की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर बच्चों को कृमि संक्रमण के कारण होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी दी गई, जैसे एनीमिया, कुपोषण, कमजोर प्रतिरक्षा तंत्र, और बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव। साथ ही, डिवर्मिंग के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया कि यह बच्चों को स्वस्थ रखने, उनकी लर्निंग कैपेसिटी, स्कूल में उपस्थिति, और एकाग्रता को बेहतर बनाने में मदद करता है। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने जिलाधिकारी जे. रीभा का स्वागत किया। अपने प्रेरणादायक संबोधन में जिलाधिकारी ने बच्चों को स्वस्थ खान-पान अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बच्चों को फास्ट फूड और जंक फूड से बचना चाहिए। हरी सब्जियां, फल, और पोषण युक्त भोजन को अपनी दिनचर्या में शामिल करें, ताकि आप शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनें।

विद्यालय के निदेशक ने जानकारी दी कि विद्यालय में नियमित रूप से टिफिन बॉक्स की जांच की जाती है ताकि बच्चों को स्वस्थ आहार के प्रति जागरूक किया जा सके। कार्यक्रम की शुरुआत में केएसीनाईटी ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष अरुण कुमार निगम ने जिलाधिकारी का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

समापन पर विद्यालय के निदेशक ने धन्यवाद ज्ञापित देते हुए कहा, हमारा विद्यालय बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के साथ-साथ उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए भी निरंतर कार्यरत है और आगे भी पूरी सजगता के साथ काम करता रहेगा।

अपना दल एस पार्टी की जिला इकाई हुई घोषित, जिला अध्यक्ष आई टी मंच अरुण कुमार पटेल को बनाया गया

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता

बाँदा- अपना दल एस पार्टी ने आज बाँदा जिला कार्यकारिणी सहित मंचों के अध्यक्षों की सूची जारी की. पार्टी की तरफ से जारी इस सूची में अरुण कुमार पटेल को जिला अध्यक्ष आई टी मंच बनाया गया है. नव नियुक्त युवा अध्यक्ष अरुण कुमार पटेल ने अपना दल एस पार्टी के सभी सम्मानित पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित दिया, तथा उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के द्वारा मुझ जैसे एक छोटे से कार्यकर्ता को जो इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी गयी है , उसे मैं पूर्ण निष्ठा , निस्वार्थ भाव से निर्वहन करूँगा , तथा अपना दल एस पार्टी की यशश्वी राष्ट्रीय अध्यक्ष बडी बहन आदरणीय अनुप्रिया पटेल जी के विचारों , कार्यो को सर्वसमाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने का प्रयास करूँगा ।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर (मध्य प्रदेश) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादकः अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपिल गोयल
जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

ममता ने किन्नर अखाड़े के महामंडलेश्वर पद से दिया इस्तीफा, कहा- साध्वी हूं और बनी रहूंगी

प्रयागराज। किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर बनाई गई ममता कुलकर्णी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कहा कि वह साध्वी थीं और रहेंगी। मुझे महामंडलेश्वर की पदवी देने पर कुछ लोगों को आपत्ति हो गई। किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर बनाई गईं ममता कुलकर्णी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कहा कि वह साध्वी थीं और रहेंगी। मुझे महामंडलेश्वर की पदवी देने पर कुछ लोगों को आपत्ति हो गई। इस विवाद के चलते वह अपने पद से इस्तीफा दे रही हैं। सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल करके पूर्व अभिनेत्री ने कहा कि मैं 25 साल से साध्वी हूं और आगे भी साध्वी रहूंगी। ममता कुलकर्णी ने कहा कि महामंडलेश्वर बनाकर मुझे जो सम्मान दिया गया था उसको लेकर अखाड़े में विवाद शुरू हो गया था। मुझे बॉलीवुड को छोड़े 25 साल हो गए हैं। मेकअप और बॉलीवुड को छोड़ना आसान नहीं है। मैंने देखा कि मेरे महामंडलेश्वर बनाए जाने से काफी लोगों को दिक्कत हो गई। मेरे जो गुरु हैं जिनके सानिध्य में मैंने घोर तपस्या की, उनके बराबर तो मुझे कोई दिखता नहीं है। मुझे किसी कैलाश या मनसरोवर जाने की जरूरत नहीं है। जिन लोगों को मुझसे आपत्ति है, उनके बारे में मैं कम बोलूं तो बेहतर होगा।

कुलकर्णी ने आगे कहा कि महामंडलेश्वर के रूप में मुझे जो सम्मान मिला, वह 25 साल तक तैराकी सीखने और फिर बच्चों को इसे सिखाने जैसा था, लेकिन

महामंडलेश्वर के रूप में मेरी नियुक्ति के बाद जो आक्रोश हुआ, वह अनावश्यक था। मैंने 25 साल पहले बॉलीवुड छोड़ दिया और फिर मैं गायब हो गई और हर चीज से दूर हो गई। मैं जो कुछ भी करती हूं, उस पर लोगों की बहुत अधिक प्रतिक्रियाएं होती हैं। सोशल मीडिया पर कुछ दिनों से जारी विवाद के बाद ममता कुलकर्णी ने यह इस्तीफा दिया है। उन्हें कुछ दिनों पहले इस पर से निष्कासित कर दिया गया था। उनके साथ लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को भी आचार्य महामंडलेश्वर के पद से हटा दिया गया था। ये कार्रवाई किन्नर अखाड़े के संस्थापक अजय दास ने की थी। इस बात को लेकर भी मतभेद हैं। महामंडलेश्वर पद से हटाए जाने पर लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी ने कहा कि अजय दास मुझे अखाड़े से निकालने वाले कौन होते हैं, उन्हें तो 2017 में ही अखाड़े से निकाल दिया गया था।

ममता को महामंडलेश्वर बनाए जाने पर किन्नर अखाड़े के संस्थापक ने आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को भी पदमुक्त कर दिया था। ऋषि अजय दास ने कहा, अब नए सिरे से अखाड़े का पुनर्गठन किया जाएगा और जल्द ही नए आचार्य महामंडलेश्वर के नाम का एलान होगा। बता दें कि बीते शुक्रवार यानी 24 जनवरी को किन्नर अखाड़ा में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महामंडलेश्वर के रूप में ममता कुलकर्णी का पट्टाभिषेक किया गया था। अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की पहल पर ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर बनाया गया था।

अयोध्या में भीड़ का महाकुंभ, चारों तरफ से जाम हुआ नगर

लखनऊ। रामनगरी अयोध्या में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। प्रयागराज महाकुंभ से बड़ी संख्या में श्रद्धालु लगातार पहुंच रहे हैं। अयोध्या में श्रद्धालु सरयू स्नान करने के बाद रामलला और हनुमानगढ़ी के दर्शन- पूजन कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती तादाद में अयोध्या को चारों तरफ से जाम कर दिया है। अयोध्या में शहर से लेकर गलियों और ग्रामीण क्षेत्रों तक श्रद्धालुओं की भीड़ है। जगह-जगह कई किलोमीटर लंबा जाम लगा है। शहर के सभी प्रवेश मार्ग पर भी गाड़ियों की लंबी कतार देखी जा रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शहर के बाहर सभी हाईवे पर जगह-जगह होल्डिंग एरिया बनाया गया है। कतार में लगाकर श्रद्धालुओं को दर्शन कराया जा रहा है। राम मंदिर और हनुमानगढी पर श्रद्धालुओं की कई किलोमीटर लम्बी

लाइन लगी है। लखनऊ, गोरखपुर, प्रयागराज और अंबेडकरनगर के राष्ट्रीय राजमार्ग पर कई किलोमीटर लंबा जाम लगा है। प्रयागराज महाकुंभ स्नान के बाद जिले में श्रद्धालुओं का रेला लगातार उमड़ रहा है। इसकी वजह से शहर नहीं, ग्रामीण क्षेत्रों तक भी चहुंओर जाम ही जाम है। वाहनों को रायबरेली व सुल्तानपुर हाईवे से भी मोड़ा जा रहा है, जिसकी वजह से ग्रामीण क्षेत्रों में भी व्यवस्थाएं बेपटरी हो गई हैं।

प्रयागराज से महाकुंभ स्नान के बाद श्रद्धालु रामलला का दर्शन-पूजन करने के लिए अयोध्या धाम पहुंच रहे हैं। विभिन्न मार्गों से उन्हें डायवर्ट किया जा रहा है। मुख्य मार्गों से रास्ता न मिलने पर वह ग्रामीण क्षेत्रों के रास्ते की ओर रुख कर रहे हैं, जहां भी जाम की स्थिति बन रही है। तारुन से रसूलाबाद रोड होकर आ रहे वाहनों से दर्शननगर के सूर्यकुंड ओवरब्रिज व आसपास के इलाकों में शनिवार से कई बार जाम लग चुका है। ग्राम प्रधान रक्षाराम यादव ने बताया कि शनिवार की देर रात तक लंबा जाम लगा रहा, जिसकी वजह से स्थानीय लोगों का निकलना दूभर हो रहा है। वहीं शहर के मोहबरा चौराहा, देवकाली ओवरब्रिज, नाका हाईवे, उदया चौराहा, उदया ओवरब्रिज समेत अन्य इलाकों में भी दिन भर लोग जाम से जूझते रहे। इससे श्रद्धालुओं समेत स्थानीय लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

रिपब्लिकन पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष गणेश प्रसाद रालोद में शामिल, रालोद के राष्ट्रीय सचिव ने दिलाई सदस्यता

लखनऊ। आरपीआई के प्रदेश उपाध्यक्ष गणेश प्रसाद अपने समर्थकों के साथ रालोद में शामिल हो गए। उन्हें रालोद के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने सदस्यता दिलाई। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई) के प्रदेश उपाध्यक्ष गणेश प्रसाद अपने समर्थकों के साथ सोमवार को राष्ट्रीय लोकदल में शामिल हो गए। रालोद के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई और अंग वस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया। अनुपम मिश्रा ने कहा कि काफी लंबे समय से जनसेवा में सक्रिय गणेश प्रसाद के आने से पार्टी को पूर्वांचल में एक बड़े वर्ग से जोड़ने में सहयोग मिलेगा। वहीं गणेश प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय

राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी के नेतृत्व से प्रभावित होकर उन्होंने सदस्यता ली है। वह दलित समाज को ज्यादा से ज्यादा पार्टी से जोड़ने का कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत करने के साथ ही वह बसपा में विभिन्न पदों पर रहे हैं। उनके साथ आरपीआई युवा प्रकोष्ठ के ज़िलाध्यक्ष कुलदीप रामानंद प्रसाद ने भी रालोद की सदस्यता ली। इस अवसर पर कुशीनगर जिलाध्यक्ष कुंवर सिंह, रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ राव इक़बाल मुहम्मद, प्रदेश महासचिव रमावती तिवारी, अधिवक्ता शैलेश सिंह आदि उपस्थित थे।

महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार डंपर से भिड़ी, चालक की मौत, चार घायल

बांदा। महाकुंभ से स्नान कर आगरा लौट रहे श्रद्धालुओं की कार हरदौली और बंशीपुर के बीच सड़क किनारे खड़े डंपर से जा भिड़ी। कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मां-बहन, पड़ोसी और नौकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। आगरा जिले के नाई मंडी डागरा चौराई निवासी प्रियांशु वर्मा (25), मां नीलम वर्मा (45), बहन रिया (21), पड़ोसी विवेक (15) और घरेलू नौकर बीरा हुसैनी, आगरा निवासी गौरव माहौर (23) के साथ प्रयागराज महाकुंभ स्नान करने शनिवार को कार से गए थे। स्नान कर सोमवार को राजापुर वाया बबेरू मार्ग से लौट रहे थे। घायलों के मुताबिक सोमवार को सुबह करीब छह बजे बबेरू

कोतवाली क्षेत्र के हरदौली और बंशीपुर गांव के बीच कार चला रहे प्रियांशु को झपकी आ गई। इससे बेकाबू कार सड़क किनारे खड़े डंपर में पीछे से भिड़ गई। प्रियांशु की मौके पर ही मौत हो गई। कार में सवार मां, बहन, पड़ोसी व नौकर गंभीर रूप से घायल हो गए। बबेरू पुलिस ने कार से सभी को बाहर निकालकर एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया। घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद एंबुलेंस से लाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। प्रयागराज से लौट रहे लोगों की कार सड़क किनारे खड़े डंपर से टकरा गई। हादसे में एक की मौत हुई है। जिला अस्पताल में भर्ती घायल गौरव माहौर ने बताया कि प्रियांशु वर्मा गिलट की पायल बनाने का कारोबार करते थे। पिता धर्मेंद्र वर्मा का निधन हो चुका है।

कंगना मामले में कोर्ट में 27 फरवरी को होगी सुनवाई

आगरा। बॉलीवुड एक्ट्रेस और हिमाचल प्रदेश की मंडी से सांसद कंगना रनोट के खिलाफ आगरा कोर्ट में दर्ज वाद में आज सुनवाई हुई। नई तारीख 27 फरवरी लगाई गई है। इससे पहले 9 जनवरी को हुई सुनवाई में भी कंगना कोर्ट में उपस्थित नहीं हुई थीं। न ही उनका पक्ष रखने के लिए कोई अधिवक्ता हाजिर हुए थे। इस पर कोर्ट ने थाना न्यू आगरा से वादी और गवाहों के बयानों के संदर्भ में जांच कर आख्या 8 फरवरी 25 को प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी किया था। इंस्पेक्टर न्यू आगरा राजवीर सिंह ने वादी वरिष्ठ अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा एवं गवाह राजेंद्र गुप्ता, धीरज एडवोकेट और अजय सागर निमेष एडवोकेट के बयान दर्ज कर लिए गए हैं । 8 फरवरी को अवकाश के चलते आख्या दाखिल नहीं हो सकी थी।

नसीम सोलंकी बोलीं- कमिश्नर साहब जल्दी कुछ कीजिए ननद के घर से 90 लाख की चोरी

कानपुर। कानपुर में सपा विधायक नसीम सोलंकी की ननद के घर में चोरी हो गई। चोरों को पकड़वाने के लिए नसीम सोलंकी खुद मैदान में उतर गईं। उन्होंने सोमवार को पुलिस कमिश्नर ऑफिस से मुलाकात की। कहा- %बहुत नुकसान हुआ है, कमिश्नर साहब जल्दी कुछ कीजिए। दरअसल, 8 फरवरी को ननद के मकान में तीन नकाबपोश चोर घुसे। ढाई लाख की नकदी समेत 90 लाख की चोरी को अंजाम दिया था। अब तक की जांच में सामने आया कि चोर स्कॉर्पियो से आए थे। नसीम सोलंकी पुलिस कमिश्नर ऑफिस में गईं। वहां कमिश्नर अखिल कुमार से कहा- ज्यादा देर न हो जाए, जिससे चोरी गया माल इधर-उधर ठिकाने लगा

दिया जाए। पुलिस कमिश्नर ने आश्वासन दिया है कि पुलिस बहुत तत्परता से देख रहे हैं। मामले में जल्द खुलासा किया जाएगा। इसके बाद मैं ननद के घर गई। ईस्ट मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया- एक फुटेज सामने आया है, जिसमें शातिर स्कॉर्पियो से आते दिखे हैं। उस गाड़ी के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। अब तक की जांच में यह भी संभावना है कि घटना में कारोबारी का कोई करीबी भी शामिल हो। जाजमऊ के पॉश इलाके डिफेंस कॉलोनी में जावेद आलम का घर है। संजय नगर में उनकी टेनरी (फैक्ट्री) है। जावेद अपनी पत्नी शमीम बानो के साथ रहते हैं। जावेद आलम ने बताया- उन्हें इस घटना को लेकर किसी पर शक नहीं है। जबकि शमीम बानो ने बताया- शुक्रवार को उनकी बेटी अपने बच्चों जोहा, जिलफ और नाज के साथ आई थी। शमीम ने बताया-बेटी मकान में पहले फ्लोर पर सो रही थी। जबकि मैं और मेरे पति जावेद दोनों ग्राउंड फ्लोर पर सो रहे थे। शनिवार को पहले फ्लोर पर सुबह 6 बजे जब मैं नमाज पढ़ने के लिए गई तो हमें चोरी की घटना की जानकारी हुई। मैंने अपने पति को चोरी के बारे में बताया। सूचना पर एसीपी कैंट, जाजमऊ थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र, फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड पहुंचा। छानबीन की गई। पुलिस ने इलाके के फुटेज भी देखे हैं। पुलिस ने घर में लगे सीसीटीवी चेक किए तो तीन बदमाश दिखाई दिए।

बुर्के में महिला 55 लाख का सोना लेकर भागी..

लखनऊ। लखनऊ के सर्राफा बाजार में बुर्का पहनकर पहुंची महिला ने 55 लाख की ज्वेलरी पलक झपकते गायब कर दी। इसका सीसीटीवी भी सामने आया है। घटना चौक इलाके की है। महिला रविवार दोपहर 12.30 बजे दुकान पहुंची। दुकानदार से सोने की रिंग दिखाने के लिए बोली। सेल्समैन भूवन त्रिपाठी रिंग दिखाने के लिए पूरा बॉक्स लेकर आया। इस दौरान देखते ही देखते महिला उस बॉक्स से ज्वेलरी निकाल ली। दरअसल, किरधारी लाल इंद्र प्रसाद नाम से कृष्णा रस्तोगी ज्वेलरी की दुकान चलाते हैं। वह बीएल ब्रांड की ज्वेलरी बेचते हैं।

बांके बिहारी मंदिर में सेवादारों ने श्रद्धालुओं को पीटा

मुंबई से आया था 17 लोगों का ग्रुप, महिलाओं समेत 3 घायल, हिरासत में 2 आरोपी

मथुरा। वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में श्रद्धालु और पुजारियों के बीच मारपीट हो गई। इसमें दो महिलाओं समेत तीन श्रद्धालु घायल हुए हैं। श्रद्धालु मुंबई से आए थे। इसमें दिख रहा है कि सेवादार से पहले बात होती है, फिर विवाद होने के बाद दोनों एक-दूसरे को लात-घूंसे मारने लगते हैं। तभी और सेवादार गोस्वामी आ जाते हैं। श्रद्धालुओं को पीटना शुरू कर देते हैं। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि श्रद्धालु और सेवादार के बीच प्रसाद चढ़ाने को लेकर विवाद हुआ था।

इसके बाद मंदिर परिसर में भारी भीड़ के बीच ही सेवायत गोस्वामी युवकों ने एक श्रद्धालु पर घूंसे बरसाने शुरू कर दिए। जिससे दर्शन कर रहे श्रद्धालुओं में अफरा तफरी फैल गई। मारपीट कर रहे युवकों ने बीच बचाव कर रही श्रद्धालु महिलाओं को भी नहीं छोड़ा। इस घटना के बाद पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने डॉ. घनश्याम, लक्ष्मी और सुमन का मेडिकल भी करवाया है। पुलिस चौकी में लक्ष्मी ने कहा- हम लोग मुंबई से आए हैं। सुबह से लाइन में लगे हुए थे। 3 घंटे बाद दर्शन का नंबर आया। जो लोग पहले से खड़े थे, उन्हें हटने को कहा गया। मगर वह किसी को आगे नहीं जाने दे रहे थे। कोई खास बात भी नहीं हुई थी। हम लोग को दर्शन करने आए थे, झगड़ा नहीं। वही लोग उल्टा-सीधा बोलने लगे। फिर कुछ लड़कों ने हम लोगों के साथ भी मारपीट की। इसके बाद श्रद्धालु ही हम लोगों को लेकर पुलिस चौकी लाए हैं। वृंदावन कोतवाली प्रभारी रवि त्यागी ने बताया कि झगड़े की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। श्रद्धालुओं का मेडिकल कराया है। मंदिर के देखी गई है। इस मामले में जो विधिक कार्यवाही होगी, वह की जा रही है।

बरेली का सुधरा प्रदर्शन, टॉप 10 में शामिल हुआ जिला

बरेली। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी जनवरी माह की सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में बरेली ने टॉप 10 में जगह बनाई है। जिले ने बीते माह के मुकाबले चार पायदान की छलांग लगाकर प्रदेश में ऑलओवर 10वां स्थान प्राप्त किया है। जिले में विकास योजनाओं पर काम कराने और तेजी लाने के लिए बरेली की रैंक में सुधार हुआ है। सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर माह जनवरी 2025 की जारी की गई रैंकिंग में बरेली को विकास कार्यक्रमों में प्रदेश में तीसरा स्थान एवं राजस्व कार्यक्रमों में 25वां स्थान प्राप्त हुआ है। साथ ही विकास एवं राजस्व कार्यों की संयुक्त रैंकिंग में जिले को प्रदेश में ओवरऑल 10वां स्थान प्राप्त हुआ है। बीते माह की 14वें स्थान पर था। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि निरंतर गहन समीक्षा और अधिकारियों की मेहनत से रैंकिंग सुधारने में मदद मिली है। सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर दिसंबर 2024 की रैंकिंग में बरेली को विकास कार्यों में प्रदेश में 10वां स्थान एवं राजस्व कार्यक्रमों में 30वां स्थान, विकास एवं राजस्व कार्यों की संयुक्त रैंकिंग में जनपद को प्रदेश में ओवरऑल 14वां स्थान प्राप्त हुआ था।

जनवरी माह की जारी रैंकिंग में जनपद ने विकास कार्यों में सात रैंक छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर, राजस्व कार्यक्रमों में पांच रैंक की छलांग लगाकर 25वें स्थान पर तथा विकास एवं राजस्व कार्यों की संयुक्त रैंकिंग में चार रैंक की छलांग लगाकर प्रदेश में 10वां स्थान प्राप्त किया है। जिलाधिकारी ने इस उपलब्धि पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए विकास एवं राजस्व कार्यक्रमों की प्रगति में गति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

केशव प्रसाद मौर्य बोले- केजरीवाल के झूठ-लूट को जनता ने नकारा...

उत्तर प्रदेश। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि दिल्ली के लिए आम आदमी पार्टी आपदा के रूप में थी। अरविंद केजरीवाल के झूठ और लूट को जनता ने नकार दिया है। दिल्ली की जनता विकास चाहती है, विवाद नहीं। केजरीवाल ने दस वर्षों में दिल्ली को बरबाद किया है। यमुना को नाला बना दिया। उन्होंने भ्रष्टाचार के रिकॉर्ड तोड़ दिए, जिसकी सजा जनता ने उन्हें दे दी। उप मुख्यमंत्री ने सपा को अव्यवस्था फैलाने वाली पार्टी बताया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सोमवार को मेरठ पहुंचे। सर्किट हाउस में उन्होंने कहा कि हरियाणा व महाराष्ट्र का चुनाव जीतने के बाद दिल्ली में भी भाजपा को ऐतिहासिक विजय मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के विश्वास के साथ दिल्ली में कमल खिला है। भाजपा के प्रति लोगों का विश्वास बना हुआ है। दिल्ली देश की राजधानी है और दिल्ली विश्व की बेहतरीन राजधानी



भाजपा की सरकार में ही बन सकती है। अरविंद केजरीवाल को जो सजा दिल्ली की जनता ने सुनाई है, उसका स्वागत करते हैं। भाजपा की सरकार जनता से किए वायदे को पूरा करेगी और विकास बेहतरीन तरीके से करेगी।

प्रयागराज महाकुंभ में अव्यवस्था पर सपा मुखिया अखिलेश यादव के सवाल उठाने पर उन्होंने कहा कि महाकुंभ डुबकी लगाने के लिए महासागर की तरह श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है, इससे अखिलेश यादव को परेशानी हो रही है। भाजपा के कार्यकर्ता महाकुंभ के रास्तों में सेवा कर रहे हैं। अखिलेश कोई व्यवस्था नहीं करते, क्योंकि सपा अव्यवस्था फैलाने वाली पार्टी है। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री को इस तरह के बयान नहीं देने चाहिए। यह अनुचित है। उन्हें कोई सुझाव देना चाहिए, सोशल मीडिया के माध्यम से दुष्प्रचार नहीं करना चाहिए। महाकुंभ में बहुत अच्छी व्यवस्था है। मैं खुद प्रयागराज नहीं जा रहा हूं, ताकि सरकारी स्तर पर श्रद्धालुओं को कोई अव्यवस्था ना हो।

समस्त स्वास्थ्य कार्यक्रमों में शत प्रतिशत लक्ष्य को करें पूरा : जिलाधिकारी

नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के सभी कॉम्पोनेंटो में खराब प्रगति पाए जाने के कारण जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संजय कुमार का ब्लॉक अकबरपुर से ब्लॉक भियांव में किया स्थानांतरण

अम्बेडकर नगर। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार जिला टास्क फोर्स (स्वास्थ्य विभाग) की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी स्वयं नियमित स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा करें, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में टीकाकरण कार्यक्रमों का बेहतर संचालन सुनिश्चित करें। एक-एक सब सेंटर की समीक्षा करें जिन सब सेंटरों पर टीकाकरण अच्छा ना हो वहां पर अलग से माइक्रो प्लान बनाएं और विशेष ध्यान दें तथा प्रत्येक दशा में स्थिति में सुधार लाएं। सुनिश्चित करें कि टीकाकरण से कोई भी बच्चा एवं गर्भवती महिला वंचित न हो सभी को निर्धारित समय पर टीकाकरण से आच्छादित करें। जिलाधिकारी ने जलालपुर,अकबरपुर एवं टांडा में टीकाकरण की स्थिति खराब होने पर संबंधित चिकित्साधिकारी को कारण बताओं नोटिस जारी करने तथा अपेक्षित सुधार न लाने की दशा में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने चिकित्सकों के ओपीडी के साथ-साथ नेशनल प्रोग्रामो को भी देखने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त स्वास्थ्य कार्यक्रम में शत प्रतिशत लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कहा कि कोई भी सी0एच0ओ0 2ः00 बजे से पहले सेंटर ना छोड़े। एएनएम पूर्वाह्न 10ः00 बजे सत्र शुरू करें और अपराह्न 4ः00 बजे तक सत्र पर

अवश्य रहे। सत्र के संचालन नियमित मॉनिटरिंग की जाए। सत्र के दिवस पर आशाएं घर-घर जाकर बच्चों की सत्र पर पहुंच सुनिश्चित कराकर टीकाकरण कराए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त स्वास्थ्य कार्यक्रमों में शत प्रतिशत लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के समस्त कॉम्पोनेंट में ब्लॉक अकबरपुर की न्यूनतम उपलब्धि एवं नियमित टीकाकरण के सत्रों की प्लानिंग न किया जाने एवं लगाए गए टीकों का नियमित पोर्टल पर अपडेट ना किए जाने के कारण स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संजय कुमार का स्थानांतरण तत्काल ब्लॉक अकबरपुर से ब्लॉक भियांव में कर दिया। बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा पूर्व में रक्षा राम अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर को पद से हटाते हुए सुनील कुमार को अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर का दायित्व दिया गया था परंतु सुनील कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि रक्षा राम द्वारा उनको न तो विधिवत कार्य करने दिया जा रहा है न ही अर्बन हेल्थ के कार्यक्रमों की प्रगति रिपोर्ट एवं पत्रावलियां यूजर आईडी पासवर्ड आदि उपलब्ध कराया जा रहा है जिसके कारण हुए अभी तक अर्बन हेल्थ का कार्य नहीं कर पा रहे हैं जिस पर जिलाधिकारी द्वारा अत्यंत ही नाराजगी प्रकट करते हुए सुनील कुमार को विधिवत अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर के पद पर कार्य कराया जाना सुनिश्चित करने एवं किसी भी अराजकता की स्थिति में विधिपूर्वक कार्रवाई करने और रक्षा राम को प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ब्लॉक जलालपुर के अधीन करते हुए अर्बन हेल्थ जलालपुर का दायित्व देखने के लिए निर्देशित किया। बैठक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के साथ साथ संबंधित चिकित्सक उपस्थित रहे।

राज्य स्तरीय ओपन महिला कुश्ती प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

10 से 12 फरवरी, 2025 तक ओपन राज्य आमंत्रण महिला कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। राज्य स्तरीय ओपन महिला कुश्ती प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ के तत्वावधान में जिला खेल कार्यालय, अम्बेडकरनगर द्वारा राजकीय एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में दिनांक 10 से 12 फरवरी, 2025 तक ओपन राज्य आमंत्रण महिला कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अम्बेडकरनगर अविनाश सिंह द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक श्री केशव कुमार मौजूद थे। डीएम एवं एसपी ने किया खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया एवं मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कि खेल की भावना महत्वपूर्ण होती है खिलाड़ी खेल भावना ही खिलाड़ी के रगो में खेल का संचार करती है हार और जीत तो परिणाम की श्रेणी में आता है जो जीता है वह आगे परचम लहराएगा और जो हारा है वह आगे जीतेगा यह बातें एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय ओपन महिला कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ करने के बाद जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहीं जिलाधिकारी ने विजेता और उप विजेता खिलाड़ियों के लिए नगद पुरस्कार दिए जाने की भी घोषणा की जिससे खिलाड़ियों की तालियों के गड़गड़ाहट से पूरा कुश्ती इंडोर सभागार गूंज उठा ए विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा यही खिलाड़ी हमारे देश के भविष्य हैं यहां से निकलकर जनपदएप्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का स्वागत जिला क्रीड़ाधिकारी शीला भट्टाचार्य ने किया कार्यक्रम का संचालन जिला ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव डा हनुमान प्रताप सिंह ने किया।

आज दिनांक 10.02.2025 को प्रतियोगिता का परिणाम निम्न है :-

53 किग्रा0 भार वर्ग में अम्बेडकरनगर जनपद की साक्षी ने गाजीपुर की साधना यादव को 9-3 के अन्तर से हराया। डाली गाजियाबाद ने अयोध्या हास्टल की आँचल यादव को 8-5 के कड़े अन्तर से हराया। करिष्मा त्रिपाठी वाराणसी ने देवरिया की आकृति को 7-6 से हराया। मोनिका यादव कानपुर ने आजमगढ़ की अन्नू यादव को हराया ।

59 किग्रा0 भार वर्ग में संजना वर्मा आजगढ़ ने अयोध्या की अंशिका यादव को हराया। नीलू गौतम प्रयागराज ने वाराणसी की ख्वाईस यादव को 7-6 के अन्तर से हराया। देवीपाटन की रोली को हराया। जीते हुए सभी खिलाड़ी सेमीफाइनल में प्रवेश कर गयें हैं।

68 किग्रा0 भार वर्ग में कानपुर की अनीता चौधरी ने दिक्षा यादव आजमगढ़ को हराया। गोल्डी यादव गाजीपुर ने देवीपाटन के शिवांगी सरोज को 5-4 से हराया। जीते हुए खिलाड़ी सेमीफाइनल में प्रवेश कर गये हैं। बचे हुए भार वर्ग की प्रतियोगिता कल दिनांक दिनांक 11 फरवरी, 2025 को होगा। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में रामआशीष यादव, प्रदीप कुमार, संगीता सिंह, बेबी सिंह, अंशिका यादव, सत्यवान यादव, अंकित तिवारी, विशाल यादव, स्मिता यादव, विभा मौर्या ने निभायी। इस अवसर पर सैफ अहमद बेग, सचिव जिला कुश्ती संघ कार्यालय सहायक अनुपम प्रजापति, वीरेन्द्र निषाद, समस्त प्रशिक्षक सुमेधा यादव, अदनान अहमद, देशपाल सिंह, अभिषेक उपाध्याय, अमित चौरसिया, शिल्पी गौतम, देशपाल सिंह जितेन्द्र यादव एवं अन्य खेल प्रेमी उपस्थित थे।

कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं कार्यकर्ताओं की बदौलत ही सत्ता प्राप्त की जा सकती : बलराम निषाद

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं। कार्यकर्ताओं की बदौलत ही सत्ता प्राप्त की जा सकती है बहुजन समाज पार्टी ने हमेशा कार्यकर्ताओं के मान सम्मान के लिए हमेशा संघर्ष किया है उक्त बातें एकदिवसीय कार्यकर्ता कैडर कैंप को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला प्रभारी बलराम निषाद ने कही। प्राप्त विवरण के अनुसार बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में रविवार को जिले के आलापुर विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर कौड़ाही में एकदिवसीय कार्यकर्ता कैडर कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप जिला प्रभारी बलराम निषाद मौजूद रहे। एकदिवसीय कैडर कैंप की अध्यक्षता

विधानसभा सचिव ज़ाकिर हुसैन एवं कार्यक्रम का सफल संचालन विधानसभा अध्यक्ष छेदीराम मौर्य ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधानसभा महासचिव राम कमल भास्कर, विधानसभा बामसेफ संयोजक डॉ राम सकल, विधानसभा बीवीएफ संयोजक विजयपाल, सेक्टर अध्यक्ष राधेश्याम, ओंकार कनौजिया, रामानंद, प्रेमचंद, मोहम्मद नसीम, मोहम्मद अजमल, संदीप कुमार रावण, मोहम्मद अरशद, वेद प्रकाश, अखिलेश कुमार, मोहित, राजाराम, सुधीर, जगदीश कुमार, पप्पू, वीरेंद्र कुमार, राजेश कुमार , राम आसरे, समहारू,रामनयन, अशोक कुमार सहित अनेक महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सड़क हादसे में महिला टीचर की मौत

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

अयोध्या। जिले के थाना कैंट क्षेत्र के रायबरेली हाईवे पर एक सड़क हादसे में एक महिला अध्यापिका की मौत हो गई। हादसा सोनालिका एजेंसी पलिया शाहबदी के पास की है। सुबह 08ः0 बजे रोड क्रॉस करते समय 35 वर्षीय अर्चना मिश्रा की गंभीर रूप से घायल हो गई थी, जिनका इलाज के दौरान मौत हो गई थी। अर्चना मिश्रा पत्नी रविकांत मिश्रा निवासी कृष्णा नगर कॉलोनी पलिया शाहबदी की रहने वाली थी। सूचना पर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने स्थानीय लोगों और पारिवारिक जनों के साथ जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है।

महिला को मारा पिटा एवं कपड़े फाड़े बनाया अश्लील वीडियो आरोप ,मुकदमा दर्ज

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। जनपद के थाना अहिरौली क्षेत्र अंतर्गत रामनगर घोसियाना की पीड़िता मोमिना पुत्री मोहम्मद अहमद का आरोप है कि 10 फरवरी 2025 को लगभग 7.00 बजे अपने घर के सामने मंजन कर रही थी। तभी गांव के ही जो पीड़िता के गांव ही निवासी हैं। जो पीड़िता के घर के पास छिपे थे। जिसमें मोहम्मद आरिफ पुत्र मोहम्मद अजीज, मोहम्मद हरुन पुत्र अजीमुल्ला, मोहम्मद सईद पुत्र मोहम्मद हमीद, मोहम्मद अनीस पुत्र तहाऊल, प्रवेश पुत्र नूर मोहम्मद, अशफाक पुत्र रज्जाक, मोहम्मद महरुल पुत्र मोमताज, आदि

पीड़िता को घर से कुछ दूर ले जाकर लात घुसे डंडा से बुरी तरह मारे पीटे एवं कपड़े फाड़ कर अश्लील विडियो भी बनाएं हल्ला हल्ला गौहर मचाने पीड़िता की बहन खुशनुमा आई तो उसे भी मारे पीटे पीड़िता वह उसकी बहन को भी चोटे आई प्रीता का आरोप है कि विपक्षी गण मन भर व दबंग किस्म की लोग हैं धमकी दे रहे हैं कि अगर कहीं शिकायत की तो जान से मार देंगे। मामले में थाना अध्यक्ष आहिरेली को प्रार्थना पत्र देते हुए शिकायत दर्ज कराई गई है। मामले में थाना अध्यक्ष अहरौली सुनील पांडे से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया हैं। बताते चले की तीव्रता का मुकदमा पीड़िता के मुताबिक लिखा नहीं जा रहा था पीड़िता की बात जैसे ही थाना अध्यक्ष की संज्ञान में आई तो उन्होंने दरोगा को फटकार लगाया तो दरोगा मोबाइल पीड़िता का मोबाइल लेकर लापता हो गया खबर सोशल मीडिया पर वायरल होने के उपरांत पीड़िता थाने में पहुंची तो उसे उसका मोबाइल उपलब्ध कराया दिया गया। पीड़िता का यह भी बताया कि रविवार को भी विपक्षी गणों द्वारा उसके घर पर ईट से हमला किया गया था जिसकी सूचना 112 नंबर पर दी गई थी लेकिन 112 नंबर गई और कोई कार्रवाई नहीं की गई इसी के चलते सोमवार को विपक्षीगढ़ मनबढ़ हों गये।

परिवहन मुख्यालय की टीम को अकबरपुर डिपो की बस में आठ यात्री बिना टिकट मिले

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। परिवहन निगम मुख्यालय लखनऊ के प्रवर्तन दल ने अकबरपुर डिपो की बस में चेकिंग के दौरान आठ यात्रियों को बिना टिकट पाया। नेवरी से अकबरपुर और बसखारी से अकबरपुर के यात्रियों को पैसा लेने के बाद भी परिचालक ने टिकट नहीं दिया था। अकबरपुर डिपो के एआरएम ने बताया कि उनकी ड्यूटी प्रयागराज में लगी हुई है। उनको बिना टिकट यात्रियों के बस में पाए जाने की कोई सूचना नहीं है। रविवार को अकबरपुर डिपो की बस संख्या यूपी45 टी 5458 आजमगढ़ से लखनऊ जा रही थी। इसके चालक का राजीव कुमार जबकि परिचालक अमन कुमार राना

थे। कुर्की बाजार में परिवहन निगम मुख्यालय लखनऊ की टीम ने चेकिंग के लिए बस को रुकवाया। बस में 51 यात्री सवार थे। इसमें जांच टीम को आठ यात्री बिना टिकट पाए गए। बस में नेवरी से अकबरपुर चार बसखारी से अकबरपुर चार यात्री बिना टिकट पाए गए। बताया गया कि यात्रियों ने पैसा दिया था लेकिन परिचालक ने टिकट नहीं दिया। बस में आठ यात्रियों के बिना टिकट पाए जाने पर इसकी जिम्मेदारी यातायात निरीक्षक की होती है। उनका दायित्व है कि परिचालक सभी यात्रियों को टिकट प्रदान करें ऐसा न करने पर परिचालक के साथ-साथ उनके खिलाफ भी कार्रवाई बनती है। जबकि डिपो के साथ क्षेत्रीय प्रबंधक का भी दायित्व बनता है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक अकबरपुर डिपो कुंवर हरिओम श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान समय में उनकी ड्यूटी प्रयागराज में है उनको इसकी जानकारी नहीं है जानकारी करके कार्रवाई की जाएगी।

शिक्षिका ने ससुरालीजनों पर उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। शिक्षिका ने पति समेत पांच लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने ससुरालीजन पर जबरन चेक पर हस्ताक्षर कराकर वेतन निकाल लेने का भी आरोप लगाया है। सुल्तानपुर जनपद के रतनपुर कुंदा भैरोपुर निवासी छवि द्विवेदी ने बताया कि उनका विवाह मालीपुर थाना क्षेत्र के खालिसपुर भटौली गांव के सत्यनारायन द्विवेदी के पुत्र जितेन्द्र मणि द्विवेदी से 21 फरवरी 2019 को हुआ था। उनके पिता ने विवाह में उपहार के रूप में पांच लाख रुपए नकद, एक बुलेट गाड़ी व अन्य घरेलू सामान दिया था। शादी के कुछ माह बाद पति, सास विमला देवी, ससुर, देवर महेन्द्र मणि द्विवेदी व ननद रोली द्विवेदी दहेज में 10 लाख रुपए और चार पहिया गाड़ी की मांग करने लगे। मांग न पूरा होने पर सुसरालीजन शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। पीड़ित विवाहिता सहायक अध्यापक के पद तैनात है। उससे जबरन चेक पर हस्ताक्षर करा कर खाते से हर माह वेतन निकाल लिया जाता था। उसने उत्पीड़न की शिकायत पिता को दी। उसके पिता रिश्तेदारों के साथ पहुंचकर समझाने का प्रयास किया लेकिन वे किसी की बात नहीं सुने।

नायब तहसीलदार के सामने ही भिड़े दो पक्ष, चार लोगों पर केस दर्ज

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में भूमि विवाद के मामले में स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे नायब तहसीलदार के सामने ही एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया। स्थानीय लोगों ने समझा बुझाकर मामला शांत कराया। इस बीच पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने दूसरे पक्ष के 4 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी कृष्ण कुमार शुक्ल व

ग्रीश चन्द्र के बीच एक भूखण्ड के लिए लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। कई बार दोनों पक्ष आमने सामने भी आ चुके हैं। मामला बीते दिनों सम्पूर्ण समाधान दिवस में भी जिम्मेदारों के संज्ञान में लाया गया। इसी मामले में रविवार को स्थलीय निरीक्षण करने के लिए टांडा के नायब तहसीलदार राजस्व कर्मियों के साथ सम्बन्धित भूखण्ड का स्थलीय निरीक्षण करने व दोनों पक्ष का बयान लेने के लिए गांव पहुंचे। इसी दौरान ग्रीश चन्द्र पक्ष ने नायब तहसीलदार के सामने ही कृष्ण कुमार पक्ष के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इससे मौके पर खलबली मच गई। गुहार पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। बाद में कृष्ण कुमार ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। थानाध्यक्ष विजय तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

नायब तहसीलदार के सामने ही भिड़े दो पक्ष, चार लोगों पर केस दर्ज

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में भूमि विवाद के मामले में स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे नायब तहसीलदार के सामने ही एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया। स्थानीय लोगों ने समझा बुझाकर मामला शांत कराया। इस बीच पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने दूसरे पक्ष के 4 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी कृष्ण कुमार शुक्ल व ग्रीश चन्द्र के बीच एक भूखण्ड के लिए लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। कई बार दोनों पक्ष आमने सामने भी आ चुके हैं। मामला बीते दिनों सम्पूर्ण समाधान दिवस में भी जिम्मेदारों के संज्ञान में लाया गया। इसी मामले में रविवार को स्थलीय निरीक्षण करने के लिए टांडा के नायब तहसीलदार राजस्व कर्मियों के साथ सम्बन्धित भूखण्ड का स्थलीय निरीक्षण करने व दोनों पक्ष का बयान लेने के लिए गांव पहुंचे। इसी दौरान ग्रीश चन्द्र पक्ष ने नायब तहसीलदार के सामने ही कृष्ण कुमार पक्ष के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इससे मौके पर खलबली मच गई। गुहार पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। बाद में कृष्ण कुमार ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। थानाध्यक्ष विजय तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

बांके बिहारी मंदिर में सेवादारों ने श्रद्धालुओं को पीटा

मुंबई से आया था 17 लोगों का ग्रुप, महिलाओं समेत 3 घायल, हिरासत में 2 आरोपी

मथुरा। वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में श्रद्धालु और पुजारियों के बीच मारपीट हो गई। इसमें दो महिलाओं समेत तीन श्रद्धालु घायल हुए हैं। श्रद्धालु मुंबई से आए थे। इसमें दिख रहा है कि सेवादार से पहले बात होती है, फिर विवाद होने के बाद दोनों एक-दूसरे को लात-घूंसे मारने लगते हैं। तभी और सेवादार गोस्वामी आ जाते हैं। श्रद्धालुओं को पीटना शुरू कर देते हैं। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि श्रद्धालु और सेवादार के बीच प्रसाद चढ़ाने को लेकर विवाद हुआ था।

इसके बाद मंदिर परिसर में भारी भीड़ के बीच ही सेवायत गोस्वामी युवकों ने एक श्रद्धालु पर घूंसे बरसाने शुरू कर दिए। जिससे दर्शन कर रहे श्रद्धालुओं में अफरा तफरी फैल गई। मारपीट कर रहे युवकों ने बीच बचाव कर रही

श्रद्धालु महिलाओं को भी नहीं छोड़ा। इस घटना के बाद पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने डॉ. घनश्याम, लक्ष्मी और सुमन का मेडिकल भी करवाया है। पुलिस चौकी में लक्ष्मी ने कहा- हम लोग मुंबई से आए हैं। सुबह से लाइन में लगे हुए थे। 3 घंटे बाद दर्शन का नंबर आया। जो लोग पहले से खड़े थे, उन्हें हटने को कहा गया। मगर वह किसी को आगे नहीं जाने दे रहे थे। कोई खास बात भी नहीं हुई थी। हम लोग को दर्शन करने आए थे, झगड़ा नहीं। वही लोग उल्टा-सीधा बोलने लगे। फिर कुछ लड़कों ने हम लोगों के साथ भी मारपीट की। इसके बाद श्रद्धालु ही हम लोगों को लेकर पुलिस चौकी लाए हैं। वृंदावन कोतवाली प्रभारी रवि त्यागी ने बताया कि झगड़े की सूचना मिली थी।

विधायक ने खुद दवा खाकर की फाइलेरिया उन्मूलन की शुरुआत

केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम

पीलीभीत पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संबाद दोपहर फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का आगाज हुआकार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा विधायक बाबूराम पासवान नै ना केवल फिता काट कर अभियान का शुभारंभ किया बल्कि लोगों को प्रेरित करने के लिए सबसे पहले खुद फाइलेरिया दवा का सेवन किया विधायक ने मौजूदा समय में बढ़ते मच्छरों और उनसे होने वाले संक्रमण के खतरे को रेखाकिंत करते हुए जनता से दवा लेने की अपील की उन्होंने कहा कि हाथीपांव जैसी गंभीर बीमारी से खुद को और अपने परिवार को बचाने के लिए सभी नागरिकों को दवा यह अवश्य लेनी चाहिए यह महत्वपूर्ण अभियान 10 फरवरी से लेकर 25 फरवरी तक चलेगा इस दौरान आशा कार्यकर्ता घर घर जाकर लोगों को फाइलेरिया दवा का वितरण करेगी जिसे कोई भी व्यक्ति इस अभियान से वंचित न रहे।

दिल्ली से आई भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण टीम ने रेस्टोरेंटों से खाद्य सामग्री के नमूने लिए

विपिन मित्तल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

औरैया जिलाधिकारी डा0 इन्द्रमणि त्रिपाठी निर्देशानुसार भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नई दिल्ली से प्राप्त फूड सेफटी ऑन व्हील (मोबाइल वैन प्रयोगशाला) जनपद औरैया में खाद्य पदार्थों की जॉच खाद्य सुरक्षा अधिकारी विजय कुमार श्रीवास द्वारा कानपुर रोड, औरैया स्थित होटल जे. के. टावर के रेस्टोरेण्ट की किचन का नियमानुसार निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान तैयार हो रहे भोजन में हल्दी पाउडर, मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, कस्तूरी मैथी, चॉप मसाला, गरम मसाला तथा तैयार सब्जी हेतु ग्रेवी एवं खाद्य तेल के नमूनों की जॉच फूड सेफटी व्हील (मोबाइल वैन प्रयोगशाला) द्वारा जॉच की गयी। सुभाष चौराहा स्थित प्रतिष्ठान से पनीर, खोया, नमकीन, आलू भुजिया आदि के नमूनों की जॉच की गयी। जॉच के दौरान 14 नमूनों से 02 नमूनें मानक के अनुरूप पाये गये। मौके पर खाद्य कारोबारकर्ताओं से अपील की गयी कि खाद्य पदार्थों में बार-बार तेल का प्रयोग न करें तथा ब्राण्डेड मसाले/खाद्य पदार्थों पर अंकित एक्सपायरी तिथि का विशेष ध्यान रखा जाये। कस्बा दिबियापुर स्थित रिलांइस स्मार्ट प्वांइट से रसगुल्ला, होरीलाल मिष्ठान भण्डार से पनीर, छैंना, सॉफर अजीतमल स्थित सहज मिल्क प्रोड्यूसर (कलैक्शन सेन्टर) प्रोप्रा0 श्री पत नारायन से मिश्रित दूध का नमूना संदेह के आधार पर संग्रहीत कर जॉच हेतु खाद्य प्रयोगशाला में प्रेषित किया गया। जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने पर सम्बन्धित खाद्य कारोबारकर्ता के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

आस्था का महासंगम, महाकुम्भ पुलिस सतर्क-समर्पित

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान प्रयागराज शनि कुमार यादव

दिव्य-भव्य महाकुम्भ-2025 में करोड़ों श्रद्धालु/स्नानार्थी अपार उत्साह के साथ निरंतर पवित्र त्रिवेणी के संगम में आस्था की डुबकी लगाने व मां गंगा की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना हेतु प्रयागराज पहुँच रहे हैं पुलिस उप महानिरीक्षक श्री वैभव कृष्ण ड्डक्क व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री राजेश द्विवेदी ड्डक्क के द्वारा श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन व यातायात को सुव्यवस्थित रूप से नियंत्रित करने हेतु कुशल संचालन किया जा रहा है एवं देश के कोने-कोने से भारी संख्या में आ रहे जनसमूह को सुगम आवागमन व सुरक्षित स्नान कराने हेतु महाकुम्भ क्षेत्र में व्यापक पुलिस प्रबन्ध किए गये हैं 7 जिसके तहत सम्पूर्ण मेला क्षेत्र मे पुलिस की विभिन्न टीमें व्यवस्थापित की गई हैं व मेला क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों व ड्रोन के माध्यम से चप्पे-चप्पे पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही हैं 7 महाकुम्भ मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों से %पब्लिक एड्रेस सिस्टम% के माध्यम से लगातार अनुरोध किया जा रहा है कि निर्धारित स्नान घाटों पर स्नान करें एवं मेला क्षेत्र में आने-जाने के लिए निर्धारित मार्गो का उपयोग कर मेला पुलिस का सहयोग करें 7

अवैध आरा मशीन संचालक पर वन दरोगा ने दर्ज कराया केस : हड़कंप

कौशाम्बी। तीन दिन पूर्व जिला अधिकारी मधु सूदन हल्गी ने अधिकारियों की बैठक किया था।उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए अवैध आरा मशीनों को बंद कराने के साथ साथ कार्रवाई की बात कही थी। कोखराज थाना क्षेत्र के मकिलपुर महेवा गांव का रहने वाला शमीम अहमद पुत्र शरीफ अहमद गांव में ही अवैध आरा मशीन का संचालन कर रहा था।इसकी भनक जैसे ही वन विभाग के दरोगा भरत लाल पाण्डेय हुई तो वह टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और संचालक से मशीन का पेपर मांगने लगे।कागज आरा मशीन का कागजात न दिखाने पर दरोगा ने कड़ी फटकार लगाते हुए मशीन बंद करवा दिया।

कोतवाली पुलिस और एसओजी टीम ने मुठभेड़ के बाद पकड़े टटलू गैंग के चार अंतर्राज्यीय सक्रिय सदस्य

बृजवासी मिठाई वालों के मैनेजर से लाखों रु की ठगी करने वाले चार में से तीन बदमाश गोली लगने के बाद घायल

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/ नीरज चतुर्वेदी

मथुरा। महानगर में बृजवासी मिठाई बालों के मैनेजर से नगर निगम के कथित कर्मचारी अधिकारी बनकर घी बेचने के नाम लाखों रु की ठगी करने वाला शातिर गिरोह के चार बदमाश पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किए हैं जिनमें से तीन बदमाश को गोली लगी है। इस गिरोह ने मथुरा के ही एक कोल्ड ड्रिंक व्यापारी से भी हजारों रुपए की ठगी की थी । तीनों घायल बदमाशों को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टटलू बाजी की घटनाओं से संबंधित 1.70 लाख रुपये व भारी मात्रा में अवैध असलाह व कारतूस व घटना में प्रयुक्त वैगनार कार बरामद हुई है।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के कुशल निर्देशन में एसओजी टीम एवं थाना कोतवाली पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में व्यापारियों से रुपये ऐंठने वाले टटलू गैंग के अन्तर्राज्यीय शातिर बदमाश प्रिंस अदलखा उर्फ मुच्छी पुत्र ओमप्रकाश निवासी गुड़गांव, राजकुमार पुत्र मदनलाल निवासी गुड़गांव (हरियाणा), राजेश कुमार उर्फ राजू पुत्र नानकचन्द्र, विजय कुमार पुत्र स्व. राधेश्याम निवासीगण गुड़गांव को समय माल गोदाम रोड के बराबर में रेलवे का खाली जंगल में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से 1,.70 लाख रुपये, 03 तमंचा 315 बोर, वैगनार कार नं. एचआर 55 एवी 1429 बरामद हुये। इन लोगों ने साथियों के साथ मिलकर शहर के ब्रजवासी मिठाई वाले की दुकान के कर्मचारी पर निगरानी करके एक साथी ने उसे उसका फायदा कराने का लालच देकर उसे सस्ते दामों में असली घी के पीपे ब्रांडेड देने की बात कहकर नगर निगम कार्यालय बुलाया था उससे 1,87,000 रुपए ले लिये थे तथा उसे थोड़ी देर में रसीद काटकर अन्दर से माल लाकर देने का चकमा देकर ये लोग भाग आये थे जिसके सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत कराया।

इस संबंध में एसपी सिटी डा अरविन्द कुमार सीओ सिटी भूषण वर्मा ने बताया कि ये गिरोह प्रत्येक घटना के लिये अलग से मोबाइल व फर्जी पते पर सिम कार्ड खरीद कर ट्रू कोलर पर गुप्ता जी नगर निगम का नाम सेव कर अलग अलग जनपद में नगर निगम कार्यालय पर जाकर गूगल से प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान / मिष्ठाई की दुकान / कोल्ड ड्रिंक सप्लायर्स के मोबाइल नंबर सर्च करके वार्ता करते हैं और जब्त किया गया घी / रिफायंड / कोल्ड ड्रिंक सस्ते दाम पर बेचने का लालच देकर डीलिंग करके नगर निगम कार्यालय पर व्यापारी को बुलाकर अपना गलत नाम बता कर गुमराह करके लाखों रुपये अपने एक साथी के हाथों लेकर व्यापारी को रसीद व गेट पास पर्ची कटवा कर निकल जाते हैं और एक घटना करके फर्जी पते पर ली गयी सिम कार्ड व मोबाइल को तोडकर फैंक देते हैं तथा दूसरी घटना करने के लिए यही क्रम जारी रखते थे। 31 जनवरी को ब्रजवासी मिष्ठान भण्डार के मैनेजर से 1,87,000/- रुपये व 13 दिसम्बर 24 को कोल्डड्रिंक थोक सप्लायर्स के साथ 86,000/- रुपये की धोखाधडी करके रुपये लेकर भाग गये थे । उक्त बदमाशों का गिरोह मथुरा, गौतमबुद्ध नगर, हापुड, कानपुर, दिल्ली, मानेसर गुडगांव, फरीदाबाद हरियाणा व देहरादून उत्तराखण्ड आदि स्थानों पर इसी प्रकार से प्रतिष्ठित व्यापारियों के साथ घटनायें करता रहा है।

जिलाधिकारी ने किया सदर तहसील का निरीक्षण

कोर्ट से जारी होने वाले आदेशों को प्रतिदिन दर्ज किया जाए : जिलाधिकारी

48
दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/ नीरज चतुर्वेदी

मथुरा। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने सोमवार को सदर तहसील का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने तहसील के विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया। रजिस्ट्रार कानूनगो (आर.के) पटल का निरीक्षण करते हुए पंजिकाओं का अवलोकन किया, तहसील में न्यायालयों से जारी आदेशों के रजिस्टर एवं खतौनी में दर्ज किए जाने का भी सत्यापन किया। जिलाधिकारी ने तहसील हवालात, रिकॉर्ड रूम, कंप्यूटर रूम को देखा तथा विभिन्न रजिस्टरों को जांचा।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर वैभव कुमार, तहसीलदार सदर सौरभ यादव तथा नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि कोर्ट से जारी होने वाले आदेशों को प्रतिदिन दर्ज किया जाए। उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के कोर्ट का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि वादों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण तथा समयावधि में किया जाए। उन्होंने तहसील आए वादी, प्रतिवादी तथा फरियादियों से चर्चा कर तहसील का फीडबैक लिया।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने तहसील सदर के निरीक्षण के दौरान तहसील में मिली गंदगी पर नाराजगी जाहिर की। जगह जगह गंदगी मिली, जिसपर जिलाधिकारी ने सख्ती दिखाते हुए उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि तहसील परिसर में उत्कृष्ट साफ सफाई सुनिश्चित की जाए। उप जिलाधिकारी तहसील परिसर में साफ सफाई का नियमित निरीक्षण करे। उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार दोनों लोग मिलकर तहसील से गंदगी साफ कराएं।

तहसील में आने वाले फरियादियों, अधिवक्ताओं, आम जनमानस आदि के लिए शौचालय की व्यवस्था करें। कोई भी व्यक्ति तहसील परिसर में खुले में टॉयलेट न करे। उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार द्वारा जारी आदेशों को समय से रजिस्टर, ऑनलाइन एवं खतौनियों में दर्ज कराना सुनिश्चित करें।

निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय, उप जिलाधिकारी सदर वैभव गुप्ता, उप जिलाधिकारी न्यायिक सदर/डिप्टी कलेक्टर प्रीति जैन, तहसीलदार सौरभ यादव आदि उपस्थित रहे।

उच्च न्यायालय इलाहाबाद खण्डपीठ लखनऊ में आयोजित रिट याचिका

बाराबंकी, 10 फ़रवरी। उच्च न्यायालय इलाहाबाद खण्डपीठ लखनऊ में योजित रिट याचिका संख्या रिट-सी, 8509/2023 भारत राम बनाम उ0प्र0राज्य व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक = 05.10.2023 के अनुपालन में आज दिनांक 10.02.2025 को लोक निर्माण विभाग/पुलिस / राजस्व टीम की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम सफदरगंज, परगना प्रतापगंज, तहसील नवाबगंज, बाराबंकी के जो0च0आ0पत्र 45 की खाता संख्या 7 की गाटा संख्या 552 क्षेत्रफल 0.379हे0, सड़क पक्की जो नान0 जेड0ए0 पर सड़क के किनारे अनाधिकृत निर्माण, कब्जा व अतिक्रमण के विरूद्ध कार्यवाही गयी। सड़क भूमि पर निर्मित 01 पक्का मकान पूर्ण, 09 पक्के मकान का आंशिक भाग व 03 झोपड़ी के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर श्री आर जगत साईं, एक्स एन पीडब्ल्यूडी श्री दीपक चौधरी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट श्री अनुराग और तहसीलदार सदर उपस्थित रहे।

बलौदाबाजार जिले में 50 लाख की विदेशी मदिरा सहित एक ट्रक जब्त

कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

बलौदाबाजार। संभाग स्तरीय अवैध शराब निर्माण भंडारण एवं परिवहन पर आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिस तारतम्य में 7 फरवरी को छतीसगढ़ राज्यस्तरीय उड़नदस्ता-संभागीय उड़नदस्ता रायपुर कबीरधाम बलौदाबाजार भाटापारा जिले की संयुक्त दल ने रायपुर सिमगा मार्ग में सिमगा में स्थित ताज ढाबा के पास खड़े वाहन ट्रक डब्लू बी 25 के 8424 की जांच करने पर कुल 775 पेटी मध्यप्रदेश निर्मित गोवा व्हिस्की मदिरा जिसका बाजार मूल्य लगभग 50 लाख रूपये एवं जब्त वाहन का बाजार मूल्य 50 लाख रूपये सहित कुल एक करोड़ रूपए की सामग्री जब्त की गई है। उक्त कार्यवाही में आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) 36,59(क) का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया।

कार्रवाई के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी नीलम किरण सिंह आबकारी उपनिरीक्षक जीतेश्वरी आलेन्द्र आबकारी उपनिरीक्षक योगेश सोनी संभागीय उड़नदस्ता रायपुर के विशेश्वर साव सहायक जिला आबकारी अधिकारी बलौदाबाजार से जलेश सिंह उपनिरीक्षक मोतिन बंजारे एवं कबीरधाम जिले से अभिनव आनंद बख्शी अभिनव रायजादा रामानंद दीवान आबकारी उपनिरीक्षक सहित स्टाफ के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री द्वारा परीक्षा पर चर्चा सीधा प्रसारण एलसीडी पर बच्चों एवं शिक्षकों को दिखाया

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता रामप्रकाश गुप्ता बाराबंकी

बनीकोडर बाराबंकी। श्रीराम अभिलाष स्मारक इंटर कॉलेज चौरी अलादादपुर ब्लॉक बनीकोडर रामसनेहीघाट में प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के द्वारा परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आठवां संस्करण का सीधा प्रसारण बच्चों एवं शिक्षकों को एलसीडी टीवी पर दिखाया गया बच्चों ने परीक्षा से संबंधित कुछ प्रश्न पूछे जैसे परीक्षा से पहले परीक्षार्थियों को असफलता का डर क्यों लगता है परीक्षा हाल में जब हम लोग बैठते हैं परीक्षा देने तो घबराहट क्यों होती है प्रधानमंत्री जी ने इन सब प्रश्नों का सटीक और सीधा जवाब सरल भाषा में बच्चों को दिया विद्यालय के प्रबंधक फूलचंद उपाध्याय ने चर्चा कार्यक्रम के बाद बच्चों को बताया की ब्रह्म मुहूर्त में उठकर सबसे पहले धरती माता को प्रणाम कर अपने माता-पिता का प्रणाम करो फिर विद्यालय में पहुंचने पर गुरुजनों का अभिवादन करो जिससे आपका भविष्य उज्जवल होगा इस मौके पर विद्यालय के संचालक तेज कुमार उपाध्याय,शिक्षक सुनील कुमार,सुशील कुमार,संत शरण श्रीवास्तव,परमानंद तिवारी,रविंद्र प्रताप सिंह,अरुण कुमार वर्मा, रीता यादव,पूजा, दिव्यांशी शर्मा,प्रियंका शर्मा, मुस्कान पांडे,अनीता,साहिब बानो,संतोष कुमार तथा विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

डीएम की अध्यक्षता में राजस्व कार्यो एवं कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक आयोजित

पुराने मुकदमों का शीघ्रता से हो निस्तारण : डीएम

आईजीआरएस के निस्तारण में शिकायत कर्ता से फीडबैक भी लें अधिकारी

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सत्य नारायण गुप्ता

बाराबंकी। सोमवार को जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में राजस्व कार्यों एवं कर-करेत्तर सम्बन्धी समीक्षा बैठक आयोजित हुई। राजस्व कार्यों की समीक्षा करते हुई जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने सभी तहसीलों में लंबित वादों के विषय में गहन समीक्षा की और सम्बंधित अधिकारियों को समयान्तर्गत मुकदमों के निस्तारण के निर्देश दिए।

पुराने मुकदमों का शीघ्रता से हो निस्तारण: जिलाधिकारी ने धारा 24 के मामलों में लंबित वादों की संख्या अधिक होने पर नाराज़गी जताई और सम्बंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि धारा 24 के मामलों के निस्तारण में तेजी लाई जाए, 3 साल से अधिक और 5 साल से अधिक समय के मुकदमें मिशन मोड में निस्तारित किये जायें। जिलाधिकारी के कहा कि धारा 24 के मुकदमें एक साल से अधिक समय तक किसी कोर्ट में नहीं चलने चाहिए। वहीं धारा 34, धारा 38, धारा 67 के मुकदमों को भी समय सीमा में निस्तारण किया जाए, धारा 80 व धारा 116 से सम्बन्धी मुकदमों का समय से निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वामित्व निर्धारण के कार्य में तेजी लाई जाए। साथ ही खतौनी में अंश निर्धारण की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से और समयानुसार की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि ई-खसरा बनाने की प्रक्रिया बहुत धीमी है उसमें तेजी लाई जाए। उत्तराधिकार, स्वामित्व, रियल टाइम खतौनी और ई- परवाना से सम्बंधित मामलों में समयानुसार कार्यवाही की जाए। तालाबों के आवंटन की कार्यवाही भी समयानुसार की जाए।

आईजीआरएस के निस्तारण में शिकायत कर्ता से फीडबैक भी लें अधिकारी: जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस के मामलों के निस्तारण में बड़ी संख्या में आवेदक असंतुष्ट की फ़ीडबैक दे रहे है इसके लिये अधिकारी अपनी जिम्मेदारी तय करते यह सुनिश्चित कर ले कि मामलों की निस्तारण प्रक्रिया से आवेदक को संतुष्टि भी मिलनी चाहिए। अधिकारी स्थल पर जाकर स्थिति को देखकर निस्तारण की कार्यवाही करें।

डीएम ने राजस्व वसूली में तेजी लाने के दिये निर्देश: कर-करेत्तर सम्बन्धी मामलों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों से फीडबैक लिया और विभिन्न विभागों खनिज विभाग, राजस्व विभाग, परिवहन विभाग, विद्युत विभाग, तहसीलों में बकायेदारों, बैंक आदि सहित समस्त विभागों से कर वसूली के मामलों में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्बंधित अधिकारी व्यापार-कर सम्बन्धी मामलों की वसूली में विशेष ध्यान दे। नगर पालिका सहित अन्य देयकों की वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही मार्ग-कर देयक की वसूली प्राथमिकता के साथ की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से सम्बंधित सभी बड़े बकायेदारों से राजस्व देयकों की वसूली कार्य को प्राथमिकता से संपादित करें। आबकारी, परिवहन, विधुत, खनन विभाग के अधिकारी लक्ष्य के सापेक्ष कर की प्राप्ति पर विशेष ध्यान दें। बैठक में अपर जिलाधिकारी श्री इंद्रसेन, डिप्टी कलेक्टर केडी शर्मा, मधुमिता सिंह सहित सभी तहसीलों के एसडीएम, तहसीलदार व सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

सूर्यदत्त संस्था में अच्छे नागरिक बनाने का कार्य हो रहा : डॉ आचार्य लोकेशमुनि जी

27वें फाउंडेशन डे पर सूर्यदत्त राष्ट्रीय जीवनगौरव और सूर्यदत्त राष्ट्रीय पुरस्कार का वितरण

डॉ संजय जोशी, केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो

पुणे। अहिंसा विश्वभारती के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. आचार्य लोकेशमुनिजी ने सूर्यदत्त एज्युकेशन फाउंडेशन के 27वें स्थापना दिवस पर 23वें %सूर्यदत्त राष्ट्रीय जीवनगौरव पुरस्कार% और सूर्यदत्त राष्ट्रीय पुरस्कार% वितरण समारोह में बतौर मुख्य वक्ता कहा कि इतिहास उज्जवल कार्यों से लिखा जाता है। त्याग, बलिदान और समर्पण भाव से कार्य करने वाले प्रतिभाशाली व्यक्तियों को सम्मानित करके समाज के सामने आदर्श रखने वाली %सूर्यदत्त% संस्था का सम्मान समारोह एक प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि यहां निश्चित ही भविष्य के अच्छे नागरिक बनाने का कार्य हो रहा है। देश की प्रगति के पंख वाली युवा पीढ़ी को दिशा देने का कार्य %सूर्यदत्त% संस्था और चोरडिया दंपति कर रहे हैं।

बाणेर स्थित बंटारा भवन में आयोजित समारोह में परमवीरचक्र विजेता सूबेदार मेजर संजय कुमार, ज्येष्ठ मूर्तीशास्त्र अभ्यासक डॉ. गो.बं. देगलूरकर, बॉलीवुड अभिनेताद्वय रज़ा मुराद, सचिन पिळगावकर, ज्येष्ठ अभिनेत्री जया प्रदा, सिस्टर लुसि कुरियन, लेफ्टनंट जनरल अशोक आंब्रे, संगीतकार अबू मलिक, सूर्यदत्त एज्युकेशन फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष प्रो. डॉ संजय बी. चोरडिया, उपाध्यक्ष सुषमा चोरडिया, सहयोगी उपाध्यक्ष स्नेहल नवलखा, डॉ. किमया गांधी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षित कुशल सहित सूर्यदत्त% के सभी विभागों के संचालक, प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी, विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

इन्हें मिला सम्मान और पुरस्कार : कार्यक्रम में आचार्य डॉ. लोकेशमुनिजी को %सूर्यभूषण ग्लोबल पीस अवॉर्ड 2025% से सम्मानित किया गया। इस वर्ष का %सूर्यदत्त राष्ट्रीय जीवनगौरव पुरस्कार% परमवीरचक्र विजेता सूबेदार मेजर संजय कुमार, ज्येष्ठ मूर्तीशास्त्र अभ्यासक डॉ. गो.बं. देगलूरकर, प्रसिद्ध अभिनेता सचिन पिळगावकर, अवकाश शास्त्रज्ञ डॉ. नरेंद्र भंडारी, सामाजिक कार्यकर्ता व साहित्यिक सीए डॉ. अशोककुमार पगारिया, नीलकंठ ज्वेलर्स के दिलबागसिंह बीर, वैद्यकीय सामाजिक सेवा प्रदान करने वाले डॉ. सदानंद राऊत, उद्योजक मयूर वोरा, मयूर शाह को, जबकि %सूर्यदत्त राष्ट्रीय पुरस्कार% पर्यावरणविद पद्मश्री चैतराम पवार, पूर्व सांसद व ज्येष्ठ अभिनेत्री जया प्रदा, अभिनेत्री स्मिता जयकर, क्रस्ना डायग्नोस्टिक के राजेंद्र मुथा, वैश्विक व्यापार विशेषज्ञ सागर चोरडिया, सहकार विशेषज्ञ डॉ. शिवाजीराव डोले, प्रेरक वक्ता राहुल कपूर जैन, उद्योजक इंद्रनील चितळे, सामाजिक कार्यकर्ता किशोर खाबिया, कृषि उद्योजक सुनील वाघमोडे को, जबकि %सूर्यदत्त नॅशनल यंग अचिव्हर अवॉर्ड% स्टार्टअप और उद्यमिता के लिए जैनम और जीविका जैन को सम्मान प्रदान किया गया। %सूर्यदत्त% के छात्रों द्वारा बनाए गए खास उपरणे, मानचिन्ह और मानपत्र देकर पुरस्कार्थीना सम्मानित किया गया।

पुरस्कार भारतीय सेना को समर्पित : डॉ. गो.बं. देगलूरकर ने कहा, यह कार्यक्रम बहुत ही अच्छा है, सूर्यदत्त शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित संस्था है। %तमसो मा ज्योतिर्गमय% इस ध्येय पर यह संस्था काम करती है। उन्होंने कहा कि अंतिम सांस तक ज्ञान प्राप्त करते रहना चाहिए। समाज के अच्छे लोगों को ढूंढकर उन्हें सम्मानित करने का काम चोरडिया दंपति निर्मल मन से कर रहे हैं। सचिन पिळगावकर ने कहा, जीवन में ईश्वर और दर्शकों का आशीर्वाद भरपूर मिला। दर्शकों को लगातार कुछ नया, मनोरंजन करने वाला देने की भावना से काम करता आया हूं। नए निर्माताओं को सहयोग करने की मेरी भावना है। वे बोले, स्त्री पुरुष से श्रेष्ठ होती है। अपनी माता, पत्नी, बेटी का बहुत योगदान होता है। सूर्यदत्त इन्स्टिट्यूट्स से आदर्श पीढ़ी बनाने का काम हो रहा है। यह पुरस्कार भारतीय सेना को समर्पित करता हूं। इस दौरान सूबेदार मेजर संजय कुमार ने कहा, देश में विद्यार्थियों के मन में राष्ट्रभक्ति का, ज्ञान का दीपक जलाने का काम सूर्यदत्त संस्था कर रही है। शिक्षा जीवन में आने वाली कठिनाइयों पर काबू पाने के लिए उपयोगी होती है। यह सम्मान मेरा अकेला नहीं, बल्कि सैन्य दल के मेरे प्रत्येक सहकर्मी का है। देश के लिए हमेशा समर्पित भावना रखनी चाहिए।

लूसी कुरियन ने कहा, समाज के अनाथों के लिए काम करने की प्रेरणा मिली। माहेर संस्था से आज सैकड़ों विद्यार्थी बने, इसका आनंद है। इस कार्य में कई अच्छे लोगों का साथ मिलता है। इस दौरान रज़ा मुराद ने कहा, सूर्यदत्त संस्था विद्यार्थियों की जड़ें हैं। माता-पिता बहुत परिश्रम करके आपको पढ़ाते हैं। इसलिए आपको बनाने वाले माता-पिता, शिक्षा संस्था को कभी नहीं भूलना चाहिए। भारतीय संस्कार, मूल्य बहुत महान हैं। इन मूल्यों और संस्कारों की शिक्षा इस संस्था में दी जाती है। इसलिए भविष्य की पीढ़ी अच्छी बनेगी इसमें कोई संदेह नहीं है।

जया प्रदा ने कहा, समाज में सेवा करने का अवसर मिले तो छोड़ना नहीं चाहिए। तेरह वर्ष की अवस्था में चित्रपट जगत में आई थी। चित्रपट जगत और राजनीति से समाज की सेवा करने का संतोष है। पद्मश्री चैतराम पवार ने जंगल, जल, जमीन, जन और पशुधन का महत्व बताया। राहुल कपूर जैन ने प्रेरक वक्तव्य से उपस्थित लोगों को प्रभावित किया। इंद्रनील चितळे ने टीम वर्क, चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाने की तैयारी जरूरी बताई।

पुरस्कार प्रेरणा और ऊर्जा देने वाला.. इससे पूर्व स्वागत वक्तव्य में प्रो. डॉ. संजय बी. चोरडिया ने कहा कि यह पुरस्कार समारोह छात्रों को प्रेरणा और ऊर्जा देने वाला है। दीपस्तंभ की तरह कार्य करने वाले समाज के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तियों को पिछले तेईस वर्षों से सूर्यदत्त जीवनगौरव और सूर्यदत्त राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। सभी के लिए सर्वांगीण विकास की शिक्षा इस ध्येय को लेकर सूर्यदत्त पिछले 27 वर्षों से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि विभिन्न उपक्रमों के माध्यम से छात्रों के व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा दिया जाता है। सीए अशोककुमार पगारिया, राजेंद्र मुथा ने भी विचार व्यक्त किए। सभी मान्यवरों ने पुरस्कार प्राप्त व्यक्तियों की प्रशंसा की और सूर्यदत्त संस्था के कार्यों को शुभकामनाएं दी। डॉ. श्वेता राठोड-कटारिया ने संचालन किया। स्नेहल नवलखा ने सभी का आभार जताया।

लालगंज सीएचसी में डॉक्टरों की क्रूरता से परेशान पत्रकारों ने

राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के जिला अध्यक्ष श्री दुर्गेश अवस्थी जी के नेतृत्व में प्रभारी मंत्री श्री राकेश सचान एवं पुलिस अधीक्षक एवं डीएम महोदय को दिया ज्ञापन

केसरिया हिन्दुस्तान

रायबरेली लालगंज में दवा कराने गए पत्रकारों को महमूली बात को लेकर सीएचसी डॉक्टरों ने पत्रकारों को दौड़ा दौड़ा कर मारा वा बंदी बनाए जाने को लेकर लालगंज थाने में शिकायती पत्र दिया जिसमें थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने पत्रकारों को धमकी देकर विडियो वा फोटो डिलीट करा दिया जिससे नाराज पत्रकारों ने आज सोमवार 10/02/2025 को राष्ट्रीय पत्रकार

सुरक्षा परिषद संगठन के पदाधिकारियों द्वारा जिला अध्यक्ष दुर्गेश अवस्थी के नेतृत्व में रायबरेली प्रभारी राकेश सचान एवं पुलिस अधीक्षक एवं डीएम महोदय को ज्ञापन देकर पत्रकारों की सुरक्षा की मांग की हैं और लालगंज सीएचसी के डाक्टर गौरो पाण्डेय सत्यजीत जैसे गुर्गों को सज़ा दिलाने की मांग की गई है वहीं प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने मामले को संज्ञान में लेते हुए कोतवाल को मामले को गंभीरता से जांच करने का आदेश दिया है

विद्युत विभाग के एसडीओ का गजब खेल घूंस की मोटी रकम ड्राइवर को दिलाकर उपभोक्ता को टरकाया - शिकायत

केसरिया हिन्दुस्तान

कौशाम्बी। चायल तहसील के सराय अकिल बिजली विभाग के एसडीओ ने भ्रष्टाचार की सीमा लांघ दिया। यह आरोप क्षेत्र के ही रहने वाला एक उपभोक्ता का है।उसने बताया 2 माह पूर्व वह बिजली का बकाया बिल सराय अकिल पावर हाउस गया था। तभी वहां बैठे आपरेटर ने उपभोक्ता आकाश केसरवानी से कहा कि आपका विद्युत बिल 42000 है संशोधन होने के बाद 36000 रुपए होगा। तभी यह नजारा देखकर आकाश को एसडीओ विनय सिंह ने अपने चेंबर में बुलाया और कहा कि यदि आप तीस हजार रूपए जमा करें तो आज की डेट पर आपकी बिजली का बिल जीरो हो जायेगा। अधिकारी की सलाह पर आकाश ने विश्वास जताते हुए तीस हजार लेकर एस डी ओ विनय सिंह के पास पहुंच गए।और सराय अकिल एसडीओ को देने लगे तभी एसडीओ ने कहा मेरा ड्राइवर बाहर गाड़ी में बैठा उसे दे दो।आकाश ने बाहर बैठे एसडीओ के ड्राइवर को तीस हजार रुपए देकर पुनः घर वापस चला गया। कुछ दिन के बाद जब आकाश अपनी बिल चेक करवाया तो उसमें बिल पूरा का पूरा बकाया है। मीटर रीडिन की रसीद देखकर आकाश के होश उड़ गए।इस पर उपभोक्ता आकाश ने एसडीओ से बात की। एसडीओ लगातार आश्वासन देते रहे।कुछ दिन पूर्व एसडीओ विनय सिंह ने आकाश को अपने चेंबर में बुलाया और कहा कि मेरा ड्राइवर छुट्टी पर गया है दोबारा रकम लाकर अपना बिल जमा कर लो ताकि छूट का फायदा मिल सके।जब ड्राइवर छुट्टी से वापस आएगा तो तो मैं आपका तीस हजार रुपए वापस करा दूंगा।इस पर आकाश ने सोमवार को जिले के अपर जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देते एसडीओ पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग किया।

पांच वर्ष के गुम हुए नाती की अपहरण की बुजुर्ग ने जताई आशंका, दर्ज मुकदमे की जांच में पुलिस पर जांच में रुचि न लेने का लगाया आरोप

एटा जनपद के मारहरा थाना क्षेत्र समसपुर निवासी एक बुजुर्ग एटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने मार्च माह वर्ष 2024 में अचानक गुम हुए पांच वर्षीय नाती की अपहरण किए जाने की आशंका जताते हुए एस एस पी एटा से बच्चे की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा ने फरियाद सुनते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है।हालांकि मामले में मामले में मारहरा थाने पर एफ आई आर दर्ज है और पुलिस जांच कर रही है।अभी तक पुलिस के हाथ खाली है ।बुजुर्ग ज्योति सिंह पुत्र मेघ सिंह निवासी समसपुर थाना मारहरा ने एटा के एसपी श्याम नारायण सिंह को लिखित शिकायती पत्र सौंपते हुए अपने नाती जयेश को सकुशल बरामद करने की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार मार्च 2024 में 5 वर्षीय जयेश अचानक खेलते खेलते घर से गायब हो गया था। परिजनों के काफी



तलाशने के बाद जब वह नहीं मिला तो उन्होंने मारहरा कोतवाली में गुमशुदगी की दर्ज कराई।बाद में अज्ञात के विरुद्ध एफ आई आर पंजीकृत करवाई गई।बुजुर्ग ने गांव के ही नामजद लोगों के विरुद्ध अपहरण कर नाती को गायब करने की शिकायत की है।और एटा एटा पुलिस से सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।लंबी प्रक्रिया चलती रही इसलिए पालीग्राफ टेस्ट के लिए डाल दिया।ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम भी जांच कर रही है पर आज तक कोई पता नहीं चला।शिकायतकर्ता जोध सिंह ने जानकारी देते हुए बताया मार्च 2024 से नाती गायब है मोहल्ले की एक लड़की ने जिसे गायब कर दिया है। पुलिस से शिकायत करने के बाद भी अभी तक नाती का कोई अता-पता नहीं लगा है आज एटा के एसपी से मिले हैं उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द ही आपके नाती को तलाश कर लिया जाएगा।

आगामी बोर्ड परीक्षाओं को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने विद्यालयों के प्राचार्यो के साथ बैठक आयोजित कर दिए दिशा निर्देश

विपिन मित्तल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

औरैया। जिलाधिकारी डा0 इन्द्रमणि त्रिपाठी ने हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा को जनपद में सकुशल शांतिपूर्ण एवं सुचिता पूर्ण व नकल विहीन संपन्न कराए जाने के लिए केंद्र व्यवस्थापकों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में आयोजित बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा में दी गई जिम्मेदारी को पूरी सजगता के साथ निभाते हुए अंजाम दे और आपसी समन्वय के साथ किसी आने वाली चुनौती को निष्पक्ष होकर निस्तारित करे जिससे परीक्षा की सुचिता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने

कहा कि सभी लोग जिम्मेदार है इसमें किसी प्रकार की कोई शिथिलता और अनियमितता न हो इसलिए निर्धारित समय और व्यवस्थाओं सहित परीक्षा को सम्पन्न कराये। उन्होंने सभी केंद्र व्यवस्थापकों से कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा संचालित रहे एवं डीवीआर सही तरह से चले इसका आप विशेष ध्यान दें इसके अलावा शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, फर्नीचर, बाउंड्री वॉल बैठने की समुचित व्यवस्था कराई जाए। परीक्षा केंद्र के एक किलोमीटर के अंतर्गत फोटोकॉपी मशीन संचालन भी प्रतिबंधित रहेगा एवं सुरक्षा कर्मियों के अलावा केंद्रों पर शस्त्र अंदर ले जाना वर्जित है, परीक्षा केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन, कैलकुलेटर आदि कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूर्णतया प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि जो परीक्षा संपन्न कराने के लिए बोर्ड द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं उसी के अनुसार परीक्षा को सकुशल संपन्न कराना है। जिला विद्यालय निरीक्षक जीएस राजपूत ने कहा कि पूर्व में भी आप लोगों द्वारा बोर्ड की परीक्षाएं संपन्न कराई गई है बोर्ड परीक्षाएं 24 फरवरी से 12 मार्च 2025 तक संपन्न कराई जाएगी। परीक्षाएं प्रथम पाली में प्रातः 8ः30 बजे से 11ः45 बजे तक एवं द्वितीय पाली में अपरान्ह 02ः00 बजे से 05ः15 बजे तक संपन्न कराई जाएगी?। जनपद में कुल 68 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं हाई स्कूल में 20840 परीक्षार्थी एवं इंटरमीडिएट में 21378 परीक्षार्थी, कुल 42218 परीक्षार्थी शामिल होंगे। तथा जिले में कंट्रोल रूम की स्थापना जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में की गई है।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर, उप जिलाधिकारी सदर राकेश कुमार, उप जिलाधिकारी अजीतमल हरिश्चंद्र, उप जिलाधिकारी बिधूना गरिमा सोनाकिया, क्षेत्राधिकारी सदर अशोक सिंह, प्रधानाचार्य कमलेश पाण्डेय सहित संबंधित केंद्र व्यवस्थापक आदि उपस्थित रहे।

रॉन्ग साइड से आ रहे ट्रेक्टर और कैंटर में हुई भीषण भिड़ंत, टुकड़ों में तब्दील हुआ ट्रेक्टर सवार की हुई दर्दनाक मौत

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव

एटा जनपद के पिलुआ थाना क्षेत्र के चौथा मील पर रॉन्ग साइड से आ रहा ट्रेक्टर और सामने से आ रही कैंटर के बीच भीषण भिड़ंत हो गई।हादसे में ट्रेक्टर बुरी तरह क्षतिगस्त हो गया ।बही ट्रेक्टर सवार की हादसे में गम्भीर रूप से घायल हो गया।सूचना पिलुआ थाना पुलिस को जैसे ही मिली चूंकि बार्डर एरिए का पिलुआ थाना है तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एटा स्थित जिला मेडिकल कालेज पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक परीक्षण के दौरान ट्रेक्टर सवार को मृत घोषित कर दिया है ।पुलिस ने सूचना ट्रेक्टर चालक के परिजनों को दी दौड़े दौड़े बदहवाश मौके पर जहां उनका रो रो कर बुरा हाल है।पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भिजवाया है।जानकारी के अनुसार देर रात अलीगढ़ की तरफ से यू पी 81 डी टी 2018 कंटेनर

अलीगढ़ की तरफ से आ रहा था तभी रॉन्ग साइड से आ रहे ट्रेक्टर से भिड़ंत हो गई ट्रेक्टर पर बैठे विवेक पुत्र वीरेश निवासी दारिगपुर गंभीर रूप से घायल हो गया अस्पताल पहुंचते पहुंचते उसने दम तोड़ दिया। फिलहाल पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया है। वहीं मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने क्षत्रिग्रस्त वाहनों को रास्ते से हटवाया हैं।और रास्ता खुलवाया है।

भाजपा मंडल सुसनेर की बैठक आज होगी आयोजित

दैनिक केसरीया हिंदुस्तान से मुस्तफा अली

सुसनेर। आज मंगलवार 11 फरवरी को दोपहर 1 बजे स्थानीय सोयतकलां मार्ग पर पुलिस थाने के सामने स्थित भाजपा चुनावी कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी मंडल सुसनेर में आगामी कार्यक्रमो को लेकर बैठक आयोजित होगी। उक्त बैठक में मे सुसनेर मंडल के सभी भाजपा कार्यकर्ताओ एवं पदाधिकारीयो, मंडल में निवासरत समस्त भाजपा जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, समस्त जनप्रतिनिधी, समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, सुसनेर मण्डल के सभी 12 ही शक्तिकेंद्र के संयोजक एवं सहसंयोजक, सुसनेर मण्डल के 77 ही मतदानकेन्द्र के अध्यक्ष एवं समिती सदस्यों सहित सुसनेर मंडल में निवासरत समस्त भाजपा कार्यकर्ताओ से अनिवार्य रूप से बैठक में उपस्थित होने का आग्रह भाजपा मंडल अध्यक्ष सजनसिंह कलारिया ने किया है। उक्त बैठक में आज 11 फरवरी मंगलवार को पार्टी के पितृ पुरूष एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई जाएगी।उक्त जानकारी पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ विष्णु भावसार ने दी।

एक लाख रुपये के लालच में की थी रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर की हत्या

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जयदेव यादव ब्यूरो चीफ मुरादाबाद

मुरादाबाद जनपद के मझोला थाना इलाके में हुई रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर की हत्या का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस के खुलासे में हत्या की वजह 1 लाख रुपये को हड़पना बताया है। दरअसल मझोला थाना इलाके में अभी कुछ दिन पूर्व रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर अंतेन्द्र सिंह की छत से गिरकर मौत का मामला सामने आया था। परिजनों के शक होने पर पुलिस को तहरीर देकर मकान बनाने वाले ठेकेदार और उसके साथियों पर हत्या का शक जाहिर किया था पुलिस ने जब इन लोगो से पूंछतांछ की तो परिजनों का शक हकीकत में बदल गया। रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर की छत से गिरकर मौत नही हुई थी बल्कि ठेकेदार और उसके साथियों ने मकान बनवाने के दौरान सब

इंस्पेक्टर द्वारा दिए गए 1 लाख रुपये हड़पने और हत्या के दौरान सोने की चैन नगदी पर हाथ साफ करना था। इस पूरे मामले में ठेकेदार ने बड़ी साजिश रचते हुए खुद ही सब इंस्पेक्टर की छत से गिर जाने की सूचना उसके परिजनों को दी थी परिजनों द्वारा जब अंतिम संस्कार के दौरान उनके सोने की चेन हाथ की अंगूठी न होने पर शक जाहिर किया गया तो उन्होंने वहां लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। सब इंस्पेक्टर के छत से गिरने के दौरान ठेकेदार में एकमात्र अपने आप को वहां मौजूद होने की बात कही थी लेकिन सीसीटीवी में वहां कई लोग आ जा रहे थे जिससे पुलिस का शक और भी गहरा हो गया। पुलिस ने जब इन लोगों से पूछताछ की तो इस हत्या का खुलासा हुआ पुलिस ने हत्या के मामले में रविन्द्र प्रजापति, विपिन कुमार, संजय सिंह, को गिरफ्तार किया है।